दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 198 | जयपुर | शुक्रवार, 23 मई, 2025 | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष एकादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan





## ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक जनसभा का साक्षी बना राजस्थान

# पाकिस्तान को आतंक की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी, ये सिर्फ आक्रोश नहीं, समर्थ भारत का नया रूप है : मोदी

## ऑपरेशन सिंदूर से पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य से गौरवान्वित : सीएम शर्मा

## 26 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक कामयाबी के बाद बीकानेर में पलाना (देशनोक) की धरती पर गुरूवार को पहली बार विशाल जनसभा को सम्बोधित किया। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को दो टूक संदेश देते हुए कहा कि अब हर आतंकी हमले की पाकिस्तान को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और ये कीमत पाकिस्तान की सेना और पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुकाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत से सीधी लड़ाई पाकिस्तान कभी नहीं जीत सकता। जब भी सीधी लड़ाई होती है तो बार-बार पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ती है। इसलिए पाकिस्तान ने पिछले कई दशकों से आतंकवाद को भारत के खिलाफ लड़ाई का हथियार बनाया हुआ है। आजादी के बाद पाकिस्तान आतंक फैलाता था, निर्दोष लोगों की हत्याएं करता था, भारत में डर का माहौल बनाता था। लेकिन पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है।

### मोदी की नसों में गर्म सिंदूर बह रहा है

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी का दिमाग ठंडा रहता है लेकिन लहू गर्म रहता है और अब तो मोदी की नसों में गर्म सिंदूर बह रहा है। उन्होंने साफ कहा कि भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को अब महंगा पड़ेगा। पाकिस्तान के साथ न तो व्यापार होगा, न ही बातचीत होगी।

यदि बात होगी तो सिर्फ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को वापस लेने की। उन्होंने चेतावनी दी कि पाकिस्तान ने अगर आतंकियों को एक्सपोर्ट करना जारी रखा तो उसको पाई-पाई के लिए मोहताज होना होगा। पाकिस्तान को भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि ये भारत का संकल्प है और दुनिया की कोई ताकत हमें इस संकल्प से डिगा नहीं सकती।



## प्रधानमंत्री के अभूतपूर्व नेतृत्व में रखी जा रही नए भारत की नींव : सीएम शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के संकल्प ने एक नए भारत की नींव रखी है। उन्होंने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर की सफलतापर बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नए भारत की सैन्य ताकत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों और एयरबेसों को मिट्टी में मिला दिया। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरा देश भारतीय सेना के शौर्य से गौरवान्वित हो उठा। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों के लिए वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम-2 के लिए स्वीकृति प्रदान की है, जिससे सीमावर्ती गांवों के लोगों को मुख्य धारा में लाकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने एवं आजीविका के पर्याप्त अवसर प्रदान करने का कार्य किया जा सकेगा।

### राम जल सेतु लिंक परियोजना और यमुना जल समझौते के लिए प्रधानमंत्री का आभार-

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार से प्रदेशवासियों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा आज हुए महत्वपूर्ण परियोजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन एवं लोकार्पण से राजस्थान सहित पूरे देश के विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू हुए तथा अल्प समय में ही सवा तीन लाख करोड़ रुपये के प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है।

### 22 अप्रैल के हमले का जवाब 22 मिनट में

प्रधानमंत्री ने कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछकर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। वो गोलियां पहलगाम में चली थीं लेकिन उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हर देशवासी ने एकजुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे और उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे। उन्होंने कहा कि देशवासियों के आशीर्वाद से और देश की सेना के शौर्य से हम सब उस प्रण पर खरे उतरे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दी और तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े। 22 तारीख के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह कर दिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया ने और देश के दुश्मनों ने भी देख लिया कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है। श्री मोदी ने कहा कि जब दिल्ली से यहां आया तो बीकानेर के नाल एयरपोर्ट पर उतरा। पाकिस्तान ने इस एयरबेस को भी निशाना बनाने की कोशिश की थी लेकिन वो इस एयरबेस को रत्तीभर भी नुकसान नहीं पहुंचा पाया।

### विकसित भारत के लिए सुरक्षा और समृद्धि दोनों जरूरी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए सुरक्षा और समृद्धि, दोनों जरूरी हैं। ये तभी संभव है, जब भारत का कोना-कोना मजबूत होगा। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में 26 हजार करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करते हुए कहा कि आज देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने का बहुत बड़ा महायज्ञ चल रहा है। उत्तर में चिनाब ब्रिज, पूर्व में अरुणाचल की सेला टनल, असम का बोगीबिल ब्रिज, पश्चिम में मुंबई में समंदर पर बना अटल सेतु, दक्षिण में पंबन ब्रिज जैसे विकास कार्यों को देखकर दुनिया भी हैरान है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 साल में देश के सड़क, एयरपोर्ट, रेल नेटवर्क और रेलवे स्टेशनों को आधुनिक बनाने के लिए अभूतपूर्व गति से काम किया गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों पर पहले की तुलना में देश में अब 6 गुना ज्यादा खर्च किया जा रहा है। वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत जैसी ट्रेनें देश की नई गति और प्रगति को दर्शाती हैं। आज देश के दूर-दराज के इलाकों में भी आधुनिक रेल पहुंची है। उन्होंने कहा कि देश में 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों को भी आधुनिक बना कर अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। ''विकास भी...विरासत भी'' की झलक बिखेरते, स्थानीय कला-संस्कृति के प्रतीक ऐसे 100 से अधिक अमृत भारत स्टेशन आज बनकर तैयार हैं।

## राजस्थान बोर्ड 12वीं के रिजल्ट में लड़कियां टॉपर

### मजदूर का बेटा साइंस में लाया 99.20%; टॉर्च की रोशनी में पढ़ाई करके आर्ट्स में लाई 97.80 नंबर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी हो गया। बोर्ड एडमिनिस्ट्रेटर महेशचंद शर्मा ने विज्ञान, कला और वाणिज्य संकायों का रिजल्ट एक साथ जारी किया। साइंस का रिजल्ट 98.43%, कॉमर्स का 99.07% और आर्ट्स का 97.78% रहा। तीनों सब्जेक्ट में गर्ल्स टॉपर रही हैं। आर्ट्स में 4 छात्राओं अनुप्रिया राठौड़, प्रगति अग्रवाल, प्रियंका और उर्मिला के 99.60% नंबर आए हैं। कॉमर्स में कंगना के 99.20% और साइंस में प्रीति के 99.80% नंबर आए हैं।

**जयपुर की काशवी शर्मा के 12वीं कॉमर्स में 99.00%**-राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परिणाम जारी हो गया है। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने अजमेर स्थित बोर्ड कार्यालय से ऑनलाइन जुड़कर परिणाम की घोषणा की। बोर्ड ने तीनों सब्जेक्ट का परिणाम एक साथ जारी किया। एन के पब्लिक स्कूल की छात्रा काशवी शर्मा ने कॉमर्स में 99% अंक हासिल किए।

# राजस्थान में ट्रैफिक में तैनात महिला पुलिस के लिए नही है शौचालय

### उन दिनों की मजबूरी कैसे करें ड्यूटी विभाग को नही दिखती पीड़ा

### 12 घंटे की ड्यूटी करती, पीरियड्स में पैड बदलने और टॉयलेट के लिए भटकती

- ट्रैफिक पॉइंट पर महिला कांस्टेबलों के लिए नही है शौचालय की व्यवस्था
- महिला कांस्टेबलों को पेट्रोल पंप या किसी के घर में जाना पडता शौचालय के लिए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (रोहित सैनी)।** राजस्थान पुलिस में महिला पुलिसकर्मियों को ट्रैफिक व्यवस्था में पुरूषों के समान 12 घंटे की ड्यूटी तो करवाई जा रही है। लेकिन सुविधाओं के नाम पर महिला पुलिसकर्मियों के लिए शौचालय भी नही है। इस कारण महिला कांस्टेबलों को काफी समस्या से झूझना पड़ रहा है। खसतौर पर पीरियड्स के समय ड्यूटी के दौरान महिला कांस्टेबलों को सैनिटरी पैड बदलने के लिए पेट्रोल पंप, नीजी कॉम्पलैक्स या किसी के घर में जाना पड़ता है। कई बार मकान मालिक इंकार भी कर देते है। राज्य के जिलों में लगभग 950 ट्रैफिक पॉइंट है इनमें से राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा 200 ट्रैफिक पॉइंट है। लेकिन इनमें से भी पॉइंट पर शौचालय की व्यवस्था नही है। महिला कांस्टेबलों ने बताया कि हर महीने यातायात पुलिस की मीटिंग में अधिकारियों को समस्या के लिए अर्जी दी जाती है पर अधिकारी संज्ञान नही ले रहे। वहीं पुलिस अधिकारी महिला कांस्टेबलों की समस्या को गंभीर तो बता रहे है। लेकिन समाधान के लिए कुछ नही कर पा रहे।

### ड्यटी छोड़कर जाना पड़ता घर

यातायात पुलिस के अनुसार शहर में कई ट्रैफिक पॉइंट ऐसे है जिनके आस-पास शौचालय की काई व्यवस्था नही है। इस कारण रोजाना महिला कांस्टेबलों को शौचालय के लिए ड्यूटी छोड़कर घर जाना पड़ता है।

### फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| 950 | ट्रैफिक पॉइंट है राजस्थान में |
| 200 | ट्रैफिक पॉइंट है जयपुर में |
| 800 | महिला कांस्टेबल तैनात है राज्य के ट्रैफिक पॉइंटों पर |
| 150 | महिला कांस्टेबल तैनात जयपुर में |
| 30 | पॉइंट ऐसे जहा शौचालय की कोई व्यवस्था नही |

### इन स्थानों पर नही व्यवस्था

राजापार्क चौराहा, गोपालपुरा, रामनिवासी बाग, गांधी नगर मोड, जेडिए सर्किल, बर्फखाना चौराहा, किसान मार्ग, दुर्गापुरा पुलिया, पुरानी चूंगी आगरा रोड, अशोका चौराहा और भावानी निकेतन

### इनका कहना-

महिला कांस्टेबलों की समस्या वास्तविक है। राज्य के ट्रैफिक पॉइंटों पर शौचालय बनवाने के लिए पुलिस विभाग प्रयास कर रहा है।

**-अनिल पालीवाल , एडीजीपी ट्रैफिक, राजस्थान पुलिस**


Tariq : 9509674415

Mahi Car Decor

- Seat Covers • Floor Mats
- Android Players • Speakers
- Center Locking • Power Windows
- Perfumes • Ambience Light

Manufacturer of Car Seat Covers




Chacha Complex, Jalupura Link Road, M.I.Road, Jaipur



सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# नहरबंदी हुई पूरी, लेकिन डिग्गीयो कि नहीं हुई सफाई

## साहवा जलदाय विभाग की डिग्गीयो में जमा पड़ी मिट्टी और गंदा पानी, सैकड़ों गाँवों के लोगो के स्वास्थ्य के साथ हो सकता है खिलवाड़

### ग्रामीणों ने लगाया विभागीय अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप

बढ़ता राजस्थान



**साहवा (कृष्ण कुमार)।** गंधेली साहवा ग्रामीण जलप्रदाय योजना के सबसे बड़े हेडवर्क्स साहवा के परिसर में बनी पानी स्टोरेज डिग्गीयो की काफी समय से साफ सफाई नहीं होने से इसमें मिट्टी और गंदा पानी जमा पड़ा है जो जलजनित बीमारियों का कारण बनता जा रहा है डिग्गीयो के रुके हुए पानी के सप्लाई होने पर बीमारियां फैलने के खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसे में सैकड़ों गांवों के लोगो के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ होगा है लेकिन जलदाय विभाग अधिकारियों ने परिसर में बनी दोनों डिग्गियों की सफाई की करवाने की तरफ अभी तक ध्यान नहीं दिया है। हालांकि अब नहरबंदी का समय भी पूरा हो चुका है और रात्रि तक नहर का पानी साहवा पहुंचने की संभावना है ऐसे में अब डिग्गीयो कि सफाई होना भी नामुमकिन लगता है। ललानिया से आने वाला रॉ वाटर डिग्गीयो में छोड़े जाने से, पहले से भरा पड़ा गंदा पानी और मिट्टी जमा होने से यह पानी सप्लाई किए जाने पर आमजन के स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक साबित हो सकता है ऐसे में जलदाय विभाग के अधिकारियों को चाहिए था कि नहरबंदी के दौरान समय रहते दोनों डिग्गीयो कि अच्छे से साफ सफाई करवाकर डिग्गियों में जमा पड़ी मिट्टी और गंदे पानी को निकाल दिया जाता ताकि नहरबंदी के बाद आने वाले साफ पानी को इन डिग्गीयो में स्टोरेज किया जा सके।

**जंगल जैसे बने हालात :** कस्बे के जलदाय विभाग परिसर में बड़े तादाद में उगी घासफूस और झाड़ झंखाड़ से यहां जंगल जैसे हालात बने हुए है। पानी स्टोरेज डिग्गीयो के चारों और जंगल और बीहड़ जैसी स्थिति बनी हुई है ऐसे में विभागीय कर्मचारी भी यहां जाने से कतराते है। डिग्गियों के पास बने पंप को चलाने के लिए रात्रि के समय कभी भी कर्मचारियों को जाना पड़ सकता है ऐसे में किसी के साथ अनहोनी घटना होने का अंदेशा बना रहता है तथा बीते वर्षों में यहां जंगली जानवर घुस आने जैसी घटना के बाद परिसर के आस पास के घरों के लोग भी डर के खोप में रहते है। कस्बेवासियों का कहना है कि विभाग को संपूर्ण परिसर की अतिशीघ्र ही साफ सफाई करवाने की तरफ ध्यान देना चाहिए।

**विभागीय अव्यवस्थाओं के चलते हो चुके धरना प्रदर्शन :** साहवा जलदाय विभाग हेडवर्क्स पर फिल्टर प्लांटों के खराब होने से गंदा पानी सप्लाई होने, पानी स्टोरेज की डिग्गीयो कि समय पर सफाई नहीं होने, ठेकेदारों द्वारा विभागीय कार्यों में अनियमितता कर भ्रष्टाचार करने सहित अनेक मांगों को लेकर पिछले दिनों ग्रामीणों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था जिस पर विभागीय अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओ में सुधार किए जाने का आश्वासन दिया था लेकिन आज भी कमोबेश वही हालात बने हुए है।

#### अधिकारियों की अनदेखी

जलदाय विभाग हैडवर्क्स साहवा में अव्यवस्थाओ की तरफ अधिकारी आँखें मूंद कर बैठे है मिली जानकारी अनुसार गुरुवार को अधिशाषी अभियंता तारानगर ने जलदाय विभाग के फिल्टर प्लांटों का निरीक्षण किया। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारी निरीक्षण के नाम पर फोटो सूट कर इतिश्री करते है जबकि जलदाय विभाग परिसर में फैले जंगल और डिग्गीयो कि साफ सफाई करवाने सहित अनेक अव्यवस्थाओं को जानबूझकर अनदेखा किया जाता है।

## 30 घंटे की नॉन-स्टॉप एसीसीए क्लासेस का पीएफसी एज्युकेशन फिर रचने जा रहा है इतिहास



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** शहर का गौरव पीएफसी एज्यूकेशन जो एसीसीए का गोल्ड लर्निंग पार्टनर है, एक बार फिर शिक्षा की दुनिया में कीर्तिमान स्थापित करने को तैयार है। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके इस संस्थान ने पहले भी कई ऐतिहासिक पहल की हैं और अब बारी है एक नए रिकॉर्ड की। 30 घंटे की लगातार एसीसीए रिवीजन क्लासेस होगी। जिसमें न थमेगा उत्साह, न रुकेगा ज्ञान। पीएफसी एज्यूकेशन की निदेशक मीनाक्षी भेरवानी ने बताया कि इस विशेष पहल का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा की तैयारी में नई ऊर्जा देना, उन्हें प्रेरित करना और रिवीजन को और भी सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि विशेष बात यह है कि पीएफसी एज्यूकेशन द्वारा पहले आयोजित की गई 24 घंटे की नॉन-स्टॉप टीचिंग क्लास, जो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनी थी। वह पूर्ण रूप से मीनाक्षी भेरवानी द्वारा अकेले ही ली गई थी। यह न केवल उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि छात्रों के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण भी है। अब एक और नया अध्याय शुरू होने जा रहा है 30 घंटे की लगातार क्लासेस का। जो पीएफसी कैंपस में लाइव आयोजित होगी। एसीसीए छात्रों के लिए पूरी तरह फ्री रहेगी। इन क्लासेस का संचालन मीनाक्षी भेरवानी करेगी। उन्हें गुंजन वाधवानी,रविशा कोठारी सहयोग करेगी। पीएफसी के बाहर के एसीसीए स्टूडेंट्स भी इन क्लासेस में रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। यदि आप किसी अन्य संस्थान से पढ़ाई कर रहे हैं लेकिन इस ऐतिहासिक क्लास का हिस्सा बनना चाहते हैं, तो आपके लिए दरवाज़े खुले हैं।

## मंडावरा रोड पर डेढ़ वर्षों से जलभराव और गंदगी से परेशान लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

### नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ जोरदार की नारेबाजी

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** मंडावरा रोड पर डेढ़ वर्षों से जलभराव और गंदगी से परेशान लोगों का सब्र गुरुवार को टूट गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुए विरोध-प्रदर्शन में 6 वार्डों के महिला-पुरुषों ने हिस्सा लिया और सड़क पर टेंट लगाकर नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।बांस की बल्लियां लगाकर रोकी वाहनों की आवाजाहीप्रदर्शनकारियों ने सड़क के दोनों तरफ बांस की बल्लियां लगाकर आवागमन बंद कर दिया। प्रदर्शनकारी मंडावरा रोड के डिवाइडर पर टेंट लगाकर बैठ गए और प्रशासनिक लापरवाही के खिलाफ नारे लगाए। उनका कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।गंदा पानी घरों में घुस रहा, बीमारी का खतरा बढ़ा स्थानीय निवासी आरके शर्मा, दयावती, पवन और धीरज ने बताया कि जलभराव की वजह से घरों में गंदा पानी भर जाता है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और उपखंड अधिकारी को कई बार ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं निकला।6 कॉलोनियों के लोग हो रहे प्रभावित, पुलिस मौके पर पहुंचीप्रदर्शन की सूचना मिलते ही नई मंडी थाना प्रभारी और आरपीएस कुलदीप सिंह पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से समस्या की जानकारी ली और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बताया जा रहा है कि इस समस्या से करीब 6 कॉलोनियों के सैकड़ों लोग प्रभावित हो रहे हैं।स्थानीय निकायों की निष्क्रियता पर उठे सवालयह प्रदर्शन नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। जलभराव जैसी बुनियादी समस्याओं को लेकर लापरवाही अब जनआंदोलन का रूप ले रही है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन करने वाले मुदगल, पवन, धीरज,सूरज,मोहनलाल,दयावती, बबीता, सुषमा देवी,इंदिरा रामठेकेदार, सुरेश चंद्र मुद्गल, आदि कॉलोनी वासी मौजूद रहे।

## अवैध खनन के विरुद्ध प्रागपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो टैक्टर ट्रॉली सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने अवैध खनन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए दो टैक्टर ट्रॉली सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। कोटपूतली बहरोड़ एसपी राजन दुष्यंत ने बताया कि अवैध खनन/परिवहन एवं भण्डारण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिये सम्पूर्ण जिले में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने कि मुहिम में कोटपूतली एएसपी वैभव शर्मा व विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत के निर्देशन में गुरूवार को थानाधिकारी राजेश कुमार की अगुवाई में प्रागपुरा थाने में हैड कॉन्स्टेबल महावीर, कॉन्स्टेबल शीशराम व कॉन्स्टेबल मनोज कुमार की एक टीम का गठन किया गया था। इस टीम ने 22 मई 2025 को प्रागपुरा थाना क्षेत्र में अवैध परिहवन कर रहे दो टैक्टर ट्रॉलियों को जप्त कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सोहन लाल पुत्र श्योराम गुर्जर (28) व राजाराम पुत्र गोपीराम गुर्जर (30) दोनों कोटपूतली के अमाई निवासी हैं। उनके खिलाफ क्रमश: प्रकरण संख्या 189/2025 धारा 303 (2) बीएनएस 2023 व 21 (4) एमएमडीआर एक्ट, 190/2025 धारा 303 (2) बीएनएस 2023 व 21 (4) एमएमडीआर एक्ट दर्ज कर अनुसंधान जारी है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## ज्योतिषः विज्ञान और अध्यात्म का संगम-एक नई सोच, नया दृष्टिकोण पुस्तक का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** ज्योतिष को केवल अंधविश्वास मानने वालों के लिए यह पुस्तक एक नई सोच की दस्तक है। प्रख्यात लेखक और सलाहकार अनुराग अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तक ज्योतिषः विज्ञान और अध्यात्म का संगम आज एक विशेष समारोह में लॉन्च की गई। इस पुस्तक में लेखक ने हजारों वर्षों पुरानी भारतीय ज्योतिष विद्या को वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आध्यात्मिक गहराई से समझाने का प्रयास किया है। अनुराग अग्रवाल का मानना है कि ष्ज्योतिष न तो केवल भाग्य का खेल है और न ही केवल धार्मिक अनुष्ठानों का हिस्सा, यह एक वैज्ञानिक प्रणाली है जो समय, गति और ऊर्जा के गूढ़ संबंधों को समझाती है। पुस्तक में आधुनिक विज्ञान, खगोलशास्त्र और आध्यात्मिक अनुभवों को जोड़ते हुए यह बताया गया है कि कैसे ग्रहों की चाल और ब्रह्मांडीय ऊर्जा हमारे जीवन को प्रभावित करती है। साथ ही यह पुस्तक उन आम धारणाओं और भ्रांतियों को भी चुनौती देती है जो ज्योतिष को मात्र टोने-टोटके से जोड़कर देखती हैं। यह किताब न केवल ज्योतिष में रुचि रखने वालों के लिए उपयोगी है, बल्कि विज्ञान और दर्शन में गहरी सोच रखने वाले पाठकों के लिए भी एक अद्भुत अनुभव प्रदान करती है। सरल भाषा, रोचक उदाहरणों और गहन विश्लेषण से भरी यह पुस्तक अब बाजार में उपलब्ध है। यह किताब न सिर्फ भारत, बल्कि विदेशों में भी ज्योतिष को समझने वाले पाठकों के बीच चर्चा का विषय बन सकती है। लेखक अनुराग अग्रवाल एक सफल व्यवसायी, निवेशक और गहन सोच रख्सने वाले लेखक हैं। वे विज्ञान, दर्शन और भारतीय परंपराओं को आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करने के लिए जाने जाते हैं।

## बोहरा गणेश जी को मेडिकल केम्प व रक्तदान शिविर का निमंत्रण

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भीलों का बेदला, उदयपुर उदयपुर टेक्स बार एसोसिएशन,उदयपुर टेक्स बार चौरिटेबल सोसायटी व सुखलेचा चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 25 मई को विशाल नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श, भर्ती एवं रक्तदान शिविर का सूरजपोल मेवाड़ मोटर्स गली श्री जिनदत सूरी जैन धर्मशाला वासुपूज्य कॉम्प्लेक्स में आयोजित हो। जिसकी सफलता के लिये आज बोहरा गणेश जी को निमंत्रण दिया गया। उदयपुर टेक्स बार के अध्यक्ष एवं सुखलेचा चेरिटेबल ट्रस्ट के सचिव सीए गौतम सुखलेचा ने बताया कि आयोजन की सफलता के लिये आज टेक्स बार एसोसिएशन एवं सुखलेचा चौरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने बोहरा गणेश जी जा कर भगवान बोहरा गणेश को निमंत्रण दिया ताकि इस शिविर से अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो सकें। सुखलेचा ने बताया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर मेडिकल एवं ब्लड डोनेशन केम्प के होर्डिंग लगाये गये है। सुखलेचा ने बताया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर पेम्पलेट का वितरण किया जा रहा है ताकि जरूरमंद व्यक्ति एवं रोगी इस शिविर मैं पंजीयन करा कर इस शिविर का लाभ ले सकें।



## प्रागपुरा में चोरी की वारदातें, मोटरसाइकिल और जेवरात पार

बढ़ता राजस्थान

पावटा (सुशील कुमार बंसल)। प्रागपुरा थाना क्षेत्र में चोरी की दो अलग-अलग वारदातें सामने आई हैं। पहली वारदात में पावटा कस्बे में पंजाब नेशनल बैंक स्थित एक घर के सामने खड़ी हिरो होंडा की काले रंग की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पीड़ित सीताराम गेट ने पुलिस थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। दूसरी वारदात लाड़ाकाबास में हुई, जहां गोपाला स्कूल के पीछे उमराव गुर्जर के घर में सो रही महिला के जेवरात पार कर लिए गए। चोर यहाँ सोने का नथ और गले का मंगलसूत्र काटकर ले गए। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

दोनों वारदातों के बाद पुलिस थाने की गस्त पर सवाल उठ रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव लाडाकाबास ने भी पुलिस की गस्त पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि पुलिस को अपनी गस्त बढ़ानी चाहिए। पुलिस अब दोनों मामलों की जांच में जुटी है।

## ग्राम शिवनगर में ग्रामीणों ने निकाला सार्वजनिक रास्ता

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** नगर पालिका पावटा प्रागपुरा के राजस्व ग्राम शिवनगर में ग्रामीणों ने आपसी सहमति से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने पावटा से शिवनगर जाने वाले आम रास्ते को मिश्रा वाली कुआ तक 12 फुट चौड़ा सार्वजनिक रास्ता बनाने का निर्णय लिया है। इस रास्ते के निर्माण के लिए धन्शीराम यादव, मोहन लाल, फत्ताराम, रघुवीर आदि लोगों ने अपनी भूमि देने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त रास्ते में धन्शीराम यादव का मकान आ रहा है, जिसे भी स्वेच्छा से हटाया जाने का प्रस्ताव लिया गया है। ग्रामीणों ने कहा है कि भविष्य में कभी भी इस रास्ते पर अतिक्रमण कर बंद नहीं किया जायेगा। ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि यदि कोई भी व्यक्ति इस रास्ते को बंद करने की कोशिश करेगा, तो उसे समझाइस का प्रयास किया जायेगा। यदि वह व्यक्ति इस बात को नहीं मानता है, तो उसके खिलाफ कार्यवाही करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया जायेगा और सभी एकमत होकर न्यायालय के समक्ष अपना ब्यान प्रस्तुत करेंगे। इस निर्णय के दौरान पंचायत समिति सदस्य रामसिंह, वार्ड पंच रामू, महेश खारवाल, शंकर सिंह, धन्शीराम यादव, मोहन लाल, मुकेश, रघुवीर, शिवलाल, गोकुल, सुभाष, किशन, शिम्भू दयाल यादव समेत अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। ग्रामीणों की इस एकता की मिसाल से यह स्पष्ट होता है कि वे अपने गांव के विकास के लिए एकजुट हैं।

## रामलीला मैदान के पास स्थित पीलिया की कोठी शिवालय से चांदी के आभूषण व नगदी पार

### सुबह पुजारी मंदिर की पूजा करने आया तो मंदिर का गेट खुला मिला

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** रामलीला मैदान के पास स्थित पीलिया की कोठी शिवालय मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। मंदिर के पुजारी श्याम तिवारी को गुरुवार सुबह चोरी का पता चला। वे सुबह 5 बजे मंगला आरती के लिए मंदिर पहुंचे थे।पुजारी ने मंदिर का द्वार खुला पाया। अंदर जाने पर दान पेटी टूटी हुई मिली। दान पेटी से करीब 10 हजार रुपए की नगदी गायब थी। चोर भगवान की मूर्तियों पर चढ़ाए गए चांदी का मुकुट, शिव-पार्वती की प्रतिमा पर चढ़ाई गई चांदी की चुटकी और तोड़िया भी ले गए।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई रामखिलाड़ी ने जाब्ता लेकर मामले की जांच की। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र का भी अवलोकन किया है। इस घटना से मंदिर के श्रद्धालुओं में नाराजगी व्याप्त है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 23 वर्षीय युवती घर से लापता, गुमशुदगी दर्ज

बढ़ता राजस्थान

साहवा (कृष्ण कुमार)। पुलिस थाना क्षेत्र से एक युवती के घर लापता होने को लेकर गुरुवार को पुलिस थाना में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। साहवा थानाधिकारी रामप्रताप ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी 23 वर्षीय पुत्री बुधवार सुबह 8 बजे तारानगर हॉस्पिटल में उपचार करवाने का कहकर बस से रवाना हुई थी जिसके पास मोबाइल फोन भी था। पुत्री के वापिस घर नहीं आने पर मोबाइल पर कॉल किया तो उसका फोन स्विच ऑफ आ रहा था। लड़की की तलाश में रिश्तेदारी सहित अनेक स्थानों इधर उधर पूछताछ करने पर भी कोई पता नहीं चला। पुलिस ने युवती के पिता की रिपोर्ट पर गुमशुदगी दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल सोमवीर को सौंप दी।

## द्रोणाचार्य अवार्ड विजेता से मुलाकात : खेलों से संबंधित चर्चा की

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** ग्राम भांकरी निवासी फुटबॉल कोच हर्षवर्धन शर्मा और यशवर्धन शर्मा दोनों जुड़वा भाइयों ने द्रोणाचार्य अवार्ड और लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित भारतीय टीम के पूर्व बॉक्सिंग कोच जी. एस. संधू से मुलाकात की। इस दौरान दोनों भाइयों ने खेलों से संबंधित चर्चा की और अपने अनुभवों को साझा किया। जी. एस. संधू ने इस मुलाकात के दौरान कहा कि एक अच्छे कोच द्वारा तैयार किए गए खिलाड़ी कभी पीछे नहीं रहते। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी की जीत में कोच की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संधू ने सफलता के लिए कड़ी मेहनत की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि जैसे तैरने के लिए पानी में जाना होता है, वैसे ही सफलता के लिए मेहनत करनी पड़ती है। इस मुलाकात के बाद दोनों भाइयों को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिली हैं। हर्षवर्धन शर्मा और यशवर्धन शर्मा दोनों भाइयों ने इस मुलाकात को अपने लिए एक बड़ा सम्मान बताया और कहा कि इससे उन्हें अपने खेल को और भी बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया है। दोनों भाइयों ने अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में भी चर्चा की और कहा कि वे अपने खेल को और भी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। इस मुलाकात से दोनों भाइयों को अपने खेल को और भी बेहतर बनाने के लिए नई दिशा और प्रेरणा मिली है।

# नशा मुक्त जयपुर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए हर संभव प्रयास हो सुनिश्चित

## - जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को दिये निर्देश
## - कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नशा मुक्त जयपुर अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही, उन्होंने मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई हो साथ ही युवाओं को नशे की लत से दूर करने और दूर रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना का धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किये हैं। डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों को सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने वालों के साथ-साथ विद्यालयों एवं कॉलेजों के पास स्थित दुकानों पर तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों, दवा दुकानों की जांच करने एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री, तय सीमा से अधिक दवा बिक्री, बिना लाइसेंस के दवा बिक्री सहित अन्य अनियमितताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे की जद में आने से बचाने के लिए सघन जागरुकता अभियान चलाने पर जोर दिया। उन्होंने नशा मुक्त जयपुर अभियान को जन-जन का अभियान बनाने के लिए अधिक से अधिक युवाओं को अभियान के तहत ई-शपथ लेने के लिए प्रेरित करने भी निर्देश दिये। जिला पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आनन्द शर्मा ने बताया कि कोटपा अधिनियम, 2003 सिगरेट और तंबाकू से जुड़े उत्पादों पर नियंत्रण रखने के लिए बनाया गया है। इस अधिनियम के तहत, सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान करना, तंबाकू बेचना, और तंबाकू से जुड़े विज्ञापन करना मना है कोटपा अधिनियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना और जेल हो सकती है। उन्होंने बताया कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को तंबाकू एवं इससे बने नशीले पदार्थ बेचना निषेध है। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग द्वारा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को नशे के प्रवृति से दूर रखने के लिए विशेष जागरूकता अभियान ऑपरेशन नोक आउट भी चलाया जा रहा है। बैठक में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश व्यास ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 (एफ) के तहत नाकोटिक्स के मुकदमे के अपराधियों के विरुद्ध वित्तीय जांच करने का प्रावधान है। एक्ट के प्रावधानों के तहत इस मुकदमे के 6 साल पूर्व तक की अवधि में मादक पदार्थो के अवैध व्यापार से अर्जित संपत्तियों चाहे वह परिवार के किसी अन्य सदस्य के नाम पर हो अथवा बेनामी हो उसको सीज अथवा फ्रीज किया जा सकता है। एक्ट के तहत वाणिज्यिक मात्रा में बरामद मादक पदार्थों के तस्करों एवं ऐसी प्रवृत्तियों में अभ्यस्त तस्करों को एक साल तक जेल में निरुद्ध करने का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि आमजन मानस पोर्टल अथवा हेल्पलाइन नंबर 1933 पर ऐसे अपराधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। बैठक में जिला कलक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को जिले में बिना लाइसेंस के संचालित अवैध नशामुक्ति केन्द्रों पर प्रभावी कार्रवाई के एवं नवजीवन योजना के चिन्हित व्यक्तियों परिवारों को योजना के लाभांवित करने के लिए निर्देशित दिये। बैठक में औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वाले एवं प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने वाले दवा विक्रेताओं के खिलाफ लाइसेंस निलंबन एवं निरस्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) श्री संतोष कुमार मीणा सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, औषधि नियंत्रक विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, वन विभाग सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



# तिरंगा यात्रा में गूंज उठे देशभक्ति के तराने, भारत माता की जयघोष

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** चाकसू में ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता एवं भारतीय जवानों की बहादुरी के उपलक्ष्य में गुरुवार को यहां आदर्श विद्या मंदिर गणेशपुरी धाम से चाकसू विधायक रामावतार बैरवा, कृषि मंडी चाकसू के पूर्व अध्यक्ष कैलाश शर्मा,भाजपा नगर अध्यक्ष कृष्णा सैनी के सानिध्य में तिरंगा यात्रा निकाली गई।

डीजे एवं बैंड-बाजा पर देशभक्ति के तराने, यात्रा में शामिल भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों महिलाओं एवं किशोरियों के अलावा युवाओं के हाथों में लहराता तिरंगा, भारत माता के जयघोष संपूर्ण वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर रहे थे। मुख्य बाजार में जगह जगह ठंडे पानी की व्यवस्था पुष्प वर्षा का आयोजन रहा। यात्रा का समापन राधावल्लभ मंदिर पर भव्य आरती के बाद राष्ट्र गान के साथ हुआ। इस अवसर पर विधायक रामावतार बैरवा ने अपने संबोधन में कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र पूरी तरह सुरक्षित है। आतंकवादियों ने पहलगांव में कायरतापूर्ण तरिके से मां, बहनों का सिंदूर उजाड़ा ,उसका बदला भारतीय जवानों ने चार दिन में ही ले लिया, पाकिस्तान घुटनों पर आ गया।

ऑपरेशन सिंदूर भारत का गौरवमय इतिहास बन गया है। भाजपा नेता कैलाश शर्मा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का भारत सशक्त भारत है , अपने देश व देशवासियों की सुरक्षा के लिए किसी भी स्तर तक जाने में पूरी तरह सक्षम है। यात्रा में सभी समाज, समुदाय सभी वर्गों के लोगों के अलावा सामाजिक शैक्षणिक धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों के लोगो ने भी खुलकर भागीदारी निभाई।

## देवली शहर के नवनीत नागर श्री धाकड महासभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** श्री धाकड़ महासभा ने देवली निवासी नवनीत नागर को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया । इसी प्रकार श्री धाकड महासभा ने सूरज मल को जिला अध्यक्ष और हंसराज को मंत्री पद पर नियुक्त किया है। महासभा के रामेश्वर प्रसाद धाकड़ ने जानकारी में बताया कि श्री धाकड महासभा ने महासभा के राजस्थान इकाई कार्यकारिणी में देवली निवासी नवनीत नागर को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष,और सूरजमल धाकड़ को टोंक जिला अध्यक पद पर नियुक्त किया गया है। श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र नागर ने राजस्थान प्रदेश कार्यकारिणी का गठन करते हुए। इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नवनीत नगर को राजस्थान प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। और सूरजमल धाकड़ को टोंक जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है । श्री धाकड महासभा के राजस्थान अध्यक्ष इंदर सिंह धाकड़ ने इस अवसर पर कहा कि महासभा ने राजस्थान प्रदेश मैं 15 जिला अध्यक्षों को नियुक्त किया गया है। सभी जिला अध्यक्षों और कार्यकारिणी सदस्यों पदाधिकारी को समाज के विकास और समाज हित पर कार्य करने कि जिम्मेदारियां सोपी गई है। यहां नवनीत नागर के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बनने और सूरजमल के टोंक जिला अध्यक्ष बनने एवं हंसराज के मंत्री बनने पर स्थानीय धाकड़ समाज में खुशी की लहर दौड़ी गई है। इस अवसर पर समाज के लोगों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया है।

## कोमा में पिता, बहन की टूटी रीढ़ की हड्डी, फिर भी नहीं टूटी हिम्मत, निरमा गुर्जर ने विज्ञान वर्ग में 90.80प्रतिशत अंक हासिल कर रचा कीर्तिमान

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** संकटों की आँधी आई, घर के दीप बुझे, लेकिन एक बेटी ने हौसले की लौ जलाए रखी। उपखंड क्षेत्र चाकसू के भूगड़ियावास गाँव की बेटी निरमा गुर्जर ने 12वीं बोर्ड परीक्षा (विज्ञान वर्ग) में 90.80त्न अंक प्राप्त कर न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे गाँव और समाज का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया है। निरमा के पिता हरजीराम गुर्जर पिछले एक वर्ष से अधिक समय से एक सड़क दुर्घटना के चलते कोमा में हैं और आज भी उनका इलाज चल रहा है। परिवार के इस सबसे बड़े सहारे के यूँ असहाय हो जाने के बाद, मुश्किलों का अंत नहीं हुआ। उसी दौरान निरमा की छोटी बहन एक हादसे में पेड़ से गिरकर रीढ़ की हड्डी तुड़वा बैठी। घर में आर्थिक तंगी, मानसिक तनाव, और भावनात्मक संघर्ष - सब कुछ एकसाथ हुआ, लेकिन निरमा ने न हालात को कोसा, न हिम्मत छोड़ी। माँ कैला देवी, जो एक साधारण गृहिणी हैं, ने भी तमाम विपत्तियों के बीच बेटी का हौसला बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। निरमा आदर्श बाल विद्या मंदिर, शिवदासपुरा, चाकसू की छात्रा रही है। स्कूल के शिक्षकों के अनुसार, वह हमेशा से मेहनती और आत्मविश्वासी रही। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता-पिता और पूरे परिवार को दिया।

## साइबर शिल्ड के तहत कार्रवाई सात आरोपियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** बिंदायका थाना पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शिल्ड के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास डिजिटल डिवाईस और अन्य सामान मिला है। थानाधिकारी विनोद वर्मा ने बताया कि बिंदायका पुलिस ने दो स्थानों पर कार्रवाई है। पहली कार्रवाई में गांधी पथ से चक्रवर्ती सिंह,भूपेंद्र सिंह और प्रतीक सुथार को डिटेन किया। दुसरी कार्रवाई में भावेश शर्मा, हेमेंद्र सिंह कमलेश पटेल व सोहन सिंह को डिटेन किया। आरोपियों के पास 47 मोबाईल, सात लैपटॉप, तीन वाईफाई राउटर, 17 सिम कार्ड, 26 बैंक पासबुक, 49 एटीएम कार्ड, नौ चैक बुक और सात नोटबुक मिली है।

# 7 दिन वेंटिलेटर पर रहा मरीज़, दो बार रुका दिल, सीपीआर से मिली नई ज़िंदगी

## सियाराम अस्पताल के डॉक्टरों ने फिर किया करिश्मा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर(का.स.)।** शास्त्री नगर 70 वर्षीय कमरुद्दीन को अचानक साँस लेने में तकलीफ़ हुई, तो उनके बेटे ने तुरंत उन्हें कई निजी चिकित्सकों को दिखाया, लेकिन कोई राहत नहीं मिली। जब स्थिति और बिगड़ने लगी, तो परिजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ उनकी हालत बेहद नाज़ुक पाई गई और तुरंत वेंटिलेटर पर रखा गया। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण परिवार ने उन्हें एसएमएस अस्पताल में स्थानांतरित किया, लेकिन वहाँ भी संतोषजनक सुधार नहीं हुआ। आखिरकार परिजन उन्हें खारीपुरा, झोटवाड़ा स्थित सियाराम अस्पताल लेकर पहुँचे।यहाँ अनुभवी फिजीशियन डॉ. प्रेमचंद लाम्बा और उनकी टीम ने तुरंत इलाज शुरू किया। मरीज़ लगातार 7 दिनों तक वेंटिलेटर पर रहे। इस दौरान दो बार उनके दिल की धड़कन बंद हो गई, लेकिन आईसीयू टीम ने तत्परता दिखाते हुए सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) द्वारा उन्हें नई ज़िंदगी दी।लगातार निगरानी और समर्पित इलाज के बाद कमरुद्दीन की हालत में सुधार हुआ।

अब उन्हें वेंटिलेटर से हटाकर जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है और उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज भी कर दिया गया है। परिजनों ने सियाराम अस्पताल, डॉ. प्रेमचंद लाम्बा, डॉ. शेखर शेखावत और आईसीयू टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि मरीज़ का संपूर्ण इलाज चिरंजीवी योजना के अंतर्गत नि:शुल्क किया गया।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में राजस्थान फुटबॉल स्कूल ने जीता यू-15 जयपुरिया समर कप



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुरिया विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय 9वी9 अंडर-15 फुटबॉल टूर्नामेंट में राजस्थान फुटबॉल स्कूल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जयपुरिया समर कप 2025 का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में राजस्थान फुटबॉल स्कूल ने महाराजा सवाई भवानी सिंह एफ.सी. को 3-0 से पराजित किया। टीम की अगुवाई कप्तान आयुष गोयल ने की, जिनके नेतृत्व में टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अनुशासन और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के दौरान टीम के लिए देवांश राठौर, युवराज ठाकुर, अभिषेक गुर्जर, और आर्यन सोढ़ानी ने अहम गोल किए, जिनकी बदौलत टीम फाइनल तक पहुंचने में सफल रही और अंततः खिताब भी जीत लिया।

इस जीत के साथ राजस्थान फुटबॉल स्कूल ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह राज्य में युवाओं के फुटबॉल प्रशिक्षण और प्रदर्शन में अग्रणी संस्थान है। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की ऊर्जा, रणनीति और टीम भावना दर्शकों और आयोजकों को प्रभावित करने में सफल रही।

# नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने पकड़ा 1.48 करोड़ रुपये कीमत का 300 किलो गांजा

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) राजस्थान की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जयपुर और जोधपुर की संयुक्त टीमों ने टोंक में कार्रवाई करते हुए करीब 300 किलो गांजा पकड़ा है और ट्रक के चालक , सह-चालक सहित प्राप्तकर्ता को भी गिरफ्तार किया है।

एनसीबी की संयुक्त टीम ने टोंक के सोनवा टोल प्लाजा पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। एनसीबी जोनल निदेशक (जोधपुर-जयपुर) घनश्याम सोनी (आईआरएस) ने बताया कि जोधपुर एनसीबी के पास महत्वपूर्ण इनपुट मिलने पर टीम ने टोंक के सोनवा टोल प्लाजा पर एक संदिग्ध ट्रक कंटेनर को रुकवाया। जब इसकी बारीकी से तलाशी ली गई तो उसमें एक विशेष रूप से निर्मित छुपा हुआ कक्ष मिला। जिसमें 290 पैकेटों में कुल 296.204 किलोग्राम गांजा छुपाकर रखा गया था। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित बाजार कीमत 1.48 करोड़ रुपये बताई जा रही है। साथ ही कार्रवाई के दौरान एनसीबी की टीम ने ट्रक के चालक और सह-चालक को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा नशीले पदार्थों का प्राप्तकर्ता को भी पकडा। अब गिरफ्त में आए तीनों बदमाशों से तस्करी के इस नेटवर्क की गहराई तक जांच कर गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## कोटपा एक्ट के तहत 110 पैकेट विदेशी सिगरेटों को किया सीज़..

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर प्रथम।** श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय डॉ. जितेंद्र सोनी के निर्देशों की पालना में एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों एवं एनटीसीपी सेल द्वारा राजापार्क स्थित विदेशी सिगरेट व्यापारी के यहां से कोटपा एक्ट की धारा 7 के तहत सीजर कार्रवाई करते हुए विदेशी सिगरेटों के 110 पैकेट को किया गया सीज़, साथ ही कोटपा एक्ट की पालना सुनिश्चित करने हेतु किया गया पाबंद ।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड निवाई**

क्रमांक : 510-19 दिनांक : 12.05.2025

**निविदा सूचना संख्या : 04/2025-26 खण्ड निवाई**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड निवाई में सडक/भवन निर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के 'ए' एवं 'एए', 'बी', 'सी', 'डी' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code No.:- PWD2526A0528
UBN No. :- PWD2526WSOB01615

**अधिशाषी अभियन्ता**
**सा.नि.वि. खण्ड निवाई**


# चाकसू में विधायक द्वारा मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र का किया शुभारंभ जरूरतमंदों को मिलेगी आवश्यक सामग्री

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** यहां चाकसू स्थित बीएसएनएल कार्यालय के पास राज्य सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कृषि मंडी चाकसू के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष कृष्णा सैनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जिन लोगों के पास अतिरिक्त एवं उनके लिए अनुपयोगी सामान जैसे कपड़े, बर्तन, जूते चप्पल खिलोने पुस्तकें आदि होती है वे यहां जमा करवा सकते हैं। जरुरतमंद लोगों को यहां से उनकी आवश्यकता के अनुसार निशुल्क सामान उपलब्ध हो सकेगा। लोगों की एक दूसरे के प्रति सहयोग सहानुभूति सहायता एवं सद्भावना जाग्रत होगी। विधायक ने लोगों से आग्रह किया है कि सद्भावना केंद्र के बारे में जनजागृति फैलाकर सामग्री देने एवं दिलाने में सहयोगी बने। भाजपा नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह एक अनूठी पहल है, सद्भावना केंद्र तीन तरह के सिद्धांत को प्रभावित करेगा। कचरा नियंत्रण होगा, स्वच्छता अभियान को गति मिलेगी। अधिशासी अधिकारी डॉ बनवारी लाल मीणा ने बताया कि जरूरतमंद लोगों को इस केंद्र से उनकी आवश्यकता के अनुसार सामग्री निशुल्क मिल सकेंगी। मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना की यहां सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, राज. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, खण्ड-जयपुर प्रथम**

क्रमांक :- 15426295 दिनांक :- 20/05/2025

**बिड आमंत्रण सूचना संख्या 01/2025-26**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अन्तर्गत विभिन्न राजकीय अम्बेडकर/देवनारायण छात्रावासों के मरम्मत/नवीनीकरण कार्यो हेतु क्रमशः राशि 20.33 लाख, 6.88 लाख, 12.84 लाख एवं 13.72 लाख के कुल 04 कार्यो की ऑन-लाईन बिड ई-प्रोक्यूरमेन्ट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत बिडर्स से आमंत्रित की जाती है। बिड से संबंधित विस्तृत विवरण बोर्ड की वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। जिनका UBN No. AGM2526WSOB00164 to AGM2526WSOB00167 है।

राज.संवाद/सी/25/2758 **अधिशाषी अभियंता, खण्ड-जयपुर प्रथम**

## सम्पादकीय

# दांव पर है वोडाफोन आइडिया का अस्तित्व

वोडाफोन आइडिया (वीआई) एक बार फिर मुश्किल में पड़ गई, जब सर्वोच्च न्यायालय ने तमाम रियायत और छूट घटाने के बाद बचा सकल राजस्व (एजीआर) बकाया माफ करने की उसकी याचिका खारिज कर दी। वीआई, भारती एयरटेल और टाटा टेलीसर्विसेज की याचिका को 'गलत' करार देते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने उसे खारिज कर दिया और कहा कि सरकार चाहे तो इन दूरसंचार कंपनियों की मदद कर सकती है। तीनों कंपनियों में से केवल वीआई का भविष्य ही बतौर दूरसंचार सेवा प्रदाता अनिश्चित नजर आ रहा है। भारती एयरटेल के जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे बताते हैं कि उसका राजस्व मजबूत है और मुनाफा वृद्धि भी बेहतर है। टाटा टेलीसर्विसेज केवल कंपनियों को सेवा देती है और काफी समय पहले उपभोक्ता दूरसंचार कारोबार से दूरी बना चुकी है। यद्यपि न्यायालय ने कहा है कि केंद्र सरकार किसी तरह की राहत देना चाहे तो वह राह में रोड़ा नहीं बनेगा लेकिन वीआई के लिए समय आ गया है कि वह सरकार तथा अदालतों से मदद और राहत की उम्मीद रखना बंद करे। वीआई ने 2021 में केंद्र सरकार द्वारा मंजूर राहत पैकेज के तहत कई किस्तों में अपने कर्ज को सरकारी हिस्सेदारी में बदलने का फैसला किया। फिलहाल इस दूरसंचार कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी करीब 50 फीसदी है। अगर भविष्य में और अधिक हिस्सेदारी बदली जाती है तो परिभाषा के हिसाब से वीआई एक सरकारी कंपनी बन जाएगी। निश्चित रूप से सरकार ऐसा नहीं चाहती होगी। वीआई को भी ऐसी स्थिति में नहीं फंसना चाहिए क्योंकि सरकार के ऊपर पहले ही दो सरकारी कंपनियों भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) की जिम्मेदारी है। इन दोनों सरकारी कंपनियों को वर्षों से मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है और इनके उपभोक्ता भी लगातार कम हो रहे हैं। सरकारी मदद चाहने या राहत के लिए न्यायालय जाने के बजाय वीआई को रकम जुटाकर अपनी व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए। अप्रैल 2024 में कंपनी ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम से 18,000 करोड़ रुपये जुटाए थे। कुछ महीने बाद कंपनी के प्रवर्तकों में से एक यूनाइटेड किंगडम की वोडाफोन ने करीब 2,000 करोड़ रुपये की राशि डाली। इससे पहले वोडाफोन ने इंडस टावर्स में अपनी बकाया हिस्सेदारी बेच दी थी। वीआई को अपना कारोबार जारी रखने के लिए और ज्यादा रकम चाहिए तथा ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण दूरसंचार सेवाएं भी देनी हैं। दो कंपनियों के दबदबे वाली स्थिति से बचने का विचार सैद्धांतिक रूप से अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। खास तौर पर उस समय, जब अगले स्तर की तकनीक एकदम आने को है। हाल ही में सरकार ने 6 गीगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम बैंड के निचले स्तर को लाइसेंस से बाहर करने के नियम का मसौदा जारी किया है। उम्मीद है कि सरकार के इस कदम से वाईफाई के विस्तार को फायदा होगा। इस्तेमाल हो रहे स्पेक्ट्रम के सबसे बड़े ब्लॉक यानी 6 गीगाहर्ट्ज के साथ उच्च गति वाली कनेक्टिविटी का वादा यकीनन दूरसंचार क्षेत्र में कुछ समय तक बहस में रहेगा। सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा भी जल्द शुरू होने की उम्मीद है। इससे दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का एक और चरण शुरू हो जाएगा। इन हालात में भारत को ऐसे दूरसंचार सेवा प्रदाता चाहिए जो देश की डिजिटल आकांक्षाएं पूरी करने में मजबूत और जीवंत भूमिका निभा सकें। इसके साथ ही उन्हें ग्राहकों का भी ध्यान रखना है। भारत के लिए जरूरी है कि यहां बाजार में दो से अधिक दूरसंचार सेवा प्रदाता काम करें, लेकिन तीसरी कंपनी को भी मापदंड ऊंचे उठाने चाहिए और होड़ के लिए मशहूर इस क्षेत्र में अपनी जगह बनानी चाहिए। वीआई ने हाल ही में कहा कि राहत के बिना कंपनी 2025-26 से आगे नहीं चल पाएगी।अब उसकी याचिका खारिज हो गई है तो गेंद कंपनी प्रवर्तकों के पाले में है। उन्हें विचार करना होगा कि कारोबार को कैसे बेहतर बनाया जाए और सरकार या न्यायपालिका से कुछ समय की राहत पाने के बजाय सार्थक निवेश लाया जाए।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 23 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- यहूदियों को 1420 में ऑस्ट्रिया और सीरिया से निकाला गया।
- बेंजामिन फ्रेंकलिन ने 1785 में एक पत्र में लिखा कि उसका आविष्कार द्विभाषी था।
- दक्षिण कैरोलिना को आठवें राज्य के रूप में अमेरिकी संविधान में शामिल 1788 में किया गया।
- गवर्नर-जनरल लॉर्ड वेलेजली ने 1805 में एक आदेश के अंतर्गत दिल्ली के मुग़ल बादशाह के लिए एक स्थायी प्रावधान की व्यवस्था की थी।
- आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी ने 1879 में पहली बार अमेरिका में पशु चिकित्सा स्कूल स्थापित किया।
- अमेरिकी सेनाओं ने फिलिपिनो के विद्रोही नेता एमिलियो एग्यूनाल्डो पर 1901 में कब्जा किया।
- 1915 में प्रथम विश्व युद्ध के समय इटली ने ऑस्ट्रिया, हंगरी तथा जर्मनी के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की थी।
- बेल्जियम ने 1923 में सेवना एयरलाइंस बनाया।
- फ्रांस की सेना ने 1926 में मोरक्को राइफल्स राजधानी पर कब्जा किया।
- ब्रिटेन की संसद में फिलीस्तीन को 1949 तक स्वतंत्र कराने की योजना 1939 में की गई।
- पश्चिम जर्मनी संविधान को अंगीकार करने के बाद 1949 में औपचारिक रूप से अस्तित्व आया।
- इजराइल ने 1960 में अर्जेंटीना में नाजी एडॉल्फ इकमैन पर कब्जा करने की घोषणा की।
- बेनिन ने 1977 में संविधान को अंगीकार किया।
- बछेन्द्री पाल 1984 में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट को फ़तह करने वाली पहली भारतीय महिला बनी।
- अमेरिका और पश्चिमी यूरोपीय देशों ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारी प्रतिबंधों के प्रस्ताव पर 1986 में वीटो किया।
- सऊदी अरब में भगदड़ से 270 तीर्थयात्रियों की मौत 1994 में हुई।
- रोमन हर्जोग जर्मनी के राष्ट्रपति 1994 में चुने गए।
- योहानिस रौ संघीय जर्मनी के नये राष्ट्रपति नियुक्त 1999 में हुई।
- बांग्लादेश में तूफ़ान के कारण मेघना नदी में नाव डूबने से 250 डूबे। सिंगापुर में जहाज़ के टैंकर से टकराने के कारण 4000 कारें 2004 में डूबी।
- भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति 'रोह मू ह्यून' ने अपने घर के नज़दीक पहाडियों से छलांग लगाकर 2009 में आत्महत्या की।
- कान्स फ़िल्म समारोह में अपिचातपॉन्ग वीरासेताकुल द्वारा निर्देशित थाईलैंड की फ़िल्म 'अंकल बोनमी हू कैन रिकॉल हिज़ पास्ट लाइव्स' को सबसे बड़े पुरस्कार 'पाम ड'ओर' से सम्मानित 2010 में किया गया।
- मुख्य न्यायाधीश के.जी. बालाकृष्णन की अध्यक्षता में भारत के उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्यीय खंडपीठ ने बिना विवाह किये महिला और पुरुष का एक साथ रहना 2010 में अपराध नहीं माना।
- सर्च इंजन गूगल ने अपने प्रोजेक्ट भवग के उपयोग के लिए मकानी 2013 में शक्ति हासिल की।

## विशेष आलेख

# पाक-ड्रैगन की एक चाल : भारत को सतर्कता बरतना आवश्यक !

**यह खुलासा हुआ है कि चीन ने पाकिस्तान को कूटनीतिक ही नहीं, बल्कि सैन्य समर्थन भी दिया था और चीन ने पाकिस्तानी सेना को सैटेलाइट सपोर्ट भी दिया था। पाठकों को बताता चलूं कि ब्लूमबर्ग ने अपनी एक रिपोर्ट में एक भारतीय थिंक टैंक के हवाले से यह दावा किया है। इस रिपोर्ट में यह बात कही गई है कि चीन ने पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम और रडार को सही जगह पर तैनात करने के लिए अपनी सैटेलाइट्स की मदद दी थी, ताकि भारत की जवाबी कार्रवाई से बचा जा सके।**



सुनील कुमार महला

हाल ही में भारत के थिंक टैंक 'सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज' ने एक खुलासा किया है कि चीन की सैटेलाइट मदद से पाकिस्तान को अपना एयर डिफेंस सिस्टम और रडार फिर से व्यवस्थित करने में मदद मिली। साथ ही चीन ने पाकिस्तान को एयर डिफेंस सिस्टम भी दिया था। वास्तव में, यह वाकई बहुत चिंताजनक बात है कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के बीच हुए सीमा-संघर्ष में चीन ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया था। कहना ग़लत नहीं होगा कि पाकिस्तान तो भारत के लिए सामरिक और आतंकवादी समस्या है ही, चीन भी भारत के लिए सामरिक चुनौती है। हालांकि, यह बात अलग है कि भारत सरकार ने सार्वजनिक तौर पर भारत पाकिस्तान संघर्ष में चीन के शामिल होने की बात नहीं की है, लेकिन पाकिस्तान ने कहा है कि उसने लड़ाई में चीनी हथियारों का इस्तेमाल किया। वास्तव में यह दर्शाता है कि चीन ने कूटनीतिक समर्थन से आगे बढ़कर पाकिस्तान को लॉजिस्टिक और खुफिया मदद के अलावा सैन्य मदद भी मुहैया कराई। इस रिपोर्ट की गंभीरता का अंदाजा मात्र इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिस सेंटर फॉर जॉइंट वारफेयर स्टडीज ने यह जानकारी दी है, उसके एडवाइजरी बोर्ड में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारत की तीनों सेनाओं के शीर्ष कमांडर शामिल हैं। थिंक टैंक के अनुसार चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान एक तरह से अपने हथियारों का परीक्षण करने की कोशिश की, लेकिन चीन के एयर डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। वहीं भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने काफी बेहतरीन और उल्लेखनीय काम किया और पाकिस्तान के लगभग हर हवाई हमले को असफल कर दिया। कहना ग़लत नहीं होगा कि यदि भविष्य में कभी भारत और चीन का संघर्ष होता है तो पाकिस्तान चीन के समर्थन में उतर सकता है। पाठक जानते हैं कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। भारत ने 6-7 मई की रात बदले की कार्रवाई के तहत आपरेशन %सिंदूर% चलाकर पाकिस्तान स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिससे भारत और पाकिस्तान में संघर्ष शुरू हो गया। भारत पाकिस्तान संघर्ष के दौरान पाकिस्तान ने भारत के कई शहरों पर हवाई हमले किए, लेकिन भारत ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम से पाकिस्तान के सभी हमलों को नेस्तनाबूद कर दिया। इसके बाद भारत ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के कई सैन्य अड्डों और एयर बेस पर हवाई हमले किए। इसके बाद अमेरिका की मध्यस्थता के बाद 10 मई को दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम हो गया। हाल फिलहाल,बेशक भारत और चीन अपने आपसी संबंधों को बेहतर बनाने में जुटे हैं। लद्दाख वास्तविक नियंत्रण रेखा वाले युद्ध-क्षेत्र से दोनों देशों की सेनाएं पीछे हट चुकी हैं। अमरीकी टैरिफ दबाव के मद्देनजर चीन भारत के साथ व्यापार को बढ़ाने के पक्ष में है, लेकिन चीन चुपचाप पीठ में छुरा घोंपने वाला देश रहा है। चीन हमेशा हमेशा से हिंदी चीनी भाई-भाई का राग अलापता रहा है लेकिन ड्रैगन पर कभी भी भरोसा नहीं जताया जा सकता है। दरअसल चीन कभी भी यह नहीं चाहता है कि भारत वैश्विक स्तर पर एक बड़ी आर्थिक व सामरिक शक्ति के रूप में उभरे। इसलिए चीन पाकिस्तान को चोरी-छिपे हथियारों के साथ ही आर्थिक मदद भी मुहैया कराता आया है। हालिया भारत पाकिस्तान सैन्य संघर्ष में चीन ने पाकिस्तान को वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइलें व ड्रोन भी उपलब्ध कराए। कहना ग़लत नहीं होगा कि पाकिस्तान सदियों से हमारे लिए एक शाश्वत चुनौती रहा है हालांकि, भारतीय सेनाओं ने अपनी डिफेंस तैयारियों से पाकिस्तान की सामरिक तैयारियों को ध्वस्त कर दिया है। भारत ने पाकिस्तान के प्रमुख एयरबेस तबाह कर दिए। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान 250 किलोमीटर दूर पहुंचे और हवाई मिसाइलें दागीं और पाकिस्तान के 13 से ज्यादा एयरबेस, ड्रोन सेंटर, एविएशन और रडार स्टेशनों को निशाना बनाया। इन हमलों ने पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली को फेल कर दिया, जिससे पाकिस्तान को संघर्ष विराम(सीजफायर) के लिए मजबूर होना पड़ा। भारत की पाकिस्तान पर तगड़ी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान से किसी भी लड़ाकू विमान का उड़ान भरना नामुमकिन है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के विभिन्न एयरबेस को तबाह करने के बाद पाकिस्तान ने अब अपने तबाह एयरबेस के पुनर्निर्माण के लिए निविदाएं सार्वजनिक की हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ सामरिक तौर पर पूरी तरह से तैयार व मुस्तैद रहना चाहता है। हाल फिलहाल अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने जिस तरह से पाकिस्तान को लोन मंजूर करने के बाद 11 नई शर्तें लगाई हैं, उससे साफ है कि भारत का कूटनीतिक दबाव काम कर गया है क्योंकि, वह पहले की कई शर्तें पूरा नहीं कर पाया है। हालांकि,इन शर्तों में से एक भी शर्त ऐसी नहीं है, जो युद्ध और आतंकवाद को रोकने वाली हो। यहां पाठकों को बताता चलूं कि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) से कुल 2.4 अरब डॉलर का लोन मिलने का रास्ता साफ हुआ है। 9 मई को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने इस लोन को मंजूरी दी थी और भारत ने इसका बहुत ही सख्त विरोध किया था। लेकिन, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने फिर भी इसे मंजूरी दी, जिसको लेकर अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप सरकार पर भी उंगली उठ रही है कि उसने इसे रोकने की कोशिश क्यों नहीं की।

# बदल रहा है कश्मीर

**आतंकवादी कार्रवाई के पश्चात पहलगाम जाने का मौका मिला वहां सन्नाटा छाया हुआ था। पहलगाम जहां कभी पर्यटकों की हमेशा चहल पहल रहती थी, वहां अब सूनापन दिखने लगा है। यहां के स्थानीय लोगों से मिलने से पता चला कि स्थिति कितनी बदली हुई है। कई दिनों से लोगों ने अपने घरों के चूल्हे नहीं जलाए हैं। महिलाएं और नौजवान आतंकवाद के विरुद्ध खड़े हैं। ऐसा लगता है कि कश्मीर में आतंकवाद पूरी तरह हार चुका है। अब घर-घर में लोकतंत्र की आवाज सुनने को मिल रही है।**



सुभाष आनंद

मुस्लिम महिलाएं जो कभी फौजी लोगों के विरुद्ध डटकर इकट्ठी हो जाती थीं वे आज मुझे रोती दिखाई दी। जैसे स्वयं उनका कोई रिश्तेदार इस घटना में मारा गया है। विचार बदलने में देर नहीं लगती कभी फौजियों पर पत्थर फेंकने वाली कश्मीरी महिलाएं और नौजवान अब शांति और लोकतंत्र की बातें करने लगे हैं।

लोकल लोगों से मिलने से पता चला कि अभी भी कुछ लालची लोग आतंकवादियों के स्थानीय मददगार बने हुए हैंलेकिन अब उन्हें ज्यादा समर्थन नहीं मिल रहा है इसलिए अब इनको पहचानने में देरी नहीं लगेगी। कुछ कट्टरपंथी लोगों का कहना है कि पाकिस्तान के साथ कश्मीर नीति पर बात करना कोई सरल काम नहीं है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी भी भारत पाक की मित्रता पर मीठी-मीठी बातें करते हैं और स्वयं अजमेर शरीफ में चादर चढ़ाने की चाहत पेश कर रहे हैं लेकिन उनकी यह मंशा कितनी ईमानदार है यह सब जानते हैं। अमेरिका के प्रसिद्ध समाचार पत्र संडे टाईम के पत्रकार जैम्स कैरी का कहना है कि हर बार भारत पाकिस्तान की चिकनी-चुपड़ी बातों में फंस जाता है जबकि कटु सच्चाई यह है कि पाकिस्तानी सेना और उसकी गुप्तचर एजेंसी 1000 से ज्यादा आतंकवादियों को ट्रेनिंग देकर उसे नियंत्रण रेखा के पार भारत में धकेलने का काम कर रही है। पाकिस्तान की बढ़ती आतंकी गतिविधियों को स्वीकार करते हुए जेम्स कहते है कि आतंकवादी घटनाओं में 100 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। जम्मू कश्मीर में बड़े स्तर पर आतंकवादी मारे जा रहे हैं परंतु आतंकी गतिविधियों में कमी नहीं हो रही। इस चुनौती को लेकर भारतीय सेना तंत्र और विदेशी समाचार पत्र लंबे समय से चेतावनी दे रहे हैं। जब कश्मीर में ऐसी रिपोर्ट मिल रही थी तो सरकार को अपना सुरक्षा तंत्र और राजनीतिक गतिविधियां दुरुस्त करके ठीक तरह से उपाय करने चाहिए थे। इतिहास गवाह है कि कश्मीर आतंकी गतिविधियों से कभी सुरक्षित नहीं रहा। पाकिस्तान की जिस आतंकवादी एजेंसी ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है उसका संबंध कजाकिस्तान से भी है। आखिर उनके पास हथियार किन लोगों ने पहुंचाए? उसकी पहचान के लिए भारतीय सैनिक एजेंसियों को दो चार होना पड़ रहा है। वहीं पाकिस्तान के पत्रकार रफीक अहमद ने कहा है कि पाकिस्तानी आतंकवादियों के लिए यह आखिरी हमला साबित हो सकता है।

भारत के प्रहार में जो पाकिस्तान के पुराने आतंकवादी मारे गए हैं पाकिस्तानी सेना ने उन्हें ज्यादा महत्व दिया। आतंकी नेताओं की मौत के बाद पाकिस्तान की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के लोग उनके अंतिम क्रियाकर्म में पहुंचे उससे लगता है पाकिस्तान की प्रत्येक पार्टी किसी न किसी आतंकवादी की आड़ का सहारा ले रही है। पाकिस्तान से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र आजाद में रफीक उल्ला का कहना है कि पाकिस्तान समाप्त होने की कगार पर पहुंचा हुआ है। पाकिस्तानी सेना और पाकिस्तानी लोग जानते हैं कि वह कभी भारत के विरुद्ध परोक्ष युद्ध नहीं जीत सकता।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



डॉ.राजेश यादव
( प्रोफेसर रसायन विज्ञान )

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं डॉ. राजेश कुमार यादव,प्रोफेसर है रसायन विज्ञान राजकीय राज ऋषि महाविद्यालय अलवर में । एमएससी रसायन विज्ञान से कर पीएचडी की हुई है। 25 जनवरी सन 1967 को बहरोड में जन्मे राजेश कुमार यादव बचपन से ही महत्वाकांक्षी और शिक्षा के प्रति जागरूक रहे। चूंकि पिताजी आर्मी में सूबेदार के पद से रिटायर्ड हुए हैं इसलिए अनुशासन का पाठ बचपन से ही परवरिश के पाठ्यक्रम में रहने से पथ भ्रमित नहीं हुए। अनेकों संगठनों में रहते हुए बेहतरीन दायित्व निभाया ।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रहे, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर में प्रांत अध्यक्ष जयपुर प्रांत रहे, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष रहे ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विभाग अलवर विभाग प्रमुख रहे ,साथ ही जिला सह प्रमुख रहे, इधर राजस्थान सरकार प्रशासनिक सुधार विभाग के मनोनीत सदस्य एक वर्ष तक रहे, यादव महासभा सचिव है, यादव महासभा वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे धर्म जागरण विभाग जिला अलवर के जिला प्रशासनिक संपर्क प्रमुख रहे, हिमालय परिवार जिला अलवर के जिला महामंत्री रहे, यादव महासभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रहे ,यादव महासभा में अध्यक्ष रहे ,विवेकानंद ज्ञान प्रकाश समिति के अध्यक्ष रहे ,यादव बालिका छात्रावास का निर्माण यादव समाज के अध्यक्ष रहते हुए समाज कार्यकारिणी प्रशासनिक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से लगातार संपर्क कर यादव बालिका छात्रावास हेतु 2016 को आवेदन पत्र देकर नगर विकास न्यास से अंबेडकर नगर में 1500 वर्ग गज भूखंड आवंटित कराया । इधर राज ऋषि महाविद्यालय अलवर में जनप्रतिनिधि, भामाशाह और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र संघ का सहयोग लेकर महाविद्यालय परिसर के प्रमुख स्थानों पर संभागीय आयुक्त की स्वीकृत कराई जहां स्वामी विवेकानंद जी की आदमकद मूर्ति की स्थापना कराई विभिन्न प्रकल्पों में जुड़े हुए हैं साथ ही भारतीय संस्कृति की रक्षा किस प्रकार हो इसके लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं । सामाजिक व्यक्तित्व है और मिलनसार और हंसमुख शख्सियत होने के कारण लोगों के चाहते हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_021
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | | 2 |
| 7 | | | | 2 | 1 | | | 5 |
| | | | | 7 | 8 | | | |
| | | | 7 | | | 5 | 4 | 6 |
| | 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 7 | 2 | |
| | | | 2 | 4 | | 1 | | 8 |
| | 9 | 5 | | | | 8 | 6 | 7 |
| 6 | | 8 | | | 3 | | | 4 |
| | | | 8 | | | 9 | 5 | |

### Ans_2025_020

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 1 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 8 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 7 |
| 7 | 9 | 6 | 2 | 4 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 |
| 4 | 7 | 8 | 5 | 3 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 3 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 8 | 9 | 7 | 1 | 5 | 4 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा। यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें।

### वृष
दूसरों से अपेक्षा न करें। कुसंगति से हानि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

### मिथुन
मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। भय रहेगा। प्रमाद न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### कर्क
आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है। पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें।

### सिंह
वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है।

### कन्या
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी।

### तुला
कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं।

### वृश्चिक
भाइयों का सहयोग मिलेगा। पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

### धनु
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### मकर
चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है।

### कुंभ
जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे। दूसरों के कार्य की जवाबदारी न लें।

### मीन
छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। संचित कोष में वृद्धि होगी। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# मालपुरा जिला अस्पताल में लाखो की डायलेसिसि मशीन नहीं आ रही मरीजो के काम

## डायलेसिसि करवाने वाले मरीजो को अनावश्यक रूप से हजारो रूपये खर्च कर बाहर जाकर जांच करवाने को होना पड़ रहा है मजबूर

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल में सरकार की ओर से उपलब्ध करवाई लाखो रूपये की डायलेसिसि मशीन आने के बाद से लेकर अब तक डिब्बा बंद ही है।


प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के साथ सत्ता संभालने वाली भाजपा सरकार प्रदेश के डायलेसिस जांच करवाने रोगीयो व परिजनो को राहत देते हुए चिकित्सा विभाग के माध्यम से प्रदेश के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो तक लाखो रूपये की डासलेसिस मशीन व मशीन को शुरू करने के लिए अन्य आवश्यक उपकरण चिकित्सा उपलब्ध करवाए गए थे। विभाग ने इन मशीनो को इंसटाल कर शुरू करने तक की जिम्मेदारी एक नीजि संस्था को सौंपी थी। सरकार की ओर से उपलब्ध कराई मशीन तत्समय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मालपुरा को भी उपलब्ध कराई गई। यह बात अलग है कि मालपुरा के अस्पताल को अब क्रमोन्नत कर जिला अस्पताल का दर्जा दे दिया गया। डायलेसिस मशीन को अस्पताल में आए डेढ़ वर्ष से भी अधिक की अवधि हो गई। जिस तरह से कम्पनी ने मालपुरा अस्पताल को मशीन भिजवाई थी उसी डिब्बा बंद स्थिति में आज भी मशीन केवल डिब्बो की शोभा बढ़ा रही है। सूत्र यह भी बताते हैं मालपुरा अस्पताल प्रशासन द्वारा बार बार कम्पनी को लिखे जाने के बाद मशीन का आपरेटर को उपलब्ध करवा दिया लेकिन आपरेटर ने मशीन के लिए आवश्यक उपकरण, संसाधन व सुविधाऐं उपलब्ध नहीं होने की बात कहकर मशीन को शुरू नहीं किया जा सका है। इधर सरकार की ओर से डायलेसिस जैसे गंभीर रोगीयो को राहत देने के लिए उपलब्ध लाखो की मशीन शुरू नहीं होने के चलते डायलेसिस करवाने वाले मरीजो को जांच करवाने के लिए केकड़ी अथवा जयपुर जाने को मजबूर होना पड़ रहा है जो आर्थिक दृष्टि से भारी पड़ने के साथ साथ परिजनो को रोगीयो की जांच करवाने के लिए लाने ले जाने में समय भी बरबाद करने को मजबूर होना पड़ रहा है। सूत्र यह भी बताते हैं कि नीजि स्तर पर डायलेसिस की जांच करवाने पर रोगीयो को एक बार की जांच के बदले तीन हजार रूपये से अधिक का खर्चा तो जांच कर्ता को देना पड़ता है। इसके अलावा रोगी को केकड़ी अथवा जयपुर जाने व वापस आने के लिए वाहन का खर्चा, जांच करवाने से पूर्व चिकित्सक से मिलकर सलाह लेने के बदले होने वाला खर्चा अलग है जो आर्थिक वसमय बरबादी की दृष्टि से रोगीयो व परिजनो को बहुत भारी पड़ रहा है।



**इनका कहना है :** इस संबंध में चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. कैलाश सामरिया ने बताया कि नीजि संस्था की ओर से मशीन उपलब्ध करवाने के काफी समय बाद मशीन आपरेटर उपलब्ध करवाया गया। मशीन का आपरेटर आने के बाद अस्पताल प्रशासन की ओर से कई बार मशीन शुरू करने के निर्देश दिए गए लेकिन हर बार मशीन शुरू करने के लिए आवश्यक संसाधन नहीं होने के चलते मशीन शुरू नहीं करने की बात कही जा रही है। इसके अलावा अस्पताल प्रशासन की ओर से विभागीय उच्चाधिकारियो सहित मशीन शुरू करने का जिम्मा संभालने वाली नीजि संस्था को इस बारे में लिखित में अवगत करवा कर कई बार मशीन शुरू करवाने की बात कही गई है।

# आवासीय भूखण्डो की ई निलामी में आज तक जमा हो सकेगी भागीदारी व अमानत राशि

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा की ओर से एक बार फिर शास्त्री नगर विस्तार योजना में अतिक्रमण से मुक्त करवाए आठ आवासीय भूखण्डो की ई निलामी भाग लेने के लिए शुक्रवार को शाम 6 बजे तक भागीदारी व अमानत राशि जमा करवाई जा सकेगी। सूचना जारी की है। इस संबंध में पालिका के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि पालिका ईओ व उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के निर्देशन में पालिका द्वारा शास्त्री नगर विस्तार आवासीय योजना में गत दिनो अतिक्रमण से मुक्त करवाए गए आठ भूखण्डो की ई निलामी सूचना जारी की है। जाट ने बताया कि इसमें भूखण्ड संख्या 21, 51 व 133 की साईज 25 गुणा 50 व प्रत्येक भूखण्ड के 138.88 वर्ग गज है। इसकें अलावा भूखण्ड संख्या 97. 98, व 100 की साईज 30 गुणा 64 है जो कुल 213.33 वग गज है। वहीं भूखण्ड संख्या 147 व 165 की साईज 20 गुणा 50 है जिसका कुल वर्ग गज 111.11 है। ई निलामी प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए जाट ने बताया कि निलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए 50 हजार रूपये अमानता राशि के रूप में ऑनलाईन जमा करवाने होगें। अमानत राशि निलामी प्रकिया पूर्ण होने के बाद प्रक्रिया से बाहर होने वाले भागीदारो को ऑपलाइन की वापस लौटा दी जाएगी। ई निलामी प्रकिया के लिए 1 हजार रूपये प्रति भूखण्ड ऑनलाईन भागीदारी शुल्क के रूप में जमा करवाने होगें जो वापस नहीं मिलेगें। भागीदारी शुल्क व अमानत राशि बुधवार को जमा होना प्रारम्भ हो गए जो 24 मई को सायं 6 बजे तक जमा करवाना होगें। ई निलामी बोली 26 मई को प्रातः 6 बजे से शुरू होकर 27 मई को सायं 6 बजे तक लगाई जा सकेगी। गौरतलब है कि नगरपालिका मालपुरा द्वारा शास्त्री नगर विस्तार योजना में 23 आवासीय भूखण्डो की ई निलामी से 9 करोड़ रूपये तथा वन विभाग की नर्सरी के आगे मुख्य सड़क पर 7 व्यवसायिक भूखण्डो की ई निलामी से 5 करोड़ से अधिक की आय प्राप्त कर चुकी है।

# महिला की मृत्यु का विवाद प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियो की समझाईश के बाद हुआ शांत



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा विधानसभा क्षैत्र के पंवालिया ग्राम में ट्रेक्टर की टक्कर से एक महिला की मृत्यु का विवाद क्षैत्र के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियो की समझाईश के बाद शांत हुआ। मामला इस प्रकार है कि बुधवार को सवेरे ही पंवालिया ग्राम में एक ट्रेक्टर की टक्कर से सुनीता पत्नि कजोड़ भील उम्र 22 वर्ष कीमृत्यु हो गई। महिला की मृत्यु हो जाने के बाद परिजनो ने प्रदर्शन शुरू किया। ग्रामीणो ने अपने स्तर पर प्रदर्शन कर रहे लोगो को समझाने का प्रयास किया। लेकिन परिजनो का गुस्सा बढ़ता ही चला गया। साथ ही परिजनो ने मृतक महिला का शव सड़क पर रख कर नारेबाजी कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। जिसकी जानकारी लगते ही उपखण्ड अधिकारी टोडारायसिंहकपिल शर्मा, टोडारायसिंह तहसीलदार राहुल पारीक व मालपुरा से वृताधिकारी आशिष प्रजापत मौके पर पहुंच कर प्रदर्शन कर रहे परिजनो से मिलकर समझाने का प्रयास किया। अधिकारियो ने परिजनो को बताया कि होनी को कोई टाल नहीं सकता। साथ ही जिस इंसान का परमात्मा घर के बुलावा आ जाता है उसे कोई रोक नहीं सकता है। मृत्यु के कही बहाने होते हैं जिसमें एक टक्कर होना भी मात्र बहाना है।

वास्तविकता तो यही है कि मृतक महिला का भगवान के घर से बुलावा आ गया था जिसे कोई रोक नहीं पाया। जो होना था वो हो गया अब आगे कुछ नहीं हो इसके लिए सभी को मिलकर सामूहिक रूप से प्रयास करने चाहिए।


प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियो की इस समझाईस का प्रदर्शन कर रहे परिजनो पर गहरा प्रभाव पड़ा। अंत में परिजन मृतक महिला का पोस्टमार्टम करवाने की सहमति प्रदान कर दी। जिस पर पुलिस ने मृतक महिला के शव को राजकीय अस्पताल पहुंचा कर मोर्चरी में रखवाया।

# बिजली चोरों पर गिरी गाज : 282 मामले पकड़े, एक करोड़ रुपए का लगाया जुर्माना, मचा हड़कंप

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/टोंक ( राकेश शर्मा )।** जयपुर डिस्कॉम ने बुधवार को टोंक शहर में विशेष सतर्कता जांच अभियान चलाया। इसमें 282 परिसरों में उपभोक्ताओं एवं गैर उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा और करीब एक करोड़ रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि सतर्कता शाखा के अधिकारियों ने संयुक्त कार्रवाई कर टोंक शहर की विभिन्न कॉलोनियों एवं क्षेत्रों में विद्युत चोरीकर्ताओं के परिसरों की गहन सतर्कता जांच की, जिसमें 282 उपभोक्ता, गैर उपभोक्ता विद्युत चोरी करते पाए गए जिस पर



दोषियों के विरूद्ध 282 के खिलाफ वीसीआर भरी गई और करीब एक करोड़ का जुर्माना लगाया गया। सूत्रों के अनुसार इस मामले में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के पास शिकायतें पहुंची थी। इसके बाद कार्रवाई की गई अति. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि टीमों द्वारा मौके से सभी विद्युत मीटरों व अवैध केबल जब्त कर उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काट दिए गए हैं। इन प्रकरणों में जुर्माना राशि जमा करवाने के लिए नोटिस जारी करने की कार्रवाई की जा रही है। जुर्माना राशि तय समय में जमा नहीं करवाने पर विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया जाएगा। विद्युत चोरों की धरपकड़ हेतु विशेष सतर्कता जांच अभियान आगे भी चलाया जाएगा।

**मीटर में डिवाइस लगाकर करते बिजली चोरी, लगाया 17 लाख 80 हजार का जुर्माना :** बिजली चोरी पर रोक के लिए शहर के मीटर रीडर को जिम्मेदारी दी जाए। वह प्रति माह मीटर रीडिंग लेने जाए तो चोरी की रिपोर्ट भी पेश करें, इससे बिजली चोरी पर अंकुश लग जाएगा।

**कई राजनेताओं के भी पकड़ी :** विभागीय सूत्रों की माने तो बिजली चोरों के खिलाफ की गई कार्रवाई में राजनीतिक दलों से जुड़े लोग भी शामिल हैं। वहीं जयपुर विद्युत वितरण निगम टोंक के अधीक्षण अभियंता के एल पटेल ने बताया कि टोंक शहर में बढ़ते बिजली लोड को ध्यान में रखते हुए डिस्कॉम स्तर से यह कार्रवाई की गई है। जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों सहित टोंक जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों को दी गई थी।

# जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

## चिकित्सा योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने लू-तापघात, मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा एवं जांच योजना की ब्लॉकवार समीक्षा कर पीएचसी व सीएचसी की जानकारी लेकर आवश्यक उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक दवाईयों की शत-प्रतिशत उपलब्धता रखने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में आयोजित होने वाले टीबी मुक्त भारत अभियान के सफल संचालन, टीबी रोग की शीघ्रता से पहचान, जांच और उपचार, अभियान में जनभागीदारी, निक्षय मित्र, सीबीनाट टेस्ट समेत अन्य गतिविधियों को लेकर बीसीएमओ को आवश्यक निर्देश दिए। हाइपरटेंशन, सीबैक फॉर्म, टीकाकरण, जननी सुरक्षा योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, परिवार कल्याण, एनीमिया मुक्त राजस्थान, संस्थागत प्रसव, संपूर्ण टीकाकरण, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना संबधित कार्यो में कम प्रगति वाले चिकित्सा संस्थानों को कार्य प्रणाली में सुधार के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभाग के समस्त कार्यक्रम एवं योजनाओं की सूचना निर्धारित समयावधि में पोर्टल में डाटा अपडेशन व चिकित्सा संस्थानों में पीने के साफ पानी, साफ-सफाई, पंखे, कूलर पर विशेष ध्यान देने तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर आमजन को सुलभ एवं सुविधापूर्ण इलाज मुहैया करवाने के निर्देश दिए।

बैठक में सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेंद्र शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. अभिमन्यु डासवानी, आरसीएचओ डॉ. गोपाल जांगिड़, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशू मित्तल, पीएमओ डॉ. हनुमान बैरवा, डॉ. मानवेंद्र, डीपीओ देवराज गुर्जर, डॉ. राहुल श्रीवास्तव, राम कल्याण शर्मा, समस्त ब्लॉक बीसीएमओ एवं डीपीसी टिंकु राय सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोजगार सहायता शिविर में 129 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय सवाई माधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला रोजगार कार्यालय परिसर में रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया गया। सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय विवेक भारद्वाज ने बताया कि रोजगार सहायता शिविर में निजी क्षेत्र की 24 कम्पनियों/संस्थानों द्वारा मौके पर ही बेरोजगार युवकों का साक्षात्कार लेकर 129 अभ्यर्थियों का प्राथमिक चयन किया गया। वहीं विभिन्न राजकीय विभागों द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं के 127 आवेदन पत्र भी कार्यकम स्थल पर ही तैयार की गए। इस दौरान राजस्थान कौशल एवं राजीविका विकास निगम सवाई माधोपुर द्वारा 143 बेरोजगार युवाओं का प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र भी तैयार करवाए गए।

# मालपूरा मुस्लिम समाज ने सौंपा ज्ञापन वक्फ अधिनियम संशोधनो का किया विरोध

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)। मालपुरा मुस्लिम समाज के प्रतिनिधि मंडल की ओर से राष्ट्रपति व उपखण्ड अधिकारी, जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारियो के नाम लिखे ज्ञापन की प्रति तहसीलदार पवन मातवा को सौंप कर वक्फ अधिनियम संशोधन का विरोध प्रकट किया गया है। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट मोहम्मद हनीफ के नेतृत्व में मालपुरा मुस्लिम समाज का प्रतिनिधि मंडल तहसीलदार के समक्ष उपस्थित होकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वक्फ संशोधन भेदभावपूर्ण नीति का एक हिस्सा है। साथ ही भारत देशवासियो को संविधान के तहत मिले मौलिक अधिकारो का उल्लघंन माना है। मुस्लिम समाज मालपुरा ने ज्ञापन के जरिए राष्ट्रपति से अपील की है कि लोकसभा और राज्य सभा द्वारा पारित विवादास्पद वक्फ संशोधन अधिनियम को तुरन्त प्रभाव से वापस लिया जाकर इसे निरस्त किया जावें। ज्ञापन देते नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट मोहम्मद हनीफ, एडवोकेट हमीद, एडवोकेट रईस नागोरी, एडवोकेट रकीब , समाजसेवी रईस अहमद, अब्दुलतलीफ सहित मुस्लिम समाज के अन्य कई एडवोकेट , समाजसेवी, समाज के प्रबुद्धजन मौजुद रहे।

# महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स अनुशासन के साथ देश सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहें-प्राचार्य लोकेश शर्मा

## पीजी कॉलेज टोंक के कैडेट्स ने जीते सात गोल्ड मेडल



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** श्री भवानी निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयपुर में आयोजित दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण कैंप में राजकीय महाविद्यालय टोंक के एनसीसी कैडेट्स ने सात स्वर्ण व दो रजत पदक जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। प्राचार्य प्रो. लोकेश कुमार शर्मा ने महाविद्यालय के कैडेट्स द्वारा किए गए श्रेष्ठ प्रदर्शन पर बधाई देते हुए कहा कि यह गर्व का विषय है कि हमारे कॉलेज के कैडेट्स ना केवल शैक्षणिक, बल्कि अनुशासन व देश सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।

**एनसीसी कैडेट्स को गोल्ड मेडल मिलने से मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है :** एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद बाकिर हुसैन ने कहा कि कर्नल एस चंद्रशेखर के नेतृत्व में आयोजित कैंप में महाविद्यालय के कैडेट्स को गोल्ड मेडल मिलने पर उन्हे गर्व की अनुभूति हो रही है जो कि उनके लिए अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। ले. बाकिर ने कहा कि कोई भी विद्यार्थी पूरी सत्यनिष्ठा और लगन से कार्य करता है, उसके सार्थक परिणाम सामने आते है।

बाकिर ने बताया कि कैंप में कैडेट्स को नागरिक सुरक्षा, ड्रिल, मैप रीडिंग, फायरिंग, अनुशासन, शारीरिक व मानसिक बल, अग्निशमन, स्वास्थ्य व स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कैडेट्स ने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# विश्व जैव विविधता दिवस पर लगाए जागरूकता शिविर

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार गुरुवार को विश्व जैव विविधता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सवाई माधोपुर सहित अधीनस्थ तालुकाओं खंडार, बौंली, बामनवास एवं गंगापुर सिटी में आमजन को पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूक करने हेतु जागरुकता शिविरों का आयोजन किया गया। जिला विधिक चेतना समिति के सदस्य कृष्णपाल सिंह, अधिकार मित्र मुकेश कुमार शर्मा, गिर्राज रैगर, मगनलाल मीना द्वारा ग्राम पंचायत एवं आंगनवाड़ी केन्द्र सूरवाल में, अधिकार मित्र सुमित्रा देवी एवं अनिता गर्ग द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र 20 सुनारों का कटला, शहर सवाई माधोपुर में, न्यायमित्र नंदकिशोर बैरवा एवं अधिकार मित्र सुमित्रा देवी द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्र आलनपुर में, अधिकार मित्र रणवीर चौधरी द्वारा नगर परिषद सवाई माधोपुर में पर्यावरण संरक्षण के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन कर उपस्थित आमजन को पर्यावरण संरक्षण का महत्व, प्रदूषण कम करने के उपायों, पेड़ों की सीमित कटाई।

# राजा राममोहन राय की जयंती पर मनाया सार्वजनिक पुस्तकालय दिवस

बढ़ता राजस्थान



सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। स्थानीय राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय, सवाई माधोपुर में गुरुवार को समाज सुधारक राजा राममोहन राय की जयंती को सार्वजनिक पुस्तकालय दिवस के रूप में मनाई गई । इस अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन कर राजा राममोहन राय के समाज सुधार हेतु किए गए अभूतपूर्व योगदान और सार्वजनिक पुस्तकालयों के महत्व पर विस्तृत विचार विमर्श हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश कुमार सिंघल ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि राजा राममोहन राय एक क्रांतिद्रष्टा और महान समाज सुधारक थे, जिन्होंने सती प्रथा, बाल विवाह और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ साहसिक संघर्ष किया। उन्होंने ब्रह्म समाज की स्थापना कर समाज को एक नई दिशा दी और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। गोष्ठी में वक्ताओं ने सार्वजनिक पुस्तकालयों के इतिहास, आवश्यकता और वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत में सर्वप्रथम सार्वजनिक पुस्तकालय अधिनियम 1948 में मद्रास राज्य में पारित हुआ, किंतु आज भी देश के केवल लगभग 20 राज्यों में ही यह कानून लागू है।

# राजगढ़ रेलवे स्टेशन का प्रधानमंत्री मोदी ने किया वर्चुअल लोकार्पण

## केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** गुरुवार को राजगढ़ रेलवे स्टेशन के पुर्नविकास कार्य का वर्चुअल लोकार्पण बीकानेर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अलवर सांसद एवं केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव रहे। इस दौरान अलवर सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर विकास कार्य होने से सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि यहां के लोग दिल्ली रहने लग गये है। स्टेशन का विकास होने से राजगढ़ में नवीन यात्री गाड़ियों का ठहराव जल्द होगा। गौरतलब है की राजगढ़ रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना मे शामिल करते हुए 13 करोड़ 9 लाख रूपये की लागत से पुनर्विकास किया गया। जिसमे नवीन भवन, प्लेटफॉर्म शेल्टर, कोच इंडिकेशन, सरकुलेंटिंग एरिया का विकास, प्रवेश व निकास द्वार, वाटर बूथ की सुविधा, 12 मीटर फुट ओवरब्रिज, वोटिंग एरिया, सहित विभिन्न विकास कार्य किये गए है। वही केबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव ने राजगढ़ को नगरपालिका से नगरपरिषद बनाने के लिए मुख्यमंत्री के पास प्रस्ताव भेजने की बात गई। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने देश में रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए संचालित अमृत भारत स्टेशन योजना में राजगढ व गोविन्दगढ रेलवे स्टेशन का चयन कर विकास कार्य कराए जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि योजना के तहत जिले में स्थित राजगढ व गोविन्दगढ स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। इन विकास एवं पुनर्निमाण कार्यों से यात्रियों को आधुनिक व बेहतर सुविधाएं मिलेगी। उन्होंने खुशी जाहिर की कि दोनों स्टेशन पर कराए गए विकास कार्यों में स्थानीय कला व यात्रियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की मांग के अनुरूप राजगढ स्टेशन पर और अधिक ट्रेनों का ठहराव कराने की दिशा में सकारात्मक कार्य किया जाएगा। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा शहीदों के परिवारजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। रेलवे द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केबिनेट मंत्री हेमसिंह भड़ाना, उत्तर पश्चिम रेलवे के रेलवे मण्डल प्रबंधक विकास पुरवार, सीपीएम पीयूष जोशी, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, विधायक मांगेलाल मीना, अलवर शहर के पूर्व विधायक बनवारीलाल सिंघल, भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना, जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, श्यामसुंदर मीना, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष संजय नरूका, रतन तिवाड़ी , रामनिवास सैनी सहित रेलवे के आला अधिकारी व आरपीएफ के जवान सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**13 करोड़ से अधिक राशि से हुआ राजगढ़ का विकास :** मंडल रेल प्रबंधक जयपुर विकास पुरवार ने बताया कि राजगढ रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 13.10 करोड़ की लागत से आधुनिक पॉर्च, सर्कुलेटिंग एरिया व पार्किंग में विस्तार, प्रवेश हॉल, वेटिंग हॉल, नए प्लेटफार्म शेल्टिंग, दिव्यांगजनों की सुविधा हेतु टॉयलेट और वाटर बूथ की सुविधा, उन्नत व बेहतर फर्नीचर की सुविधा, पर्यावरण अनुकूल सौर ऊर्जा का उपयोग, वर्षा जल संचय प्रणाली, एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए इंटिगेशन बोर्ड, 12 मीटर चौडा एक्रोमीटर आदि विकास कार्य कराए गए हैं।

# सर्व समाज हेल्प टीम की ओर बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे अभियान का हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** सर्व समाज हेल्प टीम की ओर बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडा लगाने का अभियान का शुभारंभ राजकीय महाविद्यालय से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ के एल मीना रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एनसीसी अधिकारी नुर अहमद रहे। सर्व समाज हेल्प टीम के सदस्य अशोक बसवा व रमेश व्याख्याता ने बताया कि टीम की ओर से हर वर्ष सैकड़ों की संख्या में बेजूबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाएं जाते हैं। राजकीय महाविद्यालय से परिंडे लगाकर पंचम परिंडे लगाने के अभियान की शुरुआत की गई। उसके बाद टीम सदस्यों द्वारा कलेशान, ठेकडीन, अलेवा धाम, भूलेरी, बसवा सकट, बिगोता आदि जगहों पर परिंडे लगाएं गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मीना ने कहा कि राजगढ क्षेत्र में सर्व समाज हेल्प टीम शिक्षा, पर्यावरण, बेसहारा परिवार की आर्थिक सहायता के साथ हर ?क्षेत्र में सराहनीय कार्य करती है। गर्मी के मौसम में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी डालना, परिंडे लगाना बहुत अच्छा कार्य है। उन्होंने कहा कि टीम के कार्यो से आमजन को प्रेरणा मिलेगी। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डा. के एल मीना, प्रो. पी एम मीना, पीसी मीना, जगत सिंह, अनिल कुमार शर्मा, आर्मी कोर से एनसीसी अधिकारी नूर अहमद, सुशील कुमार, सूबेदार विश्वास, एनसीसी प्रभारी भगत सिंह व टीम के सदस्य अशोक, सुनील भांकरी, रमेश, शैलेन्द्र खटाना, प्रमोद सैनी, बलराम, नीरज, नरेश भाबला सहित एनसीसी, स्काउट सहित सैंकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे। मिडिया यह जानकारी प्रकाश भाबला ने दी।

# ग्रीष्मकालीन कैम्प में उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं बच्चे

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार अलवर के द्वारा गायत्री शक्तिपीठ पर बच्चों को सशक्त, स्वावलम्बी और सुसंस्कारित बनाने के लिए 18 मई से 5 जून 2025 तक 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कैंप संचालित किया जा रहा है। प्रातः 9 बजे से सायंकाल 4 बजे तक बच्चों को खेल खेल में या क्विज़ प्रतियोगिता से भारतीय संस्कृति का ज्ञान कराने के साथ साथ आर्ट, क्राफ्ट, डांस आदि भी सिखाया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन कैंप में योग कहीँ नहीँ कराया जाता है लेकिन गायत्री शक्तिपीठ पर कैंप में प्रशिक्षित योग गुरु द्वारा बच्चों को योग भी कराया जा रहा है। योग और प्राणायाम के लाभ बताये जा रहे हैं। सभी बच्चे योग क्लास में पहुँच रहे हैं, छोटे छोटे बच्चे भी माता पिता के मना करने के बाद भी योग क्लास में आ रहे हैं। योग करते हुए बच्चों की फोटो संलग्न है। गायत्री परिवार ट्रस्ट की मुख्य प्रबंध ट्रस्टी डा. सरोज गुप्ता ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य, खाने पीने के साथ साथ मनोरंजन का भी पूरा पूरा ध्यान रखा जा रहा है। ट्रस्टी डॉ.सरोज गुप्ता ने बताया कि बच्चे इस आयोजन में उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। योग टीचर कीर्ति द्वारा बच्चों को योगा सिखाया जा रहा है।और हमारी प्रशिक्षण टीम में अक्षिता तिवारी, मिस प्रगति पाराशर, प्राची अग्रवाल,रजनी शर्मा,प्रियंका व वासु जी पूरा सहयोग कर रहे हैं। ताकि केम्प सफल हो सके।

# मौके पर अधिकारियों को निर्देश दे समस्याओं का कराया समाधान

## ग्राम पंचायत लाडपुर में किया रात्रि चौपाल का आयोजन, रात्रि चौपाल के साथ रात्रि विश्राम भी किया

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा,( मुकेश शर्मा )।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में पंचायत समिति कोटकासिम की ग्राम पंचायत लाडपुर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रात्रि चौपाल का आयोजन के साथ रात्रि विश्राम भी किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा अपनी समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखी गई तथा समस्याओं का मौके पर निस्तारण हेतु संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया। रात्रि चौपाल के दौरान कुल 42 परिवाद दर्ज किए गए। इस दौरान पट्टे, रास्ते पर अवैध अतिक्रमण हटाने बाबत, सड़क बनवाने, खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने, पानी, बिजली के संबंध में सहित कुल 42 प्रकरण रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए गए जिसमें प्रकरणों के समाधान हेतु मौके पर अधिकारीयों को निर्देश प्रदान किए। जिला स्तरीय अधिकारियों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे वृद्ध जन पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पालनहार योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सशक्त खैरथल तिजारा, लाडो योजना, स्वास्थ्य जीवन शैली नवाचार, तंबाकू फ्री कैंपियन, जल जीवन मिशन, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम विश्वकर्म योजना किया के बारे में विस्तार से आवेदन की प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाएं जैसे तारबंदी योजना, फार्म पॉन्ड योजना, प्याज भंडारण सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट, पुलिस उपाधिक्षक राजेंद्र निर्वाण, कोटकासिम उपखण्ड अधिकारी रेखा यादव, कोटकासिम तहसीलदार धर्मेंद्र मीणा, सरपंच व संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी व बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित रहे।

# जिले में लिये गये नमुनो में से 51 खाद्य पदार्थो के नमुने अमानक पाये गये प्रकरण न्यायालय में पेश, एक्ट के अनुसार होगी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिले में 1 अप्रेल 2024 से दिसम्बर 2024 तक कुल 173 खाद्य पदार्थो के नमुने लिये गये प्रयोगशाला में जांच के बाद 51 खाद्य पदार्थ अमानक पाये गये। अमानक पाये गये नमुनो के संदर्भ में सभी आवश्यक अनुसंधान पूरा कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिये गये है। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने दी।

उन्होंने बताया कि दही के नमुने तुलसी रेस्टोरन्ट देवगढ़, हरिओम भोजनालय लापस्या, भाग्यलक्ष्मी डेयरी एण्ड किराणा चारभुजा, श्री शिव डेयरी फार्म सीयाणा के अमानक पाये गये। पनीर के नमुने शिव सर्वोदय होटल एण्ड फेमिली रेस्टोरेन्ट फियावड़ी, विजयलक्ष्मी रेस्टोरेन्ट कालीवास, मणीराज रेस्टोरेन्ट एण्ड होटल उपली ओडन, मामा होटल गुंजोल, मां भवानी दूध डेयरी भीम, गोरबन्ध रेस्टोरेन्ट कुम्भलगढ़, न्यू शिव शक्ति डेयरी धोलीदांती के अमानक पाये गये।

**12 प्रतिष्ठानो से मिल्क केक के नमुने अमानक :** खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला में देवगढ़ स्थित सत्यनारायण मिष्ठान भण्डार एवं जोधपुर स्वीट्स, भीम के जोधपुर मिष्ठान भण्डार, अनमोल मिश्ठान भण्डार, श्री राम स्वीट्स, चारभुजा स्थित मनमोहन मिश्ठान भण्डार, नीलकमल स्वीट प्रसाद, चतुर्भज मिठाई भण्डार, महासतियो की मादड़ी स्थित बालाजी स्वीट्स, गौमती चौराहा स्थित सांवरीया मिश्ठान भण्डार, नाकोड़ा स्वीट्स एण्ड किराणा, आमेट से देवनारायण नाश्ता सेन्टर से लिये गये मिल्क केक के नमुने अमानक पाये गये। भैरूनाथ रेस्टोरेन्ट पसून्द व जोधपुर स्वीट्स एण्ड बेकरी आमेट का मावा अमानक पाया गया व मलाई बर्फी के नमुने जयसिंह श्याम भण्डार व जैन स्वीट्स हाउस सरदारगढ़ के अमानक पाये गये, दरीबा के देवनारायण नाश्ता एण्ड मिष्ठान भण्डार से बर्फी का नमुना अमानक पाया गया।

द सीजन रेस्टोरेन्ट कांकरोली से ग्रेवी व पनीर, कृष्णा डेयरी फार्म नाथद्वारा से पनीर व घी, शोभा ट्रेडींग कम्पनी राजनगर से घी का, महालक्ष्मी रेस्टोरेन्ट कांकरोली से युज्ड तेल का, कृष्णा डेयरी फार्म नाथद्वारा से पनीर व घी का, शुभी रिसोर्ट एण्ड होटल केलवाड़ा से यूज्ड तेल व पनीर, मानविक फूड प्रोडक्ट्स कांकरोली से पनीर व घी का, मंगल डेयरी चौपाटी कांकरोली से भैंस का दूध, गणपति दूध डेयरी कुंवारिया से दूध का, महाकाल ज्यूस सेंटर राजसमंद से आमरस का, कृष्णा ट्रेडिंग कम्पनी केलवा से घी का, पंकज दूध डेयरी केलवा से दूध का नमुना अमानक पाया गया। इसी प्रकार मोही फाटक स्थित श्रीजी आईसक्रिम से आईसक्रिम का, चारभुजा स्थित नागणेची आईक्रिम से आईस केण्डी व चारभुजा आईसक्रिम से आईस केण्डी का देव मसाला गृह उद्योग देवगढ़ से लाला मिर्च पाउडर,लखन गृह मसाला केलवा से धनिया पाउडर का, राधे कृष्णा मिनरल वाटर रिको एरिया धोईन्दा से हरबल नॉन कार्बोनेटेड फ्लेवर पानी व पवित्र फूड एण्ड बेवरेज रिको एरिया धोइन्दा से नॉन कार्बोनेटेड फ्लेवर पानी का नमुना अमानक पाया गया है।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** गुरुवार को भाजपा मंडल राजगढ़ की ओर से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा रैली का शुभारंभ गणेश पोल से अलवर सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किया। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री यादव ने गणेश पोल स्थित रिद्धि सिद्धि गणेश जी महाराज की पूजा अर्चना की। यात्रा के दौरान केन्द्रीय मंत्री यादव ने पंडित भवानी सहाय चौक पर प. भवानी सहाय शर्मा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। जहां पर भाजपा पार्षद प्रीति शर्मा ने नेतृत्व में केन्द्रीय मंत्री यादव का स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा का कस्बे में जगह-जगह स्वागत किया गया। यात्रा का चंदोबाई की धर्मशाला पहुंचने पर ब्राह्मण समाज की ओर से स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में बडी संख्या में आमजन ने भाग लेकर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के लगाए । इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक बनवारीलाल सिंघल, भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीना, मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, महंत प्रकाशदास महाराज, संजय नरूका, शिवलाल मीना, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, प्रीति विजय सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व महिला पदाधिकारी उपस्थित रही।

# रात व दिन में बिजली कटौती से लोगो में आक्रोश, विरोध की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** प्रचंड गर्मी के बीच बिना किसी सूचना के रात व दिन में बिजली कटौती से सरदारशहर के निवासियों में भारी रोष है। सरदारशहर के कृष्णा बस स्टैंड के पीछे न्यू मार्केट इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित है।

### अघोषित कटौती, फोन डेड

स्थानीय निवासियों ने बताया कि डिस्कॉम हर दिन व रात में 3-4 घंटे बिजली बंद कर देता है, जिससे मार्केट के दुकानदार लोग बहुत परेशान होते है शिकायत करने की कोशिश करने पर डिस्कॉम की हेल्पलाइन फोन डेड मिलती है, जिससे उपभोक्ता अपनी समस्या दर्ज नहीं कर पाते।

### भीषण गर्मी में भारी परेशानी

मंगलवार की रात व बुधवार को दिन में तो हालात और भी खराब रहे। रात 9 बजे से करीब 4 घंटे तक व आज दिन मे करीब 6 घंटे तक कृष्णा बस स्टैंड क्षेत्र की सप्लाई बंद रही। गर्मी और उमस में दुकानदार भाइयों व घरो में बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को बेहद कठिनाई झेलनी पड़ रही है।

### लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

दुकानदारो व मोहल्ले के लोगो नें चेतावनी दी है कि यदि विद्युत आपूर्ति को तुरंत नियमित नहीं किया गया तो आंदोलनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

# गर्मियों में सुचारू पेयजल आपूर्ति को लेकर सभी एसडीएम और बीडीओ ने किया गांव-गाँव निरीक्षण

## कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में आयोजित हुआ सघन जांच अभियान

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** ग्रीष्म ऋतु में आमजन को स्वच्छ एवं सतत पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर श्री बालमुकुंद असावा के निर्देशन में गुरुवार को जिलेभर में एक विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सभी उपखंड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों ने गाँव-गाँव पहुँच कर आमजन से पेयजल सप्लाई पर फीडबैक लिया। इस दौरान जलाशयों, पानी की टंकियों, कुओं, तालाबों आदि की जांच करने के साथ-साथ गली-मोहल्लों में नलों से आ रहे पानी के सैंपल भी लिए और इस तरह व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जल स्रोतों की स्थिति, पाइपलाइन की उपलब्धता, पेयजल वितरण की नियमितता और स्थानीय समस्याओं का प्रत्यक्ष अवलोकन कर मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। ग्रामीणों से संवाद कर पेयजल संबंधी समस्याओं की जानकारी ली गई एवं त्वरित समाधान के प्रयास किए गए। अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्र में जल जीवन मिशन के कार्य की स्थिति को भी देखा। इसी क्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की टीमों ने भी विभिन्न स्थानों पर जाकर पेयजल स्रोतों से जल के सैंपल एकत्र किए और जल गुणवत्ता की जाँच की। यह कार्यवाही यह सुनिश्चित करने के लिए की गई कि आमजन को स्वास्थ्यवर्धक, शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल समय पर उपलब्ध हो सके।

# सरकारी विद्यालय की बालिका ने बारहवीं कला वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर लहराया परचम

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** ब्लॉक राजगढ़ के राजकीय माध्यमिक विद्यालय श्रीचंदपुरा में बारहवीं कला वर्ग में अध्यनरत छात्रा लक्ष्मी यादव ने ब्लॉक में 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान अर्जित किया। लक्ष्मी यादव के पिता किसान है जिनकी आर्थिक स्थिति सामान्य है जिसके चलते लक्ष्मी यादव ने गांव की स्थानीय राजकीय माध्यमिक विद्यालय श्रीचंदपूरा सरकारी विद्यालय में पढ़ाई कर नाम रोशन किया घर में परिणाम आने के बाद ब्लॉक राजगढ़ की मुख्य शिक्षा अधिकारी लीलावती ने छात्रा एवं परिजनों को फोन कर बधाई दी एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी छात्रा लक्ष्मी यादव दो भाई बहन है सफलता का श्रेय छात्रा ने गुरुजनों एवं माता पिता को दिया।

### खेतो में कार्य के साथ पढ़ाई की

छात्रा लक्ष्मी यादव ने बताया कि विद्यालय नियमित रूप से जाने के बावजूद लक्ष्मी विद्यालय से आने के बाद माता पिता के साथ दिन में खेतो में भी कार्य करती थी व अपनी माता के साथ घरेलू कार्यों में भी हाथ बांटती थी पिता के पास आय का श्रोत चूंकि महज खेती थी जिसके चलते पूरे परिवार का भरण पोषण एक मात्र खेती से होता है। लक्ष्मी यादव भविष्य में सिविल सर्विसेज में जाकर जनता की सेवा करना चाहती है।

# महाविद्यालय में 10 दिवसीय एनसीसी कैम्पस पंजीकरण शुरू

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ में 03 राज आर्म्डस स्काड्रन केडिट कोर का स्ववाड्रन वार्षिक कैम्प का आयोजन पंजीकरण कार्य प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर कैम्प कमान्डेंट कर्नल राहुल शर्मा के निर्देशन में 22 से 31 मई तक चलेगा। कैम्प में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के 550 एनसीसी कैडेट्स ट्रैनिंग लेंगे।

इस कैम्प में सीनियर डिवीजन सीनियर विंग, जूनियर विंग एवं जूनियर डिवीजन के कैंडिडेट भाग लेंगे। एनसीसी छात्रा वर्ग की व्यवस्थाएं महिला छात्रावास में एवं एनसीसी छात्र वर्ग की व्यवस्थाएं रूसा भवन में रखी गई है।

# कोटा: कनवास में संदीप शर्मा हत्याकांड के दोनों आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने निकाला जुलूस

## एक लंगड़ा कर तो दूसरा रेंगते आया नज़र

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** कोटा जिले के ग्रामीण क्षेत्र कनवास में 18 मई को हुई युवक संदीप शर्मा की हत्या के मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों में मुख्य आरोपी अतीक और उसका साथी दीपक उर्फ दीपू शामिल हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनों को घटना की तस्दीक के लिए मौके पर ले जाकर बाजार में घुमाया, जहां एक आरोपी लंगड़ाते हुए और दूसरा दोनों पैरों में प्लास्टर के साथ रेंगते नजर आया।

हत्या के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश था। लोगों ने आरोपियों की दुकानों में आग लगा दी थी, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया था। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए कोटा और आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया।

पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुजीत शंकर ने बताया कि मृतक संदीप शर्मा के पिता लालचंद निवासी माधोपुर की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई थी। आरोपियों की पुरानी आपराधिक पृष्ठभूमि को देखते हुए पुलिस ने कई टीमें गठित कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी, जिसके बाद दोनों को पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार, यह हत्या क्षेत्र में दहशत फैलाने के उद्देश्य से की गई थी। पुलिस की सख्त कार्यवाही और आरोपियों को सार्वजनिक रूप से घुमाने की कार्रवाई से लोगों में सुरक्षा का विश्वास और अपराधियों में डर स्पष्ट रूप से देखा गया।

### यह था मामला

18 मई को कैनवस में एक बाइक शोरूम के बाहर आपसी कहां सुन के बाद ताबड़तोड़ चाकू के वार से मौके पर ही संदीप शर्मा की मौत हो गई थी घटना के बाद गुस्साए लोगों ने आरोपियों की दुकानों में आग लगा दी थी ।

पूरे कस्बे में माहौल तनावपूर्ण हो गया था कोटा वआसपास के थानों से पहुंचे जाप्ते ने स्थिति को संभाला,वहीं लोगों ने पुलिस को मांग करते हुए कहा कि आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की थी।

कोटा ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने मामले का खुलासा बुधवार को ही कर दिया था।



मृतक के पिता लालचंद निवासी माधोपुर की रिपोर्ट पर करवाई की गई है।

अपराधियों की हिस्ट्री देखकर, कई टीमे गठित की । जिन्होंने अपराधियों के सभी संभावित और परंपरागत ठिकानों पर जाकर दबिश दी।अपराधियों के साथ पुलिस का रवैया हमेशा सख्त रहा है ।

## 12 वी विज्ञान वर्ग का परिणाम शत प्रतिशत रहा



बढ़ता राजस्थान

**सरवाड-अजमेर( इक़बाल अहमद )।** सरवाड़ स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय विजय द्वार का 12 विज्ञान वर्ग का परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य दीपक गौड़ से मिली जानकारी के अनुसार इस सत्र का 12 विज्ञान वर्ग का परिणाम गुणवत्तापूर्वक और मात्रात्मक दृष्टि से काफी अच्छा रहा। गौड़ ने सभी सफल होने वाले छात्र छात्राओं को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की।

वही परीक्षा प्रभारी मुहम्मद आरिफ मंसूरी ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में 10 विद्यार्थी बैठे सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए । विद्यालय में प्रथम स्थान गौरव खींची ने प्राप्त किया जिसने 89.40त्न प्रतिशत अंक प्राप्त किए, दूसरा स्थान अनीता कंवर ने प्राप्त किया इसने 89त्न प्रतिशत अंक प्राप्त किए तबस्सुम बानो ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इसने 86.80त्न अंक प्राप्त किए। अच्छा परिणाम रहने पर विद्यालय में खुशी की लहर है।

## क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 22वीं बैठक जबलपुर मे

### 36 सूत्रीय एजेंडे पर सदस्य आशीष मेहता करेंगे चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक में भाग लेने के लिए कोटा से जेडआरयूसीसी सदस्य आशीष मेहता जबलपुर पहुंचे हैं। मेहता ने बताया कि जबलपुर में शुक्रवार को मनन सभा कक्ष महाप्रबंधक कार्यालय में प्रातः 11 बजे से बैठक आयोजित की जाएगी। इसके लिए पूर्व में ही रेलवे को एजेंडा भेजा जा चुका है।एजेंडे में कोटा जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन पुनः शुरू करने, कोटा नागदा रतलाम के मध्य इंटरसिटी एक्सप्रेस, कोटा चोमेला मेमू ट्रेन का रतलाम तक विस्तार, कोटा से पुणे साप्ताहिक ट्रेन, कोटा से बेंगलुरु के मध्य द्विसाप्ताहिक ट्रेन, कोटा नागदा इंटरसिटी, कोटा से अलवर- दौसा-मथुरा के लिए ट्रेन तथा कोरोना के समय बन्द ट्रेनों को शुरू करने का अनुरोध किया गया है। मेहता ने बताया कि दयोदय एक्सप्रेस के समय में बदलाव, कुशतला से देवपुरा बाईपास, श्योपुर कोटा रेल प्रॉजेक्ट शुरू करने का बिंदु उठाया है। कोटा रेलवे स्टेशन की गेट एंट्री पर अतिक्रमण के कारण यात्रियों को ट्रेन पकड़ने में देरी की ओर भी ध्यान दिलाया गया है। स्टेशनों पर पार्किंग में कंप्यूटराइज पर्ची सिस्टम लागू करने और प्रीपेड टैक्सी बूथ शुरु करने की बात कही गई है। कोटा छबड़ा मार्ग पर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों है,ऐसे में, इस रूट पर सुरक्षा बढ़ाई जानी चाहिए।

#### सीट के अनुपात में टिकट देने पर पुनर्विचार हो

उन्होंने कहा कि भीड़ प्रबंधन की दृष्टि से यह निर्णय ठीक है, लेकिन इससे बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़ने की भी आशंका है। वहीं टिकट न देने पर असंतोष बढ़ेगा। ट्रेनों मे बोगी और फेरे बढ़ाने पर विचार किया जाना चाहिए। छोटे स्टेशनों पर छाया चाय,पानी समेत सभी खाद्य सामग्री की पर्याप्त और समयबद्ध जांच सुनिश्चित हो। वरिष्ठ नागरिकों को पूर्व में दी किराया रियायत पुनः शुरू करने और वंदे भारत ट्रेन के किराए में कमी की जानी चाहिए ।तथा विभिन्न स्टेशनों पर लिफ्ट एवं एस्केलेटर पर गार्ड की व्यवस्था और सुरक्षात्मक उपाय करने का भी अनुरोध किया है।

## गोयला सरपंच रामदेव गुर्जर की अध्यक्षता में आम सभा का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के सरवाड़ पंचायत समिति के अधीन ग्राम पंचायत गोयला मुख्यालय पर आज सरपंच रामदेव गुर्जर की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन हुआ। जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा के तत्वावधान मे सामाजिक अंदर कार्यक्रम वर्ष 2025-26 माह मई के तहत महात्मा गांधी नरेगा योजना की अवधि 01.10.2024 से 31.03.2025 तक द्वितीय छः माही 2024-2025 जिसका सामाजिक अंकेक्षण दिनांक 15.052025 ,19.052025,20.05.2025 दिनांक 21.05.2025 को आम सभा आयोजित कर आम सभा में अंकेक्षण दल ने अंकेक्षण रिपोर्ट रख कर सुनाई। इसके बाद आम सभा में भील समाज के सदीयो पुराने श्मशान के रास्ते से अतिक्रमण हटाने का , सांवर लाल बैरवा के मकान से शंकर रेगर के मकान तक सी सी रोड मय नाली आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत कार्य, चरागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने, अमरतिया तालाब की मरम्मत कार्य करवाना ज्ञात हुआ कि यह तालाब सिंचाई विभाग के अधीन हो गया इसके लिए सिंचाई विभाग को अवगत करवा दिया जाएगा ग्राम में बने अवैध स्पीड ब्रेकर जो काफी ऊंचे बनें हुए हैं और रात्रि को दिखाई नहीं देते हैं छोटे और स्लोप देकर बनाने, सहायक कृषि अधिकारी कार्यालय की छतें टपकती है मरम्मत होने तक दूसरा कार्यकाल भवन खाली पड़ा है उसमें शिफ्ट होने पर चर्चा कर प्रस्ताव लिए। नरेगा कच्चे कार्य में मजदूर और बढ़ा कर रोजगार उपलब्ध कराने की बात औम सिंह राठौड़ ने रखी । काफी कार्यों पर काफी बहस हुई। अंकेक्षण दल में नाथ लाल शर्मा जितेंद्र सिंह राठौड़ कोमल जांगिड़ रामावतार कुम्हार शंकर लाल खारोल इंदिरा गुर्जर शामिल थे। ग्राम विकास अधिकारी सरिता चौधरी जे टी ओ निर्मल कुमार सहित सी आर प्रतिनिधि महेंद्र खटीक और ग्रामीण केशव सिंह राठौड़ किशन लाल नौरत मल घासी राम पूर्ण जगदीश प्रसाद हीरा माली भैरु माली नाथूराम भील श्रवण गुर्जर औम सिंह राठौड़ गोपाल कुम्हार शिवराज हरिजन दिनेश कुमार त्रिलोक चंद दिनेश्वर सिंह राठौड़ बापू बन्ना संतरा देवी शांति सुरज्ञान कंचन देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कोटा दक्षिण में कांग्रेस पार्टी का संगठनात्मक विस्तार

### विधानसभा क्षेत्र मे सभी मंडलों पर अध्यक्षों की नियुक्ति

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावों की तैयारी के तहत ब्लॉक ए और ब्लॉक बी के सभी 11 मंडलों पर अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है।

प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा, ﾟयुवाओं को नेतृत्व में शामिल करना कांग्रेस की परंपरा रही है। उम्मीद है कि सभी नियुक्त पदाधिकारी पूर्ण निष्ठा और समर्पण से संगठन को मज़बूत करने का कार्य करेंगे।ﾟ

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल %जोन्टी% ने बताया कि पार्टी द्वारा अनुभव और नवजोश का संतुलन बनाते हुए यह नियुक्तियाँ की गई हैं। जहां संजय जैन, नरेंद्र सिंह हाडा, करण सिंह नरुका, चेतन माहुर, प्रेमराज पालीवाल और प्रवीण नंदवाना जैसे अनुभवी पदाधिकारियों को दुबारा मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं मनीष भारद्वाज, शहजाद खान, मोहम्मद सिद्दीक अंसारी, मयंक शर्मा और धर्मवीर मेघवाल जैसे ऊर्जावान और सक्रिय युवाओं को पहली बार संगठन में स्थान देकर नई ऊर्जा का संचार किया गया है।

ब्लॉक अध्यक्ष जोगेन्द्र बीरवाल %जोन्टी% ने भी नियुक्त सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि यह टीम संगठन की जड़ों को और अधिक गहरा करेगी तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएगी।

### नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों की सूची इस प्रकार है-

#### कोटा दक्षिण ब्लॉक ए

बसंत विहार - प्रवीण नंदवाना,विज्ञान नगर - शहजाद खान,किशोरपुरा - मोहम्मद सिद्दीक अंसारी,गुमानपुरा - मयंक शर्मा,दादाबाड़ी - संजय कुमार जैन,जवाहर नगर - करण सिंह नरुका

#### कोटा दक्षिण ब्लॉक बी

आर.के. पुरम - चेतन माहुर,सुभाष नगर - मनीष भारद्वाज,महावीर नगर - प्रेमराज पालीवाल,तलवंडी - नरेंद्र सिंह हाडा

केशवपुरा - धर्मवीर मेघवाल

## धरती आबा अभियान : आदिवासी क्षेत्रों में पहुंचाए जाएंगे सभी सरकारी लाभ

### जून माह में विशेष शिविरों का होगा आयोजन, धरती आबा के लिए जिले के 12 गांवों का हुआ है प्रारंभिक चयन

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 22 मई को धरती आबा अभियान के अर्न्तगत जिले के 12 गांवों में 15 से 30 जून तक शिविर लगाकर व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाएगा। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने जानकारी दी है कि भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) के अंतर्गत धरती आबा अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर 15 से 30 जून तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जिले के आदिवासी क्षेत्रों में अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और व्यक्तिगत लाभों की पूर्ण पहुंच सुनिश्चित करना है।

और उन्होंने बताया कि जिन गांवों में 50 फीसदी या 500 से ऊपर आदिवासी आबादी है वो धरती आबा के लिए चयन किए गए हैं। जिले के ऐसे 12 गांवों का प्रारंभिक चयन सूची अनुसार गैप आइडेंटिफिकेशन का कार्य कराया गया है। अजमेर जिले के सपनीखेड़ा, नया गांव मीणो का, भाण्डावास, पडालिया, गिरवरपुरा, बाढ़ का झोपड़ा, जीतापुरा, मोड़ी, शोक्या खेड़ा, गोरधा, पीपलिया, चीतावास गांव को सम्मिलित किया गया है। इस दौरान अजमेर जिला कलेक्टर श्रीमान लोक बन्धु ने बताया कि अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। संतृप्ति मोड में हर विभाग द्वारा पात्रतानुसार सर्वे करवाया गया है तथा 15 से 30 जून तक में चलने वाले शिविर में शासन के निर्देश पर वय वन्दन कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री जन धन खाता, जीवन बीमा, वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, मातृ एवं शिशु कल्याण के लिए टीकाकरण, आंगनबाड़ी लाभ आदि सेवाएं दी जाएंगी।

उन्होंने बताया कि अभियान में स्वास्थ्य, खाद्य, ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, कृषि, राजस्व, पंचायत और अन्य विभागों का समन्वय किया गया है। कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से आधार, ई-केवायसी और दस्तावेज़ीकरण की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। विभाग के समन्वय एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय स्वयंसेवकों की मदद से लाभार्थियों की पहचान और जागरूकता फैलाई जा रही है। घर-घर संतृप्ति कार्ड तथा व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। सभी शिविरों की निगरानी के लिए एक विशेष रिपोर्टिंग प्रणाली विकसित की गई है।

## निष्कासन श्रेणी वाले 31 मई तक खाद्य सुरक्षा से हटवा सकते हैं नाम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गिव-अप अभियान चलाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत निष्कासन श्रेणी में आने वाले अपात्र परिवार एवं लाभार्थी राशन की दुकान पर उपलब्ध स्व:घोषणा प्रार्थना पत्र भरकर राशन की दुकान पर जमा करवाकर स्वविवेक से 31 मई तक खाद्य सुरक्षा से अपना नाम हटवा सकते हैं। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि निष्कासन श्रेणी में आने वाले परिवार जिसमें कोई आयकर दाता नहीं है, जिसका कोई सदस्य सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्वायत्तशासी सस्थाओं में कर्मचारी, अधिकारी नहीं। एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय नहीं है एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन नहीं है (ट्रेक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन) को छोड़कर राशन का गेहूं प्राप्त करने के हकदार नहीं है।

## समाज सेवा शिविर में विद्यार्थीयो ने किया श्रमदान




बढ़ता राजस्थान

**अजमेर - सरवाड़ ( इक़बाल अहमद )।** सरवाड़ स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय विजय द्वार में समाज सेवा शिविर के तहत विद्यार्थी बढ़ चढ़कर श्रमदान कर रहे है। शिविर प्रभारी मुहम्मद आरिफ मंसूरी ने बताया कि इस शिविर में कक्षा 11 में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को सम्मिलित किया गया है। इनका एक दल बनाया गया है जो शिविर में भाग ले रहा है ।रोजाना शिविर की शुरुआत प्रार्थना से की जाती है।शिविर के तहत विद्यालय के कक्षा कक्षों की साफ सफाई , पौधों की निराई गुड़ाई ,फर्नीचर को व्यवस्थित करना, छतों की साफ सफाई इत्यादि एवम् विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कराई जा रही है । शिविर तय गाइडलाइन के अनुसार सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है जिसकी मॉनिटरिंग प्रधानाचार्य दीपक गौड़ के सानिध्य में की जा रही है। प्रभारी मंसूरी ने बताया कि यह शिविर 17 मई से शुरू होकर 31 मई को संपन्न होगा।

## प्रियंका गौतम स्टेशन मंडल मे मंत्री नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** भाजपा के वार्ड 65 से अध्यक्ष के पद पर नियुक्त प्रियंका गौतम को भाजपा महिला मोर्चा से स्टेशन मंडल कि कार्यकारिणी मे मंडल मंत्री बनाया गया है। प्रियंका ने इस अवसर पर पार्टी के जिला नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा की आदरणीय माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओर सांसदओम बिरला,हरी कृष्णा बिरला ,कोटा शहर जिला अध्यक्ष राकेश सभी का आभार जताते हुए पार्टी के दिये दायित्वों ओर संगठन के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के 12वी कला वर्ग के परिणम में सन शाइन ग्लोबल स्कूल बना फिर सिरमौर



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान ने 12वी का परिणाम घोषित किया । कला वर्ग में सन शाइन ग्लोबलसीनियर सेकेंडरी स्कूल टोंक के विद्यार्थियों ने फिर बाज़ी मारी । स्कूल की छात्रा मेहर अख़्तर ने 94.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय गुरुजनों और माता पिता कानाम रोशन किया ।इस प्रकार योगेंद्री चौधरी 93.60 प्रतिशत, मोहित वर्मा 93.51 प्रतिशत, रिद्धिमा जैन 91.80 प्रतिशत, लक्ष्य सुथार 90.40प्रतिशत, अनुज शर्मा 90 प्रतिशत, आर्यन श्रीवास्तव 90 प्रतिशत, तनिष्का चौधरी 90 प्रतिशत, गजराज सिंह 90 प्रतिशत प्राप्त किये ।

इसी तरह विज्ञान वर्ग में वंशिका जैन ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । विद्यालय की प्रधानाचार्या कामिनीश्रीवास्तव ने बताया की विद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए एव परिणाम 100 प्रतिशत रहा । इस अवसर पर खुशियाँ मनाई जा कर, आशीर्वाद दिया गया एव बच्चों के उज्वलभविष्य की कामना की ।विद्यार्थियों ने इस सफलता का श्रेय प्रधानचार्या कामिनी मेम के साथ साथसभी गुरुजनों एव अपनी कड़ी महनत को दिया ।

## कोटा से आये तीन बदमाशों ने किया युवक पर जानलेवा हमला

### एक को मोके पर पकड़ा, दो फरार दो दिन से कर रहे थे युवक की रेकी, पीछे से घर जाकर करता था पत्नी को परेशान

बढ़ता राजस्थान



**बून्दी ( अनन्त दाधीच )।** गुरुवार शाम कोतवाली थाना क्षेत्र के मीरा गेट चौराहा पर कोटा निवासी तीन युवकों ने बून्दी निवासी एक युवक पर चाकू व पाइपों से जानलेवा हमला कर दिया इससे वह गंभीर घायल हो गया इस दौरान बचाव करने आया युवक का साला अमित भी हमलावर की चपेट में आ गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम को जिला कलेक्ट्रेट में कार्यरत लिपिक दीपक गोड़ ऑफिस से ड्यूटी खत्म कर मीरा गेट जर्दा खाने गया था। इसी दौरान पहले से रेकी कर रहे कोटा निवासी तीन युवकों ने दीपक पर चाकू व पाईपों से ताबड़तोड़ वार कर दिए इससे कर्मचारी दीपक जमीन पर गिर किया। इस दौरान दीपक के साले अमित ने बीच बचाव किया तो तीनों युवकों ने अमित पर भी हमला कर दिया जिससे अमित के हाथ व सिर में चोट आई है। इस दौरान आपसी संघर्ष में आरोपी पक्ष का एक युवक गोविंद सुमन निवासी कंसुआ वारदात स्थल पर ही घायल हो गया ओर दो अन्य आरोपी हमला कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों युवकों को जिला अस्पताल लेकर आई जहां चिकित्सा घायलों का उपचार किया गया। घायल युवक दीपक गौड़ ने बताया कि हमलावर युवक गोविंद तीन लाख रुपये मांग कर परेशान कर रहा था। पिछले दो दिन से आरोपी गोविंद हमारे घर की रेकी कर रहा था ओर बुधवार शाम को भी आरोपी युवक हमारे घर आया वह पीछे से घर आकर पत्नी को भी परेशान करता था । पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सघन गुण नियंत्रण अभियान 10 जुलाई तक, 5 नमूने अमानक घोषित

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिले में सघन गुण नियंत्रण अभियान के अंतर्गत अब तक 60 से अधिक नमूने उर्वरक के लिए जा चुके हैं, जिसमें से 5 नमूने अमानक घोषित हो चुके हैं। जिले में कृषकों को सुगमतापूर्वक, निर्धारित दर एवं उच्च गुणवत्तायुक्त कृषि आदान यथा बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी रसायनों आदि की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 15 मई से 10 जुलाई तक चलाए जा रहे सघन गुण नियंत्रण अभियान में यह कार्रवाई की गई है। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान बुवाई के काम आने वाले उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी के नमूने, जिले में कार्यरत निरीक्षकों के द्वारा अधिकृत विक्रेताओ के संस्थानों से लिए जा रहे हैं। अमानक उर्वरक विक्रय करने वाले विक्रेताओं के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई गई है।

# पेयजल योजनाओं में गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करें : जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री

- जिले में जल जीवन मिशन की प्रगति पर जब स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने की गहन समीक्षा
- पेयजल परियोजनाओं में तेज़ी और गुणवत्ता की प्राथमिकता हेतु जन स्वास्थ्य मंत्री ने दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी तथा भू-जल विभाग के मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी ने गुरुवार को धौलपुर कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में संचालित पेयजल परियोजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण हों और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्राथमिक लक्ष्य है हर नागरिक को स्वच्छ, सुरक्षित और निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना। मंत्री ने कहा कि किसी भी परियोजना की सफलता उसकी गुणवत्ता और समयबद्धता पर निर्भर करती है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जो संवेदक टेंडर शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं या कार्य में लापरवाही बरत रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

**स्थायी समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों से समन्वय :** बैठक में मंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संवाद कर जिले की जल समस्याओं पर सुझाव लिए और अधिकारियों को निर्देश दिए कि उनकी मदद से स्थायी समाधान की रणनीति बनाई जाए। उन्होंने कहा कि गांव-ढाणी तक जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय ज़मीनी हकीकतों को समझना और उन्हें योजनाओं में सम्मिलित करना जरूरी है।

**जल जीवन मिशन के कार्यों में पारदर्शिता और गति :** जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि इन कार्यों को पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ तेज़ी से पूर्ण किया जाए, ताकि हर घर को 'नल से जल' का संकल्प वास्तविकता में बदल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के बाद प्रेशर टेस्टिंग अनिवार्य रूप से कराएं, और उसके बाद ही मिट्टी भराव करें। साथ ही, खुदाई के बाद निकला मलबा समय पर हटाया जाए और सड़कें पूर्ववत स्थिति में लौटें इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

**अवैध कनेक्शन पर सख्ती, जल के दुरुपयोग पर प्राथमिकी :** मंत्री श्री चौधरी ने अवैध जल कनेक्शनों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने दोहराया कि पेयजल की उपलब्धता सीमित है, और इसका उपयोग केवल घरेलू कार्यों तक ही सीमित रहना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति पेयजल का प्रयोग कृषि या व्यवसायिक उद्देश्यों में करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। इस अवसर पर बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, अधीक्षण अभियंता एच. के. अग्रवाल, राजकिरण यादव, पूर्व विधायक सुखराम कोली, रानी सिलोटिया, भाजपा नेता डॉ. शिवचरण कुशवाह, नीरजा शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर, उपाध्यक्ष धीर सिंह जादौन तथा जिले के सभी अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले में तपिश का दौर जारी, आज से आंधी चलने की संभावना, गर्मी से सब्जी की फसल को नुकसान

### 24 से 26 मई तक मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** तीन दिन में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सैल्सियस तक पहुंच चुका है। उसके बावजूद भी शहर में नगर परिषद की ओर से छिड़काव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया है तो वही न्यूनतम तापमान भी 28 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया है। जिससे दिन के साथ अब रात को भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। मौसम विभाग के अनुसार 24 से 26 मई तक भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। वहीं 22 व 23 मई को दोपहर बाद मेघ र्जन के साथ आंधी आने की संभावना जताई गई है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि अभी गर्मी से कोई राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। गर्मी के चलते खुले में काम करने वालों के हाल ज्यादा बेहाल हैं। ठेला, रिक्शा चलाने वाले, मंडी में बोरियां ढोने वाले, सब्जी विक्रेता एवं मेहनत का काम करने वालों को इन दिनों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में वे पेड़ों के नीचे बैठकर गर्मी से निजात पा रहे हैं।

**7700 हैक्टेयर में सब्जियों पर असर...**

सब्जियों की फसलें सूर्य देव की प्रचंड तपिश से झुलसने लगी हैं, जिससे फसलों की पैदावार पर असर पड़ने के कारण सब्जी लगाने वाले किसानों को आर्थिक नुकसान भुगतना पड़ेगा। होर्टी कल्चर विभाग के अनुसार जिले में करीब 7700 हेक्टेयर में सब्जियों की बुआई की गई है। डा. तनुज चौधरी ने बताया कि सब्जियों के लिए 35 डिग्री सेल्सियस तापमान माकूल होता है। ऐसे में अधिक तापमान बढ़ने से सब्जियों के लिए नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि किसानों के इन दिनों फव्वारा सिंचाई एवं नियमित सिंचाई करनी चाहिए जिससे बढ़ते तापमान से होने वाले नुकसान से सब्जियों की फसल को बचाया जा सकता है।

# जिला कलक्टर ने की कृषि व उद्यान विभाग की योजनाओं की समीक्षा

## सम्पर्क पोर्टल के प्रकरण निस्तारण में लापरवाही पर कृषि सहायक निदेशक को नोटिस

बढ़ता राजस्थान



**हनुमानगढ़,( राजेश खारड़ू )।** जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में गुरुवार को कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की प्रगति समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। सहायक निदेशक डॉ. संजीव कुमार को प्रकरणों का समय पर निस्तारण नहीं करने पर नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से पोर्टल की मॉनिटरिंग करें और प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने डीएपी और यूरिया की मांग को गत वर्ष की तुलना में बढ़ाकर भिजवाने के निर्देश दिए। बीटी कपास बर्निंग से फसल को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए एडवाइजरी जारी कर प्रचार-प्रसार करवाने के निर्देश भी दिए गए। पिछले दिनों रावतसर में पकड़े गई नकली डीएपी के प्रकरण में डीआईजी स्टाम्प की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर दुबारा जांच करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि फोरामेन टेप योजना के लक्ष्यों में 10 से 15 प्रतिशत बढ़ोतरी की जाए तथा 1 से 15 जून के बीच योजना को धरातल पर उतारा जाए। सभी कंपनियों से क्षेत्रवार लक्ष्य तय कर कृषि पर्यवेक्षकों द्वारा किसानों को प्रेरित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

**डिग्गी और फार्म पॉण्ड कार्यों की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी :** डिग्गी व फार्म पॉण्ड कार्यों में 100 प्रतिशत प्रगति नहीं होने पर जिला कलक्टर ने नाराजगी जताते हुए संयुक्त निदेशक को जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। कार्य अधूरे रहने के कारणों की रिपोर्ट मांगी गई। राजीविका समूहों व बीपीएल परिवारों को मिनीकिट वितरण में वरीयता देने तथा ढेंचा बीज उत्पादन हेतु किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। एक वर्ष में सभी दुकानों से बीज, उर्वरक व कीटनाशी के सैम्पल लिए जाने के आदेश दिए गए। पूर्व में लिए गए अमानक सैम्पलों पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी मांगी गई। जिला कलक्टर ने कहा कि फ्लैगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की हर 15 दिन में समीक्षा की जाएगी ताकि योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंचे। उप निदेशक उद्यान विभाग को पीएम कुसुम योजना के लिए का अधिक से अधिक प्रचार करने तथा प्रत्येक कृषि पर्यवेक्षक को 5 सोलर कनेशन का लक्ष्य सौंपने के निर्देश दिए। हरियालो राजस्थान योजना के तहत साइट चिह्निकरण के निर्देश दिए गए।

# कार सवार बदमाशों ने किया इंजीनियरिंग छात्र का अपहरण लोगों का पीछा करने पर चलती कार से धक्का देकर फेंका

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** शिवदासपुरा थाना इलाके में इंजीनियरिंग छात्र का अपहरण करने का मामला सामने आया है। जानकारी में सामने आया कि शोर सुनकर लोगों के पीछा करने पर अपहरणकर्ताओं ने चलती कार से इंजीनियरिंग छात्र को धक्का देकर रोड पर फेंक दिया। पीड़ित छात्र ने अपहरण का मुकदमा दर्ज करवाया। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को राउंडअप कर कार को जब्त किया है। फिलहाल पूछताछ की जा रही है। एएसआई घनश्याम ने बताया कि बारां के अटरू निवासी प्रिंस मीणा (18) का अपहरण हुआ था, जो शिवदासपुरा में श्रीराम की नंगल में किराए पर रहकर प्राइवेट कॉलेज में इंजीनयिरिंग फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहा है। जो बुधवार की देर शाम को गोनेर मोड़ से पैदल अपने घर जा रहा था। इसी दौरान एक कार उसके पास आकर रुकी औश्र उसमें बैठे दो लड़कों ने जरुरी काम होने की बताकर बात करने के लिए मोबाइल मांगा। बात करने की जगह मोबाइल को लेकर बैठ गए। मोबाइल मांगने पर दोनों लड़कों ने मारपीट कर कार में डालकर उसका अपहरण कर लिया। अपहरण कर ले जाने के दौरान चलती कार से प्रिंस मीणा ने शोर मचाया तो इसकी मदद के लिए इकट्ठा हुए लोगों ने कार का पीछा करने पर अपहरणकर्ताओं ने चलती कार से प्रिंस को धक्का देकर रोड पर फेंक दिया। लोगों ने पीछा कर घेराबंदी कर कार को पकड़कर रुकवा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपियों को राउंडअप कर कार को जब्त किया। अपहरण में पकड़े आरोपी मोहित मीणा और उसके नाबालिग दोस्त ने पूछताछ में मौज-मस्ती के लिए रुपए वसूली के लिए अपहरण करना बताया है।

# 4 एनआर (निहालपुरा) में रात्रि चौपाल, सीईओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा और सुनी जन समस्याएं



बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़,( राजेश खारड़ू )।** पीलीबंगा पंचायत समिति की 4एनआर (निहालपुरा) ग्राम पंचायत में मंगलवार रात्रि को जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री ओ.पी. बिश्नोई की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई और विकास कार्यों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। ग्राम पंचायत में खेल मैदान, ओपन जिम, पंचायत भवन, पंचायत पौधशाला सहित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। श्री बिश्नोई ने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने गांव में प्रतिदिन पेयजल आपूर्ति की मांग उठाई। इस पर जलदाय विभाग के सहायक अभियंता को समय पर नहर से जल आपूर्ति हेतु ठोस कार्यवाही के निर्देश दिए गए। पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने के लिए थ्री फेज लाइन से बिजली कनेक्शन जोड़ने की मांग पर, विद्युत विभाग को जलदाय विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक प्रावधान करने के निर्देश दिए गए। गांव के निकट स्थित हड्डारोड़ी को अन्यत्र स्थानांतरित करने की ग्रामीणों की मांग पर, तहसीलदार को नई भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। पिछले 6-7 वर्षों से गांव में राशन डिपो द्वारा राशन नहीं बांटे जाने तथा ग्रामीणों को अन्य पंचायतों से राशन प्राप्त करने की मजबूरी की समस्या पर रसद अधिकारी को वैकल्पिक व्यवस्था कर स्थानीय स्तर पर राशन वितरण शुरू कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विकास अधिकारी, तहसीलदार, सहायक अभियंता सहित ब्लॉक स्तर के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जैव विविधता दिवस पर तालुका विधिक सेवा समिति और मिशन ग्रीन ने किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान



**हनुमानगढ़,( राजेश खारड़ू )।** पीलीबंगा:मिशन ग्रीन संस्था ने गुरुवार को विश्व जैव विविधता दिवस पर पौधारोपण किया।संस्था अध्यक्ष ओमवीर सिंह राघव के अनुसार प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास थीम पर गुरुवार को विश्व कल्याण में सहायक जैव विविधता विषय पर आधारित विश्व जैव विविधता दिवस मनाया गया।संस्था के शकील खान अब नितेश गर्ग ने कहा कि जैव विविधता हमारे ग्रह के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमें भोजन, दवा, स्वच्छ पानी, और आश्रय प्रदान करती है। यह हमारी जलवायु को नियंत्रित करने में भी मदद करती है और पृथ्वी को एक स्वस्थ और रहने योग्य जगह बनाती है।इसके संरक्षण पर बल देते हुए तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव अरमान सोनी ने कहा कि जैव विविधता को संरक्षित करना हमारे ग्रह की भलाई के लिए महत्वपूर्ण है। हम सभी को जैव विविधता के महत्व को समझने और इसके संरक्षण में मदद करने के लिए प्रयास करना चाहिए।इस मौके पर शकील खान, ओमवीर सिंह राघव,नितेश गर्ग, अनमोल गर्ग,प्रवीण कुमार, राजन,विपुल गर्ग,वरुण गर्ग, उग्रसेन जाखड़,सुनील कुमार, कमल कामरा,प्रिंस गर्ग,लकी गर्ग,जयंत सोनी,राजेश सिंगला अफरोज खान आदि मौजूद थे।

# सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

## बिना अनुमति अवकाश पर मिले चिकित्सक, वेतन रोकने के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने गुरुवार को धौलपुर ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पचगांव, तसीमो तथा कैथरी का औचक निरीक्षण किया, जहां उन्होंने लू तापघात प्रबंध, साफ-सफाई और चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पीएचसी कैथरी पर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी तथा नर्सिंग अधिकारी सक्षम स्तर से अनुमति के बिना अवकाश पर मिले। जिस पर सीएमएचओ डॉ. मीणा ने गहरी नाराजगी जताते उनका इस माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने गंदगी पाए जाने और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने पर उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि साफ-सफाई के कार्य में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सफाई व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तसीमो पर भी चिकित्सा अधिकारी बिना अनुमति अवकाश पर मिला जिस पर उन्होंने वेतन रोकते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। यहां भी उन्होंने साफ सफाई दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लू ताप घात को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना, मुफ्त जांच और दवा वितरण जैसी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कार्मिकों को निर्धारित ड्रेस कोड में नियमित समय पर मुख्यालय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, प्रसूता वार्ड, और जांच केंद्र का निरीक्षण करते हुए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# सार्वजनिक कुएं से अतिक्रमण हटाया : पालिका टीम ने की कार्रवाई, जेसीबी से कब्जा मुक्त कराया

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी में नगर पालिका प्रशासन ने होद मोहल्ले की चकाचक वाली बगीची के पास स्थित सार्वजनिक कुएं से अतिक्रमण हटाया है। यह कार्रवाई स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद की गई। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश और जांच की। जेसीबी की मदद से कुएं पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमणकारियों को भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी दी गई। दो दिन पहले शहर के कई लोगों ने उपखंड अधिकारी और नगर पालिका कार्यालय में ज्ञापन दिया था। उन्होंने शिकायत की थी कि बरसों पुराने सार्वजनिक कुएं पर आसपास के लोगों ने कब्जा कर लिया है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, कुएं के पास दीवार बनाकर मंदिर बनाने का प्रयास किया जा रहा था। साथ ही नगर पालिका की करीब तीन बीघा भूमि पर भी अतिक्रमण की शिकायत की थी। जिसकी जांच की जा रही है। नगर पालिका प्रशासन ने स्थायी और अस्थाई दोनों प्रकार के अतिक्रमण को हटा दिया है। प्रशासन ने उपखंड अधिकारी को पूरी कार्यवाही से अवगत करा दिया है। नगर पालिका की भूमि पर किए गए कथित अतिक्रमण की जांच जारी है।

# डीएम ने बिना लाइसेंस चिकित्सकों की जांच के लिए बनाई कमेटी, सात स्थानों पर छापा मारा, क्लीनिक बंद मिले

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर, (राजू शर्मा)। शहर में दो दिन पूर्व झोलाछाप चिकित्सक के गलत उपचार के चलते एक युवक की मौत मामले में बाड़ी एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने जांच टीम का गठन किया है। जो शहर में झोलाछाप चिकित्सकों के खिलाफ जांच और कार्रवाई करेगी। डॉ. मीणा ने बताया कि उनकी टीम में डॉ. घनश्याम, डॉ सुनील कुमार, आई ए सोनू कुमार, फार्मासिस्ट यशवीर कुमार एवं पुलिस जाप्ते के साथ सबसे पहले शहर के अंबेडकर पार्क के पास स्थित गली में संचालित डॉ. ठाकुर दास के क्लीनिक पहुची जिस पर ताला लगा मिला। इसके बाद गर्ल्स स्कूल, तुलसीवन रोड, रेलवे फाटक, सैपऊ रोड, बसेड़ी रोड, सरमथुरा रोड, संत नगर रोड पर चिन्हित किये गए झोलाछाप चिकित्सकों के यहां कार्रवाई करने पहुंची लेकिन सभी केंद्र बंद मिले। वहीं कसाई पाड़ा में भी कोई सेंटर खुला हुआ नहीं मिला। साथ में धनोरा रोड और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में जाकर भी झोलाछापों की तलाश की है लेकिन सभी गायब मिले। कार्रवाई के दौरान दुकारदारों को भनकलगते ही सभी ने अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर वहा से गायब हो गए। टीम के निरीक्षण में क्लिनिक बंद मिले। शहर में मेडिकल स्टोर की आड़ में मरीजों को देखने और प्रेक्टिस करने की भी शिकायत मिली है। जिसको लेकर ऐसे मेडिकल स्टोर संचालकों को नोटिस दिए गए हैं।

# दो पुस्तकों का थाईलैंड में विमोचन 26 को

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय बाड़ी निवासी डॉ. निशा अग्रवाल पुत्री जगदीश प्रसाद मंगल की दो पुस्तकों का विमोचन 26 मई को थाईलैंड में होगा। डॉ. निशा अग्रवाल ने बताया कि इनमें पहली पुस्तक एक शोध ग्रंथ है, जो सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ गुजरात के सामाजिक विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. जनक सिंह मीणा के निर्देशन में तैयार की गई है। दूसरी पुस्तक सौहार्द सिंधु सौरभ सौहार्द शिरोमणि संत सौरभ के जीवन, विचारों और समाज सेवा पर आधारित एक प्रेरक रचना है। दोनों पुस्तकों का इस प्रकार किसी दूसरे देश में एक राष्ट्रीय कार्यक्रम में विमोचन होना उनके लिए एक सफलता का क्षण है। गौरतलब यही की डॉ. निशा अग्रवाल ने शिक्षा के क्षेत्र में अब तक 22 से अधिक पुस्तकों की रचना की है।

# पीएम मोदी ने बीकानेर से किया पुनर्विकसित बून्दी रेलवे स्टेशन का लोकार्पण

## स्पीकर बिरला ने क्षेत्रवासियों की ओर से प्रधान मंत्री मोदी का जताया आभार

बढ़ता राजस्थान



**बून्दी (अनन्त दाधीच)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अमृत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए गए बून्दी रेलवे स्टेशन का राजस्थान के बीकानेर से वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। यहां बून्दी में आयोजित कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मिलित हुए। इस अवसर लोकसभा अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित बूंदी रेलवे स्टेशन आधुनिक विकास और सांस्कृतिक विरासत के अद्वितीय संगम का प्रतीक है। यह स्टेशन न केवल एक आधुनिक सुविधायुक्त यात्री केंद्र है, बल्कि यह नए भारत की नई सोच, नई दृष्टि और प्रगति की तस्वीर भी प्रस्तुत करता हैं। बिरला ने कहा कि बूंदी आज एक नई पहचान की ओर अग्रसर है। हमारा निरन्तर प्रयास है कि बून्दी को पर्यटन के क्षेत्र में नई पहचान मिले। इस दिशा में कई बड़े कार्य हुए है और कई जारी है। विरासत के साथ विकास, इसी संकल्प के साथ बून्दी को संवारने का हमारा लक्ष्य है। चाहे खेल हो, स्वास्थ्य हो, शिक्षा हो, पर्यटन हो या बुनियादी ढांचा हो, आने वाले समय में बून्दी की तस्वीर बदलने वाली है। कार्यक्रम में भीषण गर्मी होने के बावजूद लोग जमे हुए थे।

**निरन्तर बेहतर हो रही रेल कनेक्टिविटी :** बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में रेल नेटवर्क का तेजी से विस्तार हो रहा है और यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिल रही हैं। बीते 11 वर्षों में कोटा-बूंदी क्षेत्र में प्रमुख और उप-नगरीय रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास हुआ है। नई रेल सेवाओं और मेमू ट्रेनों के संचालन से आवागमन आसान हुआ है। बूंदी में वंदे भारत के ठहराव से पर्यटन को बल मिलेगा। कोटा, रामगंजमंडी, मोड़क, केशवरायपाटन, बूंदी, कापरेन, दीगोद और अरनेठा जैसे स्टेशनों पर 14 ट्रेनों के ठहराव से यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिली है।

**यात्रियों को मिलेगी आधुनिक सुविधाएं :** बून्दी रेलवे स्टेशन को 8.15 करोड़ की लागत से आधुनिक स्वरूप दिया गया है। जिसमें सुविधा, सुंदरता और विरासत का समन्वय दिखाई देता है। भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक फसाड, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, नया टिकट काउंटर, स्वच्छ मॉडर्न टॉयलेट, दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप जैसी सुविधाएं शामिल की गई हैं।

स्टेशन को पूरी तरह दिव्यांगजन-फ्रेंडली बनाया गया है ताकि सभी यात्रियों को सहज, सुरक्षित और आधुनिक परिवेश में यात्रा का अनुभव मिल सके। इस दौरान बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल,कुंज बिहारी बिल्या, सुरेश अग्रवाल, संजय लाठी, महिला मोर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव, आशा मीणा, जिला परिषद सदस्य अर्चना हाड़ा, सही कहीं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 7 दिन में मुआवजा राशि नहीं मिली तो कलेक्ट्रेट पर आमरण अनशन सीएमओ को ही गलत रिपोर्ट भेज दी औरों का क्या होता होगा : चर्मेश शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी (अनन्त दाधीच)।** तलवास अग्निकाण्ड में पीड़ित परिवार को मुआवजे के संदर्भ में बूंदी जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री कार्यालय को गलत रिपोर्ट भेजने और अभी तक बूंदी निवासी पीड़ित परिवार को मुआवजा नही मिलने को राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने जिला प्रशासन की गंभीर लापरवाही बताया है। शर्मा ने कहा है की गुरुकुल में अध्ययनरत छात्र स्व.रितेश शर्मा के परिवार को सप्ताह भर में मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया तो इस मामले में जिला कलेक्ट्रेट के बाहर आमरण अनशन शुरू किया जायेगा।

### दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग

शर्मा ने इस मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर गुरुकुल के छात्र स्व.रितेश शर्मा के पिता लोकेश शर्मा के पीड़ित परिवार को तत्काल मुआवजा देने के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय को गलत जवाब भेजने के दोषी प्रशासनिक अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### मुख्यमंत्री को गलत रिपोर्ट भेजना दुर्भाग्यपूर्ण

इस मामले में राजस्थान बीज निगम पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बूंदी जिला प्रशासन के द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री को ही पीड़ित परिवार को मुआवजे के सफलता पूर्वक भुगतान की गलत रिपोर्ट भेज दी गयी है। शर्मा इस बात पर सवाल उठाया कि जब जिला कलेक्टर कार्यालय के द्वारा मुख्यमंत्री को ही गलत रिपोर्ट भेजी जा रही है तो औरों का क्या होता होगा ।

# रॉबिन स्कूल का कॉमर्स और आर्ट्स का रहा 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा( नि.स. )।** नगर परिषद निंबाहेड़ा के श्रीनाथ नगर मेंकई वर्षो से संचालित रॉबिन स्कूल का कक्षा 12 का 100 त्न परीक्षा परिणाम रहा यह जानकारी रोबिन स्कूल के संचालक दीपक जैन ने बताया कि सब से अधिक आर्ट्स में मूमल कुंवर शेखावत के 95.20 त्न जिस के पॉलिटिकल में 99 नंबर ओर हिस्ट्री में 98 बने उसी तरह से कॉमर्स के हर्षिता बगेरिया 80.20त्न बने जिस में अकाउंट्स में 97 अंक प्राप्त किए विद्यालय में खुशी का माहौल रहा और संचालक ने सभी टीचरों को बधाई दी वह विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर ओर ओपरणा पहना कर सम्मानित किया गया ।

# भीलवाड़ा निवासी बॉलीवुड अभिनेता समीर खान के बढ़ते कदम

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा) । स्थानीय सुभाष नगर निवासी स्वर्गीय कंपाउंडर मोहम्मद सलीम खान के पुत्र मतीन खान, जो फिल्म जगत में समीर खान के नाम से जाने जाते हैं, अब फिल्म उद्योग के सुपरस्टार सलमान खान के भाई अरबाज खान के साथ एक फैशन शो में भाग लेने जा रहे हैं। यह कार्यक्रम आगामी 31 मई 2025 को मुंबई की फिल्म नगरी अंधेरी पश्चिम स्थित मयोर्स हॉल में आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि अरबाज खान होंगे और समीर खान शो के मुख्य आकर्षण (शो स्टॉपर) के रूप में प्रस्तुत होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बॉलीवुड की 'दबंग' फिल्म में चुलबुल पांडे का किरदार निभा चुके अभिनेता सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान ने दो दर्जन से अधिक सुपरहिट फिल्मों में अभिनय किया है। उनकी सबसे चर्चित फिल्में 'हेलो ब्रदर' और 'दरार' रही हैं, जिसके लिए वर्ष 1997 में उन्हें सर्वश्रेष्ठ खलनायक का फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त, अरबाज खान के निर्देशन में बनी मनोरंजन से भरपूर फिल्म 'दबंग' के लिए वर्ष 2011 में तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा पाटिल द्वारा उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ऐसे चर्चित अभिनेता और निर्देशक के साथ भीलवाड़ा निवासी अभिनेता समीर खान को इस फैशन शो में शो स्टॉपर के रूप में अनुबंधित किया गया है।

# उच्च रक्तचाप जागरूकता कैंपेन के अंतर्गत दो पहिया वाहन रैली का हुआ आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़ (नि.स.)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला श्रीगंगानगर के निर्देशानुसार एनसीडी क्लीनिक सूरतगढ़ और कॉन्सेप्ट इंस्टिट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में उच्च रक्तचाप जागरूकता के लिए दो पहिया वाहन रैली का आयोजन किया गया। कॉन्सेप्ट इंस्टीट्यूट के प्रतीक सेतिया ने बताया कि दो पहिया वाहन रैली की शुरुआत महाराजा सिनेमा हॉल के बाहर से किया गया। यह दो पहिया वाहन रैली शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए आमजन को उच्च रक्तचाप के प्रति जागरूक किया। रैली में शामिल विद्यार्थियों ने अनुशासन दिखाते हुए सावधानी से सफलतापूर्वक रैली को संपन्न किया। रैली के समापन पर इंस्टिट्यूट के संजय मिड्ढा ने सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हाइपरटेंशन आज हर घर की समस्या बन चुका है। इसलिए हमें समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का परीक्षण जरूर करवाना चाहिए। एमसीडी काउंसलर दीपक शर्मा ने कॉन्सेप्ट इंस्टीट्यूट का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उच्च रक्तचाप जागरूकता के लिए एनसीडी क्लीनिक द्वारा अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है ताकि लोगों में हाइपरटेंशन के प्रति जागरूकता पैदा की जा सके। इस अवसर पर कॉन्सेप्ट इंस्टिट्यूट के प्रतिक सेतिया, संजय मिड्ढा, नितिन शर्मा, एनसीडी काउंसलर दीपक शर्मा, एनसीडी डाटा एंट्री ऑपरेटर सूरज प्रताप सेतिया और इंस्टिट्यूट के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# केसरी नंदन अखाड़े के पहलवानों ने जीते स्वर्ण पदक



बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा) । बारां में राजस्थान कुश्ती संघ एवं बारां जिला कुश्ती संघ के तत्वावधान में आयोजित राजस्थान राज्य सब-जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में भीलवाड़ा के केसरी नंदन व्यायामशाला के पुरुष एवं महिला पहलवानों ने स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक जीतकर भीलवाड़ा को गौरवान्वित किया। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद एवं केसरी नंदन व्यायामशाला (टंकी के बालाजी) के अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक श्री जगदीश जाट ने बताया कि यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 20 से 22 मई तक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 48 किलोग्राम फ्री स्टाइल पुरुष वर्ग में मनीष माली ने स्वर्ण पदक, जबकि 45 किलोग्राम ग्रीको रोमन शैली में नीरज नाथ ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं पुरुष वर्ग के ही 48 किलोग्राम फ्री स्टाइल में सोनू जाट ने कांस्य पदक जीता।प्रशिक्षक जाट ने बताया कि महिला वर्ग में केसरी नंदन व्यायामशाला की पहलवान खुशी जाट ने 73 किलोग्राम वर्ग में अजमेर की पहलवान को हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रकार, 49 किलोग्राम वर्ग में चारवी माली ने रजत पदक प्राप्त कर भीलवाड़ा का नाम रोशन किया।

प्रशिक्षक जाट ने आगे बताया कि स्वर्ण पदक विजेता पहलवान अब 25 से 27 मई तक हरियाणा के पलवल में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर व्यायामशाला के संरक्षक श्री राधेश्याम बाहेड़िया, अध्यक्ष श्री सेवालाल जाट, सचिव अरुण शर्मा, भारतीय रेलवे के पहलवान लाल जाट, शंकर लाल जाट, नरेंद्र, छोटूलाल माली, भेरू पटेल, पियूष शर्मा, विष्णु नकवाल, धनराज माली, सह-प्रशिक्षक मुकेश जाट, नवीन मारू तथा व्यायामशाला के समस्त पहलवानों ने प्रशिक्षक व पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी एवं व्यायामशाला पहुँचने पर उनका स्वागत किया।

### भीलवाड़ा पुलिस की साइबर अपराधियों पर लगातार कड़ी कार्यवाही

# 1.74 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के एक मामले में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** जिले में साइबर अपराध के मामलों में पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में 1.74 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के एक मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अब तक कुल 48.39 लाख रुपये की राशि पीड़ित को बैंक खाते में रिफंड करवाई जा चुकी है।

आरोपियों ने दिल्ली में एक फर्जी फर्म बनाकर गोल्ड ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट के नाम पर लोगों से ठगी की योजना चलाई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपियों के बैंक खातों पर महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, बिहार, तमिलनाडु सहित देशभर से करोड़ों रुपये की साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं।भीलवाड़ा निवासी एक व्यवसायी से की गई इसी तरह की ठगी के मामले में साइबर पुलिस थाना, जिला भीलवाड़ा में प्रकरण संख्या 05/2025 भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(4), 61(2) बीएनएस एवं 66 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के अंतर्गत दर्ज किया गया था। प्रकरण की जांच के दौरान पुलिस टीम ने बैंक व नोडल अधिकारियों से समन्वय कर 60 लाख रुपये विभिन्न खातों में होल्ड करवा दिए। निरंतर प्रयासों के बाद पुलिस ने दिल्ली से दो आरोपियों सरताज अली और मोहम्मद अख्तर अंसारी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सरताज अली, उम्र 38 वर्ष, मूल निवासी मीरपुर, थाना अगोता, जिला बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) है और वर्तमान में के-268, फर्स्ट फ्लोर, फ्लैट नंबर 1, हौजरानी, थाना मालवीय नगर, दक्षिणी दिल्ली में रह रहा था। दूसरा आरोपी मोहम्मद अख्तर अंसारी, उम्र 48 वर्ष, मूल निवासी ग्राम पोस्ट जोरी, थाना वशिष्ठ नगर, जिला चतरा (झारखंड) है।

वर्तमान में वह 268-स्न/2-श्व/त्रस्न, हौजरानी, थाना मालवीय नगर, दक्षिणी दिल्ली में निवास कर रहा था। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पारस मल जैन के निकटतम पर्यवेक्षण में की गई।

# गणेश विदाई व भजन संध्या में किया भामाशाहों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**नैनवाँ,( टी आर सैनी )।** नैनवां क्षेत्र में पाण्डुला में धाकड़ समाज का 27वां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। बुधवार देर शाम को गणेश विदाई और भामाशाह सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इसके बाद रात में भजन संध्या का प्रोग्राम हुआ जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नैनवां प्रधान रहे इस दौरान कार्यक्रम में उन्होंने बोलते हुए कहा कि समाज की एकता से ही यह कार्यक्रम संभव हुआ है। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। प्रसादी का भोग लगाने के बाद गणेश विदाई की रस्म पूरी की गई। सम्मेलन अध्यक्ष पदम नागर और मीडिया प्रभारी श्योजीलाल धाकड़ के अनुसार कार्यक्रम में 47 भामाशाहों को सम्मानित किया गया। नैनवां प्रधान पदम नागर, जगदीश, ओम प्रकाश, मोरपाल, मोहन, प्रहलाद पटेल और शंकर जी प्रमुख भामाशाहों में शामिल रहे। रात्रि में भजन संध्या और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सोनम गुजरी एंड पार्टी ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। गायक सीताराम लांगड़ा ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। सोनम गुजरी जयपुर और प्रकाश माली मेहंदवास ने राजस्थानी और मारवाड़ी भजन प्रस्तुत किए। नृत्यगण अनोखी राजस्थानी भीलवाड़ा, पलक राजस्थानी भीलवाड़ा और पिंकी कोटा ने नृत्य प्रस्तुति दी। कॉमेडियन मुकेश छैला ने हास्य प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन किया। कार्यक्रम में नागरचाल 108 गांव धाकड़ समाज अध्यक्ष रमेश नागर, प्रदेश प्रवक्ता मुकेश नागर, संस्थान अध्यक्ष हेमराज नागर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी की शौर्य शक्ति यात्रा ने मुख्य बाजारों से निकलकर वातावरण को किया गुंजायमान




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** विश्व हिंदू परिषद की दुर्गावाहिनी की बहनों द्वारा पूर्ण गणवेश में शौर्य संचलन यात्रा नगर के मुख्य बाजारों से निकाली गई। इस शौर्य यात्रा में बहनों ने बजरंगी चौराहे पर अखाड़ा प्रदर्शन भी किया। यह यात्रा रेलवे स्टेशन कंट्रोल रूम से सायं 5:30 बजे प्रारंभ होकर गोल प्याऊ चौराहा, बाजार नंबर 3, आजाद चौक, बजरंगी चौराहा, भीमगंज थाना, हिंदू महासभा कार्यालय, सराफा बाजार, बड़ा मंदिर, धान मंडी होते हुए शहीद चौक पर सम्पन्न हुई। इस शौर्य शक्ति यात्रा में सरकारी दरवाजा व्यापारिक मंडल, आजाद चौक व्यापारी मंडल, श्रीराम गो सेवा मंडल, अधिकार मंच, सराफा बाजार एसोसिएशन, शहीद चौक व्यापारी मंडल, पूर्व छात्र परिषद तथा विद्या भारती द्वारा पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया एवं पेयजल की उचित व्यवस्था की गई। जगह-जगह भारत माता की जय, पत्थर कर दे पानी-पानी, जय भवानी जैसे गगनभेदी नारों से माहौल गुंजायमान हो गया। शक्ति यात्रा में बहनों ने घोष के साथ कदम से कदम मिलाते हुए सहभागिता की। 10 वाहिनियों का गठन किया गया था जिनमें दंड, तलवार, ध्वज आदि शामिल थे। बहनों का पूर्ण गणवेश, केसरिया साफा और कटार आकर्षण का केंद्र रहा। वर्ग प्रमुख प्रीति साहू, शारीरिक प्रमुख लोपामुद्रा जोशी, सह प्रमुख सोनाली जांगिड़, बौद्धिक प्रमुख स्वीटी शर्मा, सह प्रमुख गायत्री सहित अन्य शिक्षिकाएं—नहल, आयुषी, गुनगुन, शिप्रा, वैदेही, यशोदा, जयश्री, अर्पिता, माही, किरण, आराधना, संतोष, तनीषा, कशिश, प्रेक्षा, आस्था, नाव्या और प्रबंधिका शोभा पारित—का विशेष योगदान रहा।

शौर्य संचलन का समापन शहीद चौक स्थित दूधाधारी मंदिर परिसर में दुर्गावाहिनी की प्रार्थना के साथ किया गया। संचलन के दौरान नगरवासियों में हिंदुत्व के प्रति विशेष उत्साह देखने को मिला।

# महेश प्रो कबड्डी में भोपालगंज विजेता, सुभाष नगर उपविजेता, आरकेआरसी टीम रही तृतीय

## बसंत विहार गांधी नगर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा द्वारा प्रायोजित महेश प्रो कबड्डी का हुआ समापन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाडा ( नि.स. )।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 2025 के तहत बसंत विहार गांधी नगर क्षेत्रीय माहेश्वरी सभा द्वारा प्रायोजित महेश प्रो कबड्डी के मैच दो मैच दुधिया रोशनी में बुधवार देर रात आयोजित हुए। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की प्रथम मैच तृतीय स्थान के लिए आरकेआरसी और बसंत विहार के बीच खेला गया जिसमें आरकेआरसी टीम विजेता रही। द्वितीय मैच भोपालगंज टीम में सुभाष नगर टीम के बीच हुआ जिसमें भोपालगंज टीम ने 35 अंको (82-47) से जीत दर्ज कराई । ये जीत अब तक की फाइनल में होने वाली सर्वश्रेष्ठ जीत है। महेश प्रो कबड्डी के आयोजन को सफल बनाने मे खेलकूद प्रभारी कैलाश अजमेरा व अर्चित मून्दड़ा, कबड्डी प्रतियोगिता के प्रभारी सुधीर बाहेती सहित सत्येंद्र बिरला, राजेंद्र बिरला, महेश जाजू, परीक्षित नामधर, विनय माहेश्वरी, मनीष अजमेरा, कुंज बिहारी चांडक, हर्ष राठी, विनय लढ़ा, अंशुल ईनाणी, रचित मालू का विशेष सहयोग रहा। आयोजन मे अतिथि के रूप में एसएन मोदानी, चिकित्सा मंत्री माहेश्वरी समाज जयपुर डॉ अरुण परतानी, श्रीगोपाल राठी, राजेन्द्र कचोलिया, एलएन डाड, भेरूलाल बाल्दी, श्रीकांत बाल्दी, कमल सोनी, राहुल समदानी ने भगवान महेश के द्वीप प्रज्वलित कर आयोजन की शुरुआत की। नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, मंत्री संजय जागेटिया, संयोजक राधेश्याम सोमानी, सह संयोजक सुरेश बिडला व केजी राठी, अतुल राठी, अभिजीत सारडा, प्रह्लाद नुवाल, प्रमोद डाड, अंकित लाखोटिया, सहित कई समाज जन मौजूद रहे।

# राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा गंगधार चौमहला का जिला स्तरीय स्नेह मिलन समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा गंगधार चौमहला का जिला स्तरीय स्नेह मिलन समारोह शुक्रवार को अग्रवाल धर्मशाला में मनाया जाएगा। स्थानीय उप शाखा अध्यक्ष रामगोपाल शर्मा ने बताया कि स्नेह मिलन समारोह में जिले की सभी उप शाखाओं के अध्यक्ष एवं सदस्य भाग लेगे,समारोह में प्रांतीय अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर ,प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सिंह चंदेल ,प्रदेश मंत्री नारायण सिंह भाटी सहित प्रदेश पदाधिकारी भाग लेगे।

स्नेह मिलन समारोह में पेंशनर समाज की समस्याओं पर चर्चा भी की जाएगी साथ ही समारोह में 80 साल व इससे अधिक आयु के पेंशनरों का सम्मान किया जाएगा।



# कान्स 2025 में ऐश्वर्या राय बच्चन का देसी अंदाज

## मांग में सजा लाल सिंदूर बना चर्चा का केंद्र, ऑपरेशन सिंदूर के बीच सामने आया लुक

बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन 21 मई को कान्स के रेड कार्पेट पर लौटीं। जिसके बाद कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में अपने लुक को लेकर ऐश्वर्या राय बच्चन चर्चा में आ गईं। इस बार उनकी ड्रेस से ज्यादा लोगों की नजर उनके मांग में सजे चमकते लाल सिंदूर पर गई। आईवरी रंग की बारीक बुनी बनारसी साड़ी, हाथ से तैयार टिशू का दुपट्टा और गले में 500 कैरेट से ज्यादा माणिक और अनकट हीरों से बना हार, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा हो रही उनके सिंदूर की, जो भारतीयता का प्रतीक बनकर उभरा। ऐश्वर्या की साड़ी मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन की है।

### ऐश्वर्या ने पहले भी पहनी थी साड़ी

इस साल ऐश्वर्या की कान्स में यह 22वीं उपस्थिति रही। साल 2002 में उन्होंने फिल्म देवदास की स्क्रीनिंग के दौरान पहली बार कान्स रेड कार्पेट पर कदम रखा था। उस समय उन्होंने नीता लुल्ला की डिजाइन की हुई पीले-गोल्ड रंग की साड़ी पहनी थी और वह एक रथ में बैठकर पहुंची थीं, जैसे कोई रजवाड़ी राजकुमारी अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने आई हो। उनके साथ शाहरुख खान और निर्देशक संजय लीला भंसाली भी मौजूद थे। साथ ही 2003 में ऐश्वर्या ने कान्स में साड़ी पहनकर अपनी खूबसूरती से जलवा बिखेरा था। खास बात ये है कि ऐश्वर्या का ये लुक ऐसे समय में सामने आया है जब भारत सरकार 33 देशों में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बातचीत करने जा रही है। यह ऑपरेशन 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद शुरू हुआ था। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए 33 देशों में 7 सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रहा है। इसके अलावा, हाल के महीनों में ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन के बीच तलाक की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। ऐसे में उनका यह सिंदूर शायद एक निजी और सार्वजनिक जवाब भी था कि रिश्ते कभी-कभी ग्लैमर से नहीं, परंपरा और विश्वास से टिके रहते हैं।

### सलमान खान के घर में जबरदस्ती घुसा शख्स, कार में छिपकर गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंचा था, सिक्योरिटी ने पुलिस को सौंपा

सलमान खान के घर में जबरदस्ती घुस रहे एक शख्स को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना 20 मई की है। पुलिस के अनुसार, छत्तीसगढ़ का रहने वाला 23 साल का जीतेंद्र कुमार, 20 मई की शाम 7 बजकर 15 मिनट पर गैलेक्सी अपार्टमेंट में घुसा था। सिक्योरिटी से छिपने के लिए वो कार में छिपकर अपार्टमेंट में घुसा था। जितेंद्र सलमान खान से मिलने के लिए गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंचा था। बिल्डिंग में रहने वाले किसी एक व्यक्ति की गाड़ी के पीछे छुपकर उसने बिल्डिंग में घुसने की कोशिश की, जिसे सुरक्षा कर्मियों ने पकड़ लिया।

### सलमान के सिक्योरिटी अफसर ने दर्ज कराई एफआईआर

गैलेक्सी अपार्टमेंट पर सलमान खान की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारी संदीप नारायण की शिकायत पर बांद्रा पुलिस ने स्न्ढ्ढक्र दर्ज की है। इसमें लिखा है कि 20 मई को लगभग 09:45 बजे, एक अज्ञात व्यक्ति को गैलेक्सी अपार्टमेंट बिल्डिंग के आसपास घूमते देखा गया। मैंने उसे समझाया और उस जगह से चले जाने को कहा। इस पर आरोपी ने अपना मोबाइल फोन जमीन पर फेंककर तोड़ दिया। शाम करीब 7:15 बजे वही अज्ञात व्यक्ति फिर गैलेक्सी अपार्टमेंट के मुख्य द्वार पर वापस आया और इमारत में रहने वाले एक व्यक्ति की कार से गेट के अंदर प्रवेश कर गया। मौके पर मौजूद पुलिस कॉन्स्टेबल सुर्वे, महेत्रे, पवार और सुरक्षा गार्ड कमलेश मिश्रा ने तुरंत उसे हिरासत में लिया और बांद्रा पुलिस के हवाले कर दिया।

### एक दिन पहले महिला ने घुसने कोशिश की थी

इसके एक दिन पहले 19 मई को भी ईशा छाबड़ा नाम की महिला ने सिक्योरिटी से छिपकर बिल्डिंग में दाखिल होने की कोशिश की थी। वो देर रात 3 बजकर 30 मिनट पर बिल्डिंग की लिफ्ट तक पहुंच गई थी। सिक्योरिटी गार्ड ने महिला को पकड़कर उसे बांद्रा पुलिस के हवाले कर दिया था। इस मामले की भी जांच जारी है। 14 अप्रैल 2024 को सलमान के घर फायरिंग हुई थी। उसके ठीक एक साल बाद पिछले महीने 14 अप्रैल 2025 को सलमान को फिर एक बार जान से मारने की धमकी मिली थी। मुंबई के वर्ली स्थित ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट में अज्ञात शख्स ने वॉट्सएप मैसेज कर सलमान खान की कार को बम से उड़ाने की बात कही। मैसेज में लिखा था- हम सलमान खान को घर में घुसकर मारेंगे। मुंबई की वर्ली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(2)(3) के तहत शिकायत दर्ज की थी। पिछले साल 14 अप्रैल को सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में फायरिंग हुई थी। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग ने ली थी। इस केस में पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें से एक आरोपी ने खुदकुशी कर ली है।

## कॉमेडियन हर्ष गुजराल ने बिहार को गाली दी:सोशल मीडिया पर हुए ट्रोल; 7 जून को पटना में होने वाले शो के बहिष्कार की उठी मांग

स्टैंडअप कॉमेडियन हर्ष गुजराल ने एक शो के दौरान बिहार को गाली दी है। शो का वीडियो यूट्यूब पर अपलोड होते ही वो सोशल मीडिया पर विवादों में घिर गए हैं। 7 जून को पटना में होने वाले शो के बहिष्कार की मांग उठने लगी है।

हर्ष गुजराल ने यूट्यूब पर जारी किए कॉमेडी वीडियो 'जय हिंद' में बिहार को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए बिहार के लोगों पर तंज कसा है। इसके बाद कई लोगों ने सोशल मीडिया पर आपत्ति जताई है।

### ब्लैकआउट से डरा रहे हैं इंडिया को...

वीडियो में हर्ष गुजराल कह रहे हैं ब्लैकआउट से डरा रहे हैं इंडिया को। बिहार में लोग बाहर ब्लैकआउट देखने आ गए। बिहार से बक्षक्षस कौम नहीं है पूरे देश में। बाहर में एक मिला, कह रहा है कि अंधेरा देखने आए है। एक लौंडे से पूछा ब्लैकआउट पता है, कह रहा है भैया कैच आउट तो सुना है, ये ब्लैकआउट कौन देता। मैंने कहा थर्ड अंपायर। इस टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। सोशल मीडिया यूजर्स ने गुजराल पर बिहार और बिहारियों को अपमानित करने का आरोप लगाते हुए 7 जून को पटना में होने वाले उनके शो का बहिष्कार करने की मांग कर रहे हैं। आयोजक से भी शो कैंसिल करने की मांग की गई है। बता दें कि हर्ष गुजराल का जो बोलता है, वही होता है नामक कॉमेडी टूर 23 मई से 26 जुलाई तक देश के 22 शहरों में आयोजित होने जा रहा है, जिसमें पटना में 7 जून को प्रस्तावित शो है।

## फीमेल कास्टिंग एजेंट ने सैयामी से कहा कॉम्प्रोमाइज करना होगा : तेलुगु इंडस्ट्री का एक्सपीरियंस याद कर बोलीं-19 साल की थी, महिला से ये बात सुन शॉक्ड थी

बॉलीवुड के कई एक्टर्स कास्टिंग काउच का सामना कर चुके हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस सैयामी खेर ने भी कास्टिंग काउच के बारे में बात की। एक्ट्रेस ने बताया साउथ इंडस्ट्री में एक फिल्म में काम करने के बदले उनसे कॉम्प्रोमाइज करने की बात की गई थी। बॉलीवुड बबल को दिए इंटरव्यू में सैयामी खेर ने साउथ इंडस्ट्री में अपने साथ हुए कास्टिंग काउच के अनुभव को शेयर किया। एक्ट्रेस ने बताया- जब वो सिर्फ 19 साल की थीं, तब उन्हें एक तेलुगु फिल्म में भूमिका के लिए कॉम्प्रोमाइज करने के लिए कहा था। सैयामी खेर ने कहा- साउथ इंडस्ट्री की एक फीमेल कास्टिंग डायरेक्टर ने कहा कि फिल्म में काम पाने के लिए कॉम्प्रोमाइज करना पड़ेगा। मैं यह सुनकर शॉक्ड रह गई कि एक महिला कैसे ऐसी बात कर सकती है?



## एक्ट्रेस अथिया शेट्टी ने बॉलीवुड को कहा अलविदा

### पिता सुनील का खुलासा, बोले- एक दिन उसने कहा, बाबा मुझे फिल्में नहीं करनी है

अथिया शेट्टी अब फिल्मों में नहीं दिखेंगी। एक्ट्रेस ने बॉलीवुड से किनारा कर लिया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में पिता सुनील शेट्टी ने खुलासा किया है कि उनकी बेटी ने एक्टिंग की दुनिया को अलविदा कहने का फैसला किया है। सुनील ने बताया कि अथिया ने स्वीकार किया है कि उन्हें फिल्मों में कोई दिलचस्पी नहीं है और उन्होंने फिल्मों से दूर जाने का फैसला कर लिया है।

जूम को दिए एक इंटरव्यू में, सुनील कहते हैं- 'उसने एकदिन मुझसे कहा, बाबा, मैं फिल्में नहीं करना चाहती और वह बस चली गई।' मैं उसे इस बात के लिए सलाम करता हूं कि उसने कहा उसे फिल्मों में कोई दिलचस्पी नहीं है। फिल्म मोतीचूर के बाद, उसके सामने बहुत अछे प्रोजेक्ट आए लेकिन वो नहीं करना चाहती थी।

सुनील ने बेटी की सराहना करते हुए कहा कि इस वक्त वह अपने जीवन की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका यानी मदरहुड पर फोकस करना चाहती हैं। आज उसे अपने लाइफ का सबसे अछा रोल मिला है। वह सबसे अच्छी फिल्म में काम कर रही है, और यही जीवन है। वो एक मां की भूमिका में है और वह इसे बहुत पसंद कर रही है।

अथिया ने साल 2015 में निखिल आडवाणी की रोमांटिक एक्शन फिल्म %हीरो% से अपने करियर की शुरुआत की थी, जिसे सलमान खान ने प्रोड्यूस किया था। इसके दो साल बाद वो अनीस बज्मी की रोमांटिक कॉमेडी मुबारकां में दिखीं, जिसमें अनिल कपूर, अर्जुन कपूर और इलियाना डिक्रूज भी थे। उन्हें आखिरी बार 2019 में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म मोतीचूर में देखा गया था।

उसके बाद से अथिया अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस ने 2023 में क्रिकेटर केएल राहुल से शादी की। इसी साल 24 मार्च को इस जोड़े ने अपनी बेटी इवारा का स्वागत किया है।

## कियारा के बिकिनी लुक पर कमेंट कर बुरे फंसे रामू

### यूजर बोले- उम्र के साथ-साथ इस व्यक्ति का दिमाग खराब हो गया है



डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा अक्सर विवादित बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। कभी- कभी वो ऐसा बयान दे देते हैं, जिसकी वजह से उनकी खूब फजीहत भी होती है। इस बार डायरेक्टर ने कियारा आडवाणी के वॉर 2 बिकिनी लुक पर भद्दा कमेंट किया है, जिस कारण उन्हें ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा है। हालांकि, बाद में उन्होंने कमेंट किया हुआ पोस्ट डिलीट कर दिया।

यशराज बैनर की फिल्म वॉर 2 का टीजर बीते दिनों रिलीज हुआ। 1 मिनट 34 सेकेंड के इस टीजर में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के बीच जबरदस्त एक्शन देखने को मिलता है। वहीं, कियारा आडवाणी ने ङ्घक्रस्न की स्पाई यूनिवर्स में वॉर 2 के जरिए शानदार एंट्री की है। इस बार वह एक नए और बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं। उनके बिकिनी लुक की ज्यादा बातें हो रही हैं।

कुछ सेकेंड के लिए स्क्रीन पर नजर आई कियारा आडवाणी ने फैंस का दिल जीत लिया है और दर्शक कियारा का बिकिनी सीन देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। कियारा आडवाणी का बिकिनी लुक जहां फैंस को पसंद आ रहा है, वहीं राम गोपाल वर्मा ने इस पर एक भद्दा कमेंट कर दिया है, जिस कारण सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया है।

राम गोपाल वर्मा ने वॉर 2 का टीजर देखने के बाद कियारा आडवाणी की एक बिकिनी वाली तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है- देश और समाज की जगह ऋतिक-जूनियर एनटीआर में कियारा आडवाणी के लिए जंग लगी हुई है। वॉर 2 ब्लॉकबस्टर मूवी होगी.... ये पक्का है।

## बड़े पर्दे पर दिखेगी भारत के मिसाइल मैन की कहानी

### धनुष निभाएंगे डॉ. अब्दुल कलाम का रोल, तानाजी फेम ओम राउत करेंगे निर्देशन




कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में एक बेहद खास फिल्म का ऐलान हुआ है। इस फिल्म में भारत के 11वें राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जिंदगी को बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। इस फिल्म में नेशनल अवॉर्ड विनर और साउथ के सुपरस्टार धनुष डॉ. कलाम की भूमिका निभाते नजर आएंगे।

**फिल्म का निर्देशन ओम राउत करेंगे, जिन्होंने तानाजी-** द अनसंग वॉरियर जैसी फिल्म बनाई है। वहीं, फिल्म को अभिषेक अग्रवाल (द कश्मीर फाइल्स फेम) और टी-सीरीज के भूषण कुमार प्रोड्यूस करेंगे।

### रॉकेट साइंटिस्ट से राष्ट्रपति बनने का सफर

गौरतलब है कि डॉ. कलाम का जीवन एक प्रेरणा है। रामेश्वरम के एक सामान्य परिवार से निकलकर उन्होंने इसरो और डीआरडीओ जैसी संस्थाओं में बड़ा योगदान दिया। मिसाइल प्रोग्राम में अहम भूमिका निभाई और भारत को न्यूक्लियर ताकत बनाया। बाद में वे देश के राष्ट्रपति बने और हमेशा लोगों के बीच रहे।

### अब कलाम का किरदार निभाएंगे धनुष

धनुष ने अब तक कई बेहतरीन किरदार निभाए हैं। उनकी असुरन, मारी, वेलैला पट्टाधारी (वीआईपी) जैसी फिल्में साउथ सिनेमा में ब्लॉकबस्टर रही हैं। उन्होंने बॉलीवुड में भी रांझणा में अपने किरदार ने सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने अतरंगी रे में भी काम किया। फिल्म को लेकर ओम राउत का कहना है कि इस फिल्म को बनाना उनके लिए एक कलात्मक चुनौती और सांस्कृतिक जिम्मेदारी है।

### फिल्म की स्क्रिप्ट और मेकिंग

इस फिल्म की स्क्रिप्ट साइविन क्वाड्रास ने लिखी है, जिन्होंने नीरजा, मैदान और परमाणु जैसी बायोपिक लिखी हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म की कहानी में सिर्फ राष्ट्रपति कलाम नहीं, बल्कि एक शायर, शिक्षक और सपने देखने वाले इंसान की झलक भी देखने को मिलेगी।

### प्रोड्यूसर्स का क्या कहना है?

अभिषेक अग्रवाल ने कहा, कलाम जी की कहानी को पर्दे पर लाना हमारे लिए सम्मान की बात है। ये फिल्म हर भारतीय के लिए गर्व का विषय होगी। भूषण कुमार ने भी कहा, ये सिर्फ फिल्म नहीं, एक श्रद्धांजलि है। डॉ. कलाम ने दिखाया कि कैसे सपने, समर्पण और सादगी से एक राष्ट्र बनाया जा सकता है।

## रूमर्ड एक्स और करंट बॉयफ्रेंड संग कांस पहुंचीं जाह्नवी : रेड कार्पेट पर एक्ट्रेस को संभालते दिखे ईशान खट्टर, टूटे हाथ के साथ शिखर ने किया सपोर्ट

जाह्नवी कपूर ने कांस 2025 में अपना डेब्यू किया। इस दौरान एक्ट्रेस के लुक ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। जहां एक तरफ उनके लुक को देखकर लोगों को उनकी मां श्रीदेवी की याद आ गई, वहीं दूसरी तरफ उनके रूमर्ड एक्स बॉयफ्रेंड ईशान खट्टर उन्हें संभालते हुए नजर आए। इतना ही नहीं जाह्नवी के बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया की भी कांस से एक तस्वीर सामने आई, जिसमें उनके हाथ पर चोट दिखाई दे रही है।

जाह्नवी की लुक की तुलना फैंस श्रीदेवी से कर रहे हैं। एक फैंस ने लिखा कि वो सेम टू सेम श्रीदेवी जैसी दिख रही हैं। एक दूसरे फैन ने लिखा कि अगर आज श्रीदेवी होतीं तो उन्हें उन पर गर्व होता।

### फिल्म में कैमियो करते दिखीं जाह्नवी

दरअसल, जाह्नवी यहां अपनी अपकमिंग फिल्म 'होमबाउंड' के लिए पहुंची हैं। 78वें कांस में उनकी फिल्म का प्रीमियर हुआ। इस फिल्म में उनके साथ एक्स बॉयफ्रेंड ईशान खट्टर भी नजर आएंगे। 'होमबाउंड' में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा लीड भूमिका में हैं। वहीं, जाह्नवी कैमियो करते नजर आएंगी।

फिल्म को मसान फेम डायरेक्टर नीरज घायवान ने डायरेक्ट और करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। कांस में इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन में दिखाया गया।



### डेब्यू और प्रीमियर लुक ने खींचा सबका ध्यान

फिल्म 'होमबाउंड' की ऑफिशियल प्रीमियर स्क्रीनिंग के दौरान एक्ट्रेस ने डिजाइनर अनामिका खन्ना का कस्टम डिजाइन कॉस्ट्यूम पहना। जाह्नवी के लुक को रिया कपूर ने स्टाइल किया था। मिंट ग्रीन रंग के इस कॉस्ट्यूम में एम्ब्रॉडी वाले गोल्ड कोर्सेट स्टाइल ब्लाउज था, जिसे स्कर्ट के साथ अटैच किया गया था। जाह्नवी के सेकंड लुक का मुख्य आकर्षण बोल्ड बैकलेस डिजाइन रहा।

वहीं, रेड कार्पेट डेब्यू लुक के लिए उन्होंने ट्रेडिशनल और मॉर्डन टच वाला लहंगा पहना था। इस लहंगे को डिजाइनर तरुण तहिलियानी ने डिजाइन किया था।

# आईपीएल 2025 : प्रियांश आर्या से लेकर वैभव सूर्यवंशी ने किया कमाल, विदेशी खिलाड़ी रह गए रेस में काफी पीछे

नई दिल्ली।

इंडियन प्रीमियर लीग के 18वे सीजन (आईपीएल 2025) का रोचक सफर पूरे शबाब पर है। जहां एक के बाद एक रोमांचक मैच खेले जा रहे हैं। इस मेगा टी20 लीग में मंगलवार तक 62 मैचों का सफर खत्म हो चुका है। यानी अब इस सीजन के खत्म होने में कुछ ही मैच बाकी है। इस सीजन अब तक के सफर में टीम इंडिया के बल्लेबाजों का जबरदस्त बोलबाला देखने को मिला है।

## आईपीएल 2025 में शतक बनाने वाले बल्लेबाज

### ईशान किशन (सनराइजर्स हैदराबाद) - 106*

आईपीएल के इस सीजन का पहला शतक बनाने का कमाल सनराइजर्स हैदराबाद के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन के नाम है। उन्होंने इस सीजन के दूसरे ही दिन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ धमाका करते हुए सिर्फ 45 गेंद में शतक ठोका। उन्होंने इस मैच में 47 गेंद में नाबाद 106 रन बनाए थे।

### प्रियांश आर्या (पंजाब किंग्स) - 103 रन

आईपीएल 2025 के इस सीजन में पंजाब किंग्स के युवा होनहार बल्लेबाज प्रियांश आर्या को कोई नहीं भूल सकता है। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में आकर्षक पारी खेली थी और सिर्फ 39 गेंद में ही शतक ठोक दिया था। प्रियांश आर्या ने 41 गेंद में इस मैच में 103 रन की पारी खेली थी।

### अभिषेक शर्मा (सनराइजर्स हैदराबाद) - 141 रन

आईपीएल के पिछले सीजन में धमाका करने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का बल्ला शुरुआत में खामोश रहा। लेकिन उन्होंने इसके बाद पंजाब किंग्स के खिलाफ एक तूफानी शतक ठोका था। उन्होंने 40 गेंद में शतक बनाया और इस मैच में 55 गेंद में 141 रन की शानदार पारी खेली थी।









### वैभव सूर्यवंशी (राजस्थान रॉयल्स) - 101 रन

राजस्थान रॉयल्स के 14 साल के वैभव सूर्यवंशी के शतक को कोई नहीं भूल सकता है। इस युवा बल्लेबाज ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ धमाकेदार पारी खेलते हुए सिर्फ 35 गेंद में शतक ठोक दिया था। इस मैच में वैभव सूर्यवंशी ने 38 गेंद में 101 रन की पारी खेली थी।

### साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) - 108* रन

गुजरात टाइटंस के युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन का इस आईपीएल सीजन में धमाकेदार प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। वो इस सीजन रनों का अंबार लगा रहे हैं। जहां उन्होंने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी कर 56 गेंद में शतक लगाया। उन्होंने इस मैच में 61 गेंद में नाबाद 108 रन बनाए।

### केएल राहुल (दिल्ली कैपिटल्स) - 112* रन

दिल्ली कैपिटल्स के स्टार बल्लेबाज केएल राहुल का इस सीजन भी काफी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। जहां उन्होंने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार शतक लगाया। इस मैच में केएल राहुल ने 60 गेंद में शतक पूरा किया और इस मैच में वो 65 गेंद में 112 रन बनाकर नाबाद पवेलियन लौटे।

# टॉटेनहॅम हॉटस्पर ने यूरोपा लीग का खिताब जीता

## फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया, ब्रेनन ने मैच का इकलौता गोल किया

बिलबाओ।

टोटनहैम हॉटस्पर ने यूरोपा लीग 2024-25 के फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराकर 17 साल के खिताबी सूखे को समाप्त कर दिया। ब्रेनेन जॉनसन के पहले हाफ में किए गए गोल की बदौलत टोटनहैम ने यह मुकाबला जीता और साथ ही अगले सीजन की चैंपियंस लीग में भी अपनी जगह पक्की कर ली।

**2008 के बाद पहला खिताब, 1984 के बाद पहली यूरोपीय जीत :** यह टोटनहैम का 2008 लीग कप के बाद पहला खिताब है और 1984 के बाद पहली यूरोपीय ट्रॉफी। खास बात यह रही कि इस सीजन में टोटनहैम ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को चार बार हराया है और यह इतिहास में पहली बार हुआ जब उसने एक ही सीजन में यूनाइटेड के खिलाफ चारों मुकाबले जीते हों।

**जॉनसन का गोल बना निर्णायक डिफेंस में चूक से मिला मौका :** 42वें मिनट में टोटनहैम को वह मौका मिला जिसने मुकाबले की दिशा तय कर दी। पेपे सार के क्रॉस पर यूनाइटेड का डिफेंस बिखर गया, वहीं गोलकीपर आंद्रे ओनाना गोललाइन पर जमे रह गए। जॉनसन और ल्यूक शॉ दोनों गेंद तक पहुंचे और गेंद दोनों से लगकर नेट में चली गई।

**यूनाइटेड को बराबरी का मौका नहीं मिला, वैन डी वेन की शानदार क्लियरेंस :** दूसरे हाफ में मैनचेस्टर यूनाइटेड के पास बराबरी का शानदार मौका था, जब रस्मुस होयलुंड का हेडर गोल की ओर जा रहा था, लेकिन मिकी वैन डी वेन ने लाइन पर शानदार क्लियरेंस कर दी। अंतिम क्षणों में भी ल्यूक शॉ का हेडर गोलकीपर विकारियो ने डाइव लगाकर बचा लिया।

**जॉनसन बोले - 17 साल का इंतजार खत्म, अब कोई शिकायत नहीं :** मैच के बाद ब्रेनेन जॉनसन ने कहा, इस सीजन में कुछ खास नहीं रहा, लेकिन आज कोई फर्क नहीं पड़ता। क्लब ने 17 साल से कोई ट्रॉफी नहीं जीती थी। यह जीत बहुत मायने रखती है। फैन्स हमें और टीम को ताने देते हैं, लेकिन हमें यह पहला कदम लेना था। बहुत खुश हूं।

**कोच पोस्टेकोग्लू को मिली राहत, क्लब के भविष्य पर टिकी निगाहें :** इस जीत के साथ ही टोटनहैम के कोच एंज पोस्टेकोग्लू के लिए यह एक बड़ी राहत लेकर आई है। खराब प्रीमियर लीग सीजन के बावजूद यह जीत उनके भविष्य को सुरक्षित करने में मदद कर सकती है। लीग में 21 हार झेल चुकी टीम के लिए यह खिताब उम्मीद की नई किरण साबित हुआ है। टॉटेनहॅम ने 17 साल बाद कोई मेजर ट्रॉफी जीती है। टीम ने अपना पिछला बड़ा खिताब 2008 में जीता था, जब उन्होंने लीग कप अपने नाम किया था।

**जीत का महत्व :** प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहम हॉस्टपर दोनों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 37 मैचों में 39 पॉइंट के साथ यूनाइटेड 16वें और इतने ही मैच में 38 पॉइंट के साथ हॉस्टपर 17वें नंबर पर है। 20 टीमों की इस लीग में आखिरी तीन नंबर पर रहने वाली टीमों को अगले सीजन में खेलने का मौका नहीं मिलता।



### मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए निराशाजनक सीजन, यूरोपीय फुटबॉल से बाहर होने का खतरा

दूसरी ओर, मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए यह हार इस सीजन की गहरी निराशा का हिस्सा बन गई है। प्रीमियर लीग में भी टीम 16वें स्थान पर है और अब अगले सीजन में यूरोपीय फुटबॉल से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। कोच रूबेन अमोरिम के सामने टीम को फिर से खड़ा करने की बड़ी चुनौती होगी।

### टोटनहैम की ऐतिहासिक जीत, 41 साल बाद यूरोप में चखा जीत का स्वाद

बिलबाओ की गर्म रात में जब टोटनहैम के खिलाड़ी और फैंस जश्न मना रहे थे, तो यह सिर्फ एक ट्रॉफी नहीं थी, बल्कि 41 साल की यूरोपीय प्रतीक्षा का अंत था। क्लब और उसके समर्थकों के लिए यह जीत एक नई शुरुआत की तरह है।

# इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान

## 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को मौका, आयुष म्हात्रे को कप्तानी सौंपी गई



नई दिल्ली।

इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का ऐलान हो गया है। बीसीसीआई ने गुरुवार को 16 मेंबर्स स्क्वॉड का ऐलान किया। इस दौरे पर भारतीय टीम 24 जून से 23 जुलाई तक एक वॉर्म-अप, पांच वनडे और दो मल्टी-डे मैच खेलेगी। इस टूर के लिए 17 साल के आयुष म्हात्रे को भारतीय टीम की कमान दी गई है। वहीं 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। वैभव और आयुष दोनों ने ही आईपीएल के इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया है। सूर्यवंशी ने महज 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल में सबसे कम उम्र का शतक लगाकर खूब ध्यान आकर्षित किया था। पिछले साल की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 1.1 करोड़ रुपये में खरीदा था। इस सीजन में उन्होंने सात मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक की मदद से कुल 252 रन बनाए हैं। वहीं, म्हात्रे को चेन्नई सुपर किंग्स की टीम में कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की चोट के कारण मध्य सीजन में शामिल किया गया था। 17 वर्षीय मुंबई के इस सलामी बल्लेबाज ने छह मैचों में 206 रन बनाए हैं, जिनमें एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 94 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी भी शामिल है। उन्होंने चेन्नई की कमजोर बल्लेबाजी इकाई को मजबूती दी है। यह जोड़ी पिछले साल यूएई में हुए अंडर-19 एशिया कप में भारत की उपविजेता टीम का भी हिस्सा थी। अन्य प्रमुख चयनकर्ताओं में पंजाब के बल्लेबाज विहान मल्होत्रा और केरल के लेग स्पिनर मोहम्मद एनान शामिल हैं, जिन्होंने 2024 की युवा श्रृंखला में चेन्नई और पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

### वैभव ने एक शतक लगाया

आयुष और वैभव दोनों का ही यह पहला आईपीएलसीजन है। आयुष ने आईपीएल 2025 के 6 मैचों में 206 रन बनाए। जहां उनका एवरेज 34 .33 का है और स्ट्राइक रेट 187 .27 का है। वहीं वैभव सूर्यवंशी ने 7 मुकाबलों में 252 रन बनाए और उनका एवरेज 36 तो स्ट्राइक रेट 206 .55 दर्ज किया गया। वैभव ने इस दौरान एक शतक और एक अर्धशतक लगाया।

### म्हात्रे ने मुंबई के लिए नौ फर्स्ट क्लास मैच खेले

चेन्नई सुपर किंग्स ने कप्तान ऋतुराज गायकवाड की जगह मुंबई के 17 साल के ओपनर आयुष को टीम में शामिल किया था। म्हात्रे ने मुंबई के लिए नौ फर्स्ट क्लास मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने दो शतक और एक अर्धशतक बनाया है। उन्होंने सात लिस्ट ए मैचों में मुंबई का प्रतिनिधित्व भी किया, जिसमें नागालैंड के खिलाफ उनका उच्चतम स्कोर 181 था। इसके अलावा विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान सौराष्ट्र के खिलाफ उन्होंने 148 रन बनाए थे। म्हात्रे को 2024 में खेले गए अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने 3 मैचों में 55 रन बनाए थे।

### भारत की इंग्लैंड दौरे के लिए अंडर-19 टीम

आयुष म्हात्रे (कप्तान), अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युद्धजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मो. एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह। **स्टैंडबाय :** नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)।

# लखनऊ में फिर चलेगा फिरकी का जादू या बल्लेबाजों का रहेगा बोलबाला

नई दिल्ली।

आईपीएल 2025 का लीग चरण अब अंतिम मोड़ पर है। आज लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी अंतरराष्ट्रीय इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लीग चरण का महत्वपूर्ण मुकाबला आरसीबी और एसआरएच के बीच खेला जाएगा। भले ही एसआरएच के लिए ये मैच अहम ना हो, लेकिन आरसीबी के लिए क्वालीफायर 1 में जगह बनाने के लिए ये मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है। बेंगलुरु की टीम इस मैच को हर हाल में जीतना चाहेगी, ताकि टॉप-2 में रहते हुए लीग चरण को खत्म कर सके। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को शामिल किया है क्योंकि वह राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण आईपीएल प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा। न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाने वाले सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे। वह दो करोड़ रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगे। बयान में कहा गया





है, ''रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम सिफर्ट से करार किया है क्योंकि जैकब बेथेल 23 मई 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के लीग चरण के मैच के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए 24 मई 2025 को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे।'' बेथेल का आरसीबी के साथ आखिरी मैच शुक्रवार को होगा जब टीम सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। उनका अंतिम लीग मैच 27 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होगा। पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस प्ले-ऑफ में जगह बनाने वाली अन्य टीमें हैं। लखनऊ के इकाना स्टेडियम की पिच की बात करें तो पिछले कुछ वर्षों में यहां परिस्थितियां काफी बदली हैं। इस स्टेडियम में काली और लाल मिट्टी की 9 पिच बनाई गई हैं, जिसके चलते कभी हाई तो कभी लो स्कोरिंग मैच देखने को मिलते हैं। लाल मिट्टी के विकेट पर तेज गेंदबाजों को ज्यादा उछाल और गति मिलती है। इसके चलते बल्लेबाजों के लिए मदद रहती है। वहीं, काली मिट्टी की पिचों पर गेंद फंसकर आती है और स्पिन गेंदबाजों के लिए टर्न भी अधिक रहता है। आईपीएल के इस सीजन की बात करें तो यहां दूसरी पारी में ओस सबसे बड़ा फैक्टर रहा है। दूसरी पारी में गेंदबाजों को गेंद ग्रिप करने में मुश्किल होती है, जिसका फायदा बल्लेबाजों को मिलता है। ऐसे में यहां टॉस भी महत्वपूर्ण भूमिका में रहेगा। टॉस जीतने वाली टीम का कप्तान पहले यहां गेंदबाजी का विकल्प चुनना पसंद करेगा।

### आरसीबी बनाम एसआरएच हेड टू हेड रिकॉर्ड

इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो इन दोनों टीमों का आमना-सामना कुल 25 बार हुआ है। जिसमें से आरसीबी आरसीबी ने 11 मैचों जीत दर्ज की है तो वहीं एसआरएच 13 मैच अपने नाम किए हैं। जबकि एक मैच बेनतीजा रहा है। इस तरह अभी तक हैदराबाद का पलड़ा थोड़ा भारी है।

### सनराइजर्स हैदराबाद टीम


अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, हेनरिक क्लासेन, अनिकेत वर्मा, कामिंडु मेंडिस, पैट कमिंस (कप्तान), हर्षल पटेल, हर्ष दुबे, जीशान अंसारी, ईशान मलिंगा, मोहम्मद शमी, अथर्व तायदे, सचिन बेबी, अभिनव मनोहर, सिमरजीत सिंह, जयदेव उनादकट, ट्रैविस हेड, राहुल चाहर, स्मरण रविचंद्रन।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम

रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जैकब बेथेल, विराट कोहली, मयंक अग्रवाल, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, लुंगी एनगिडी, यश दयाल, सुयश शर्मा, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, लियाम लिविंगस्टोन, स्वप्निल सिंह, फिलिप साल्ट, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह, नुवान तुषारा, जोश हेज़लवुड।

ज़िन्दगी में सबसे ज्यादा खुश वही रहता है जो कम साधनो में भी खुश रहता है..

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# जयशंकर बोले- पाकिस्तानी आर्मी चीफ मुनीर धार्मिक कट्टरपंथी

## उनके भाषण के 5 दिन बाद पहलगाम हमला हुआ; पाक सरकार और सेना आतंकवाद में शामिल

बढ़ता राजस्थान

**एम्सटर्डम ( एजेंसी )।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर को धार्मिक कट्टरपंथी बताया है। उन्होंने गुरुवार को एक डच समाचार पत्र डे वोल्क्सक्रांत को दिए इंटरव्यू में कहा कि पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के विचारों और व्यवहार में धार्मिक कट्टरता साफ नजर आती है।

मुनीर यह दिखावा न करें कि वे आतंकवाद से पीड़ित हैं। पाकिस्तान सरकार और सेना सीमा पार आतंकवाद में पूरी तरह शामिल है।

जयशंकर ने असीम मुनीर के भाषण का भी जिक्र किया। इसमें उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान के लिए गले की नस बताया था। मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान के लोग कभी भी यह नहीं भूल सकते कि वे हिंदुओं से अलग हैं।

मुनीर ने बच्चों को जिन्ना के दो-राष्ट्र सिद्धांत की कहानी सुनाने की वकालत की थी, ताकि वे समझ सकें कि बंटवारा क्यों हुआ था। इस घटना के 5 दिन बाद ही पहलगाम आतंकी हमला हुआ।

जयशंकर ने कहा- पहलगाम में हुआ हमला एक बर्बर कृत्य था, जिसका मकसद कश्मीर में टूरिज्म को नुकसान पहुंचाना और धार्मिक विवाद को भड़काना था। जयशंकर ने पाकिस्तान को आतंकवाद का केंद्र बताया। उन्होंने कहा वहां एक्टिव आतंकी गुटों को पाकिस्तानी सरकार से सपोर्ट मिलता है।

### जयशंकर बोले- भारत-पाकिस्तान ने आपसी बातचीत से गोलीबारी रोकी

नीदरलैंड्स की मीडिया को दिए इंटरव्यू में जयशंकर ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सीधे बातचीत हुई थी।


उन्होंने बताया कि भारत ने सभी देशों को यह साफ बोल दिया था कि अगर पाकिस्तान गोलीबारी बंद करना चाहता है, तो उसे भारत के जनरल को फोन करके यह बताना होगा।

अमेरिका की जंग रोकने में भूमिका के सवाल पर जयशंकर ने कहा कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हो रहा था, अमेरिका समेत कई देशों ने समझौते की कोशिश की थी।

अमेरिका सिर्फ अकेला ऐसा देश नहीं था। कुछ और देश भी बातचीत कर रहे थे, लेकिन मैं यह साफ करना चाहता हूं कि गोलाबारी रोकने का फैसला भारत और पाकिस्तान ने आपसी बातचीत के बाद लिया।



# अमेरिका के सैन डिएगो में विमान हादसा, 15 घरों में लगी आग कई लोगों की मौत की आशंका



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य के सैन डिएगो शहर के मर्फी कैन्यन इलाके में गुरुवार सुबह एक छोटा विमान क्रैश हो गया। यह हादसा टिएरासांता के पास स्कल्पिन स्ट्रीट और सांतो रोड के बीच हुआ। विमान गिरते ही धमाके के साथ आग लग गई जिससे कम से कम 15 घरों में भीषण आग फैल गई। इस हादसे में कई लोगों के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। सैन डिएगो पुलिस विभाग ने एक्स पर पोस्ट करके लोगों से इस इलाके से दूर रहने की अपील की है। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।

**क्या रही हादसे की वजह?**

दमकल विभाग के असिस्टेंट चीफ डैन एडी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि हादसे के बाद इलाके में जेट फ्यूल चारों तरफ बिखरा पड़ा है और मकसद यही है कि हर घर को चेक करके लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जाए। उन्होंने बताया कि विमान गिरने के समय इलाके में घना कोहरा था और सामने देखना भी मुश्किल हो रहा था।

विमान की पहचान सेसना 550 के रूप में हुई है जो मोंटगोमरी-गिब्स एग्जीक्यूटिव एयरपोर्ट की तरफ जा रहा था। हादसे की जांच अब फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) और नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) की साझा टीम करेगी। हादसे की वजह से सैल्मन, सैंपल और स्कल्पिन स्ट्रीट पर रहने वालों को तत्काल इलाके से बाहर निकाला गया है। शील्ड्स स्ट्रीट पर स्थित मिलर एलीमेंट्री स्कूल को अस्थायी राहत केंद्र बना दिया गया है।

# नहरी किसानों के साथ अन्याय कर रही सरकार, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के किसान पानी को तरस रहे : जूली

जयपुर । बढ़ता राजस्थान

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने नहरी क्षेत्र के किसानों को पानी नहीं मिलने के मुद्दे पर सरकार पर निशाना साधा है। जूली ने एक्स पर लिखा- हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर के किसान खरीफ की बुवाई के लिए नहरों से पानी की गंभीर किल्लत का सामना कर रहे हैं। जिलों की गंगनहर, आईजीएनपी और भाखड़ा नहर जैसी प्रमुख सिंचाई व्यवस्थाओं से किसानों को पानी नहीं दिया जा रहा है। यह अन्नदाता के साथ अन्याय है। जूली ने लिखा- मुख्यमंत्री आपने डेढ़ महीने पहले गंगानगर-हनुमानगढ़ दौरे में किसानों से वादा किया था कि 3400 करोड़ की लागत से आईजीएनपी के सुदृढ़ीकरण के काम करवाए जाएंगे। खालों और नहरों की समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा। लेकिन आज किसान नहरों की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष कर रहा है, और आपके वादे कागजों से आगे नहीं बढ़े। जूली ने लिखा- जब प्रदेश का मुखिया जनता से कोई वादा करता है तो जनता उसे केवल शब्द नहीं समझती है। वो समझती है की यह सरकार का एक वचन है। आपने इस वचन को तोड़ा है।

# कोटा-भीलवाड़ा समेत 6 जिलों में आंधी-बारिश

## 7 शहरों में तापमान 45 डिग्री के पार; श्रीगंगानगर में सबसे ज्यादा गर्मी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में गर्मी और लू का कहर गुरुवार को भी जारी रहा। गुरुवार को प्रदेश के 7 शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा गर्मी गंगानगर में रही। जैसलमेर, बीकानेर, चूरू, बाड़मेर में भी बुधवार को भी भीषण गर्मी का प्रकोप रहा था। इधर, झालावाड़, बारां, बूंदी, कोटा, चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा में देर शाम बारिश हुई। मौसम विभाग ने 23 मई को भी प्रदेश के 3 शहरों में गर्मी का रेड अलर्ट, एक जिले में ऑरेंज अलर्ट और 12 जिलों में येलो जारी किया है। इसके साथ 19 जिलों में आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा तापमान 47.3 डिग्री सेल्सियस गंगानगर में दर्ज हुआ। लगातार दूसरा दिन रहा जब गंगानगर में पारा 47 डिग्री सेल्सियस के पार गया। यहां सुबह से ही लू चली, जो शाम तक जारी रही। गंगानगर के अलावा जैसलमेर में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस, बाड़मेर में 45.8, बीकानेर में 46.6, चूरू में 46.1, फलौदी में 45, पिलानी में 45.3 और टोंक के पास वनस्थली में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने आज हीट वेव का येलो अलर्ट और कल (शुक्रवार) रेड अलर्ट जारी किया है। दोपहर में लोग घरों से कम निकल रहे हैं, जरूरी काम होने पर चेहरा ढककर निकल रहे हैं। भीषण गर्मी के कारण सड़कें और बाजार सूने हो गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन जिले में हीट वेव और तापमान 47 डिग्री तक जाने की आशंका है। धौलपुर जिले में बुधवार रात को आंधी-तूफान से बरेठा खुर्द गांव में एक पेड़ टूट कर गिर गया। - जिसके नीचे दबने से महिला राजकुमारी 36 पत्नी रामनाथ ठाकुर निवासी बरेठा खुर्द की मौत हो गई। -धौलपुर जिले में देर रात को आंधी तूफान से कई जगह बिजली के पोल गिर गए। महिला की मौत के बाद शव के पास बैठे परिजन। चौमूं में देर रात अचानक मौसम बदला और तेज अंधड़ चलने लगा। इस दौरान दुकानों के बाहर लगे पर्दे बिजली के तार के संपर्क में आ गए। जिसकी वजह से तेज धमाके के साथ शॉर्ट सर्किट हुआ।

पिछले 24 घंटे का मौसम देखे तो राजस्थान के अधिकांश हिस्से तेज धूप और हीटवेव की चपेट में रहे। सबसे ज्यादा तापमान गंगानगर में 47.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पिलानी में अधिकतम तापमान 47.2 डिग्री सेल्सियस, चूरू में 46.8 और बीकानेर में 46.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इन शहरों में आज जबरदस्त गर्मी रही, जिसके चलते यहां अघोषित कर्फ्यू जैसी स्थिति रही। भीषण गर्मी को देखते हुए उत्तर और पूर्वी राजस्थान के सभी शहरों में स्थानीय प्रशासन ने पानी का छिड़काव करवाया।



### इन शहरों में गिरा पारा, गर्मी से मामूली राहत

जयपुर में गुरुवार को पूरे दिन आसमान साफ रहा, लेकिन तापमान 2 डिग्री गिरकर 42.8 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। अलवर में तापमान 5 डिग्री गिरकर 40 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। चित्तौड़गढ़ में अधिकतम तापमान 42.4, उदयपुर में 38.3 और भीलवाड़ा में 41.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। इन सभी शहरों में तापमान में 1 से लेकर 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई।

### इन जिलों में बदला मौसम, आंधी-बारिश से राहत

झालावाड़, बारां, बूंदी, कोटा, चित्तौड़गढ़ के साथ भीलवाड़ा में दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। यहां शाम को बादल छाए और तेज आंधी चली। इसके साथ कई जगह बारिश हुई, जिससे यहां लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने 23 मई को भी इन जगहों पर आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

### उदयपुर में बादल छाए

उदयपुर में उमस से लोग परेशान रहे। दोपहर में आसमान में बादल छाए, लेकिन थोड़ी देर बाद धूप भी निकल गई । सड़कों पर आज भी सन्नाटा रहा, बाजारों में भी दोपहर के समय लोगों की भीड़ कम रही। उमस के चलते कूलर और एसी के बीच लोग बाहर निकलने की बजाय घरों में ही रहे। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उदयपुर का अधिकतम तापमान 37 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने उदयपुर में येलो अलर्ट जारी किया है।

### भीलवाड़ा में आंधी-बारिश

भीलवाड़ा में गुरुवार शाम 5 :30 बजे मौसम बदल गया। आंधी के बाद बारिश शुरू हो गई। बरसात होने से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। इस बीच अंधड़ से कई इलाकों में पेड़ भी गिर गए। फिलहाल जिले के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी है।

### दोपहर में घरों से बाहर नहीं निकलने की अपील

पाली में झुलसाने वाली गर्मी जारी है। उमस और तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया है। लोग रूमाल-स्कार्फ से चेहरा और सिर ढक कर निकल रहे हैं। दोपहर में सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम रही। लोग आम, गन्ना जूस और लस्सी पीकर राहत पाने का जतन करते दिखे। जिला प्रशासन ने अपील की है कि दोपहर 12 से 3 बजे तक अपने घरों में रहें, जिससे लू की चपेट में आने से बच सकें। मौसम विभाग के अनुसार- पाली में गुरुवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री दर्ज किया गया है।

# विदेश मंत्रालय बोला- बातचीत और आतंकवाद साथ नहीं

### तुर्किये से कहा- पाकिस्तान को समझाए कि आतंक का साथ न दे; पाकिस्तान से केवल द्विपक्षीय बातचीत

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक बार फिर भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के दावे पर भारत के विदेश मंत्रालय का बयान आया। वीकली प्रेस ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी संबंध द्विपक्षीय होना चाहिए, बातचीत और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। तुर्किये पर विदेश मंत्रालय ने कहा- हम उम्मीद करते हैं कि तुर्किये, पाकिस्तान से कहेगा कि वह सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करे और उस आतंकी ढांचे के खिलाफ ठोस कदम उठाए, जिसे उसने दशकों से पनाह दे रखी है। द्विपक्षीय रिश्ते एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर ही बनते हैं। जायसवाल ने ये भी कहा कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक पाकिस्तान, आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता। जैसा कि ॡ ने कहा है- पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते। व्यापार और आतंकवाद भी एक साथ नहीं चल सकते। इधर, जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ के सिंहपोरा और छतरू इलाके में गुरुवार सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से फायरिंग हुई, जिसमें सेना का एक जवान घायल हो गया।

# जयपुर में बैठकर करोड़ों का साइबर फ्रॉड, 7 अरेस्ट

## 80 बैंक अकाउंट किए सीज, ऑनलाइन गेमिंग साइट पर लगवाते सट्टा

**जयपुर।** जयपुर में बैठकर करोड़ों रुपए का साइबर फ्रॉड करने वाले 7 क्रिमिनल्स को बिंदायका पुलिस ने अरेस्ट किया है। पुलिस ने साइबर शील्ड के तहत कार्रवाई कर 80 बैंक अकाउंट को सीज किया है। ऑनलाइन गेमिंग साइट पर साइबर क्रिमिनल ऑनलाइन सट्टा लगवाते थे। पुलिस ने बड़ी संख्या में आरोपियों के कब्जे से इलेक्ट्रॉनिक्स डिवाइस जब्त की है। डीसीपी (वेस्ट) अमित कुमार ने बताया- साइबर फ्रॉड में आरोपी चक्रवर्ती सिंह चौहान (30) निवासी नाणा पाली हाल संपदा गांधी पथ बिंदायका, भूपेन्द्र सिंह (29) निवासी नाणा पाली हाल गांधी पथ बिंदायका व प्रतीक सुथार (26) निवासी कानोर उदयपुर हाल गांधी पथ बिंदायका और भावेश शर्मा (35) निवासी नाथद्वारा राजसमंद हाल गांधी पथ बिंदायका, हेमेंद्र सिंह चौहान (22) निवासी भादसोदा चित्तौड़गढ़ हाल गांधी पथ बिंदायका, कमलेश पटेल (20) निवासी जलार सलूंबर हाल गांधी पथ बिंदायका व सोहन सिंह (29) निवासी कुरावड़ उदयपुर हाल गांधी पथ बिंदायका को अरेस्ट किया है।




# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**

- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**

- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# राहुल बोले- मोदी जी खोखले भाषण देना बंद कीजिए

## आपका खून सिर्फ कैमरे के सामने क्यों गरम होता है; पीएम का वीडियो भी शेयर किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी से 3 सवाल किए हैं। ये आतंकवाद, पाकिस्तान के बयान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता के दावे पर हैं।

राहुल ने अपनी ङ्ग पोस्ट में पूछे सवालों के साथ पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन की वीडियो क्लिप भी अपनी जोड़ी है।

इसमें पीएम मोदी कहते सुनाई दे रहे हैं- पाकिस्तान की तरफ से जब ये कहा गया कि उसकी ओर से आगे कोई आतंकी गतिविधि और सैन्य दुस्साहस नहीं दिखाया जाएगा तो भारत ने भी उस पर विचार किया।

राहुल ने ङ्ग पोस्ट में लिखा- मोदी जी खोखले भाषण देना बंद कर दीजिए। सिर्फ इतना बताइए...आपने भारत के सम्मान से समझौता कर लिया।

### राहुल के पीएम से 3 सवाल...

- आतंकवाद पर आपने पाकिस्तान की बात पर भरोसा क्यों किया ?
- ट्रंप के सामने झुककर आपने भारत के हितों की कुर्बानी क्यों दी ?
- आपका खून सिर्फ कैमरों के सामने ही क्यों गरम होता है ?



### बीकानेर में पीएम ने कहा- मेरी रगों में खून नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा

राहुल गांधी का ये बयान पीएम मोदी के गुरुवार को राजस्थान के बीकानेर में दिए बयान के बाद आया। पलाना इलाके सभा के दौरान पीएम ने कहा- पाकिस्तान भारत से कभी सीधी लड़ाई नहीं जीत सकता। इसलिए आतंकवाद को भारत के खिलाफ हथियार बनाया है। पाकिस्तान एक बात भूल गया कि अब मां भारती का सेवक मोदी यहां सीना तानकर खड़ा है। मोदी का दिमाग ठंडा है, ठंडा रहता है, लेकिन मोदी का लहू गर्म है। अब तो मोदी की नसों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है।

### जयराम रमेश बोले- बीकानेर में पीएम के खोखले फिल्मी डायलॉग

पीएम मोदी की बीकानेर की सभा पर कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने ट्वीटर पोस्ट में लिखा- आज बीकानेर में सार्वजनिक रैलियों में भव्य, लेकिन खोखले फिल्मी डॉयलॉग फेंकने के जगह प्रधानमंत्री को उनसे पूछे जा रहे गंभीर सवालों का जवाब देना चाहिए।

जयराम ने सवाल किया- पहलगाम के क्रूर हत्यारे अभी भी क्यों खुले हैं। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक ये आतंकी बीते 18 महीने में पुंछ, गगनगीर और गुलमर्ग में आतंकी हमलों के लिए जिम्मेदार थे। पीएम मोदी ने किसी भी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता क्यों नहीं की और विपक्षी दलों को विश्वास में क्यों नहीं लिया ?

रमेश ने कहा- पीएम मोदी ने 22 फरवरी 1994 के सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव को दोहराने और इसे अपडेट करने के लिए संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया, जबकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन-पाकिस्तान के बीच गहरी सांठगांठ स्पष्ट थी ? आप पिछले दो हफ्तों में राष्ट्रपति ट्रम्प और अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो के अमेरिकी भूमिका पर बार-बार किए जा रहे दावों पर क्यों चुप रहे ?